वर्ष-31, अंक- 241, पृष्ठ-12 | असाढ़ कृष्ण पक्ष 07, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
18 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर





# पलामू जोन में नक्सल विरोधी अभियान को लेकर हाईलेवल बैठक, टॉप कमांडरों को टारगेट करने की रणनीति तैयार

● बिहार-झारखंड पुलिस व केंद्रीय बलों के शीर्ष अधिकारियों ने की गहन मंथन, अंतरराज्यीय टास्क फोर्स गठन की पुष्टि

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मई महीने में पलामू जोन में नक्सलियों के विरुद्ध की गई सफल कार्रवाई के बाद सुरक्षा बल अब बचे हुए शीर्ष नक्सली कमांडरों पर फोकस कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को पलामू के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुनील भास्कर की अध्यक्षता में झारखंड और बिहार के शीर्ष पुलिस अधिकारियों तथा केंद्रीय सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई।



बैठक में नक्सलियों और संगठित अपराधियों के खिलाफ साझा रणनीति, आगामी अभियान और निगरानी व्यवस्था को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम, सीआरपीएफ के डीआईजी पंकज कुमार, एसएसबी गया के डीआईजी मनवेंद्र नेगी, पलामू एसपी रीष्मा रमेशन, गढ़वा एसपी अमन कुमार, लातेहार एसपी कुमार गौरव सहित सीआरपीएफ व पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। आईजी ने यह भी कहा कि नक्सल संगठनों के शीर्ष कमांडरों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने की प्रक्रिया जारी है, साथ ही उनके खिलाफ विशेष रणनीति के तहत दबाव बनाया जा रहा है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों में लंबित मामलों और वारंटों के निष्पादन शेष पेज 11 पर...

### बचे नक्सलियों के खिलाफ अंतरराज्यीय संयुक्त अभियान शुरू होगा

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि झारखंड और बिहार की सीमा से सटे इलाकों में सक्रिय बचे हुए नक्सलियों के खिलाफ इंटर-स्टेट और इंटर-डिस्ट्रिक्ट विशेष टास्क फोर्स गठित कर प्रभावी अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में सीमावर्ती क्षेत्रों के समन्वय को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि नक्सली किसी भी राज्य की सीमा का लाभ उठाकर भागने में सफल न हो सकें। आईजी सुनील भास्कर ने बताया कि बैठक में नक्सलियों के अतिरिक्त उन अपराधियों पर भी विशेष निगरानी रखने का निर्णय लिया गया है, जो हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आए हैं। ऐसे लोगों की गतिविधियों की लगातार मॉनिटरिंग के साथ आवश्यक कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## एक नजर

### पहली बारिश में वज्रपात से 4 की गई जान, दो घायल

**रांची।** झारखंड में मंगलवार को मानसून की एंट्री हो गई। मानसून की दस्तक के साथ हुई झमाझम बारिश के दौरान वज्रपात से पलामू और गढ़वा जिले में चार लोगों की मौत हो गई। एक बच्ची समेत दो लोग घायल भी हो गए हैं। पलामू में जहां मां-बेटी की मौत हो गई, वहीं गढ़वा में दो की मौत और दो लोग घायल हो गए हैं।

**पलामू और गढ़वा में वज्रपात का कहर :** पलामू जिले के चैनपुर के चांदो गांव में जोरदार बारिश हुई। इस दौरान वज्रपात से मां-बेटी की मौत हो गई। गढ़वा जिले के बिशनपुर थाना क्षेत्र में मानसून की पहली बारिश के साथ हुए वज्रपात में ईंट भट्ठा की महिला मजदूर की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची समेत दो लोग घायल हो गए हैं। गढ़वा जिले के रमना थाना क्षेत्र के चुन्दी के केवाल टोला निवासी 62 वर्षीय लखन भुइयां की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गई। गढ़वा जिले के बिशनपुर थाना क्षेत्र के अमहर गांव में मंगलवार को आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई। इस दौरान वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा समेत दो लोग घायल हो गए हैं। मृतका लातेहार थाना क्षेत्र के सोहर गांव के मान कुंवर की पत्नी मंजू देवी बताई जा रही है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

# शराब घोटाला मामले में एसीबी की बड़ी कार्रवाई, एक और आईएएस गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में हुए शराब घोटाले में एसीबी ने एक और बड़ी कारवाई की है। एसीबी ने पूर्व उत्पाद कमिश्नर अमित प्रकाश को शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को अमित प्रकाश से दिन भर पूछताछ के बाद देर शाम उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अमित प्रकाश दिसंबर 2024 तक उत्पाद विभाग में आयुक्त के साथ साथ जेएसबीसीएल के एमडी के प्रभार में रहे थे।

**सदर में हुआ मेडिकल :** एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व आईएएस अधिकारी और तत्कालीन उत्पाद कमिश्नर अमित प्रकाश को शराब घोटाले में गिरफ्तार कर लिया गया है। विनय चौबे के बाद अमित प्रकाश दूसरे आईएस है जिनकी गिरफ्तारी शराब घोटाला मामले में की गई है। पूर्व आईएएस अधिकारी अमित प्रकाश को 13 जून को पूछताछ के बाद मंगलवार को भी एसीबी ने बुलाया था। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने के बाद अमित प्रकाश को एसीबी की विशेष अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया। उससे पहले पूरे दिन पूछताछ के बाद एसीबी के सवालों का अमित जवाब नहीं दे पाए। एसीबी ने जांच में पाया है कि अमित प्रकाश के कार्यकाल में प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए खुदरा दुकानों में शराब बिक्री के अनुपात में काफी कम राशि जमा करायी गई थी।



### पहले अप्राथमिक अभियुक्त बने अमित

एसीबी ने शराब घोटाले में पूर्व उत्पाद आयुक्त विनय कुमार चौबे, संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह समेत 12 लोगों को नामजद आरोपी बनाया था। इस केस में एसीबी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एसीबी ने जांच के बाद इस केस में अमित प्रकाश को पहला अप्राथमिक अभियुक्त बनाया है।

### कार्यकाल में 70 करोड़ की अनियमितता

एसीबी ने जांच में पाया है कि अमित प्रकाश के एमडी रहने के दौरान शराब की बिक्री का घाटा बढ़कर 70 करोड़ हो गया था। दिसंबर 2024 तक अमित प्रकाश पद पर रहे थे। इस दौरान हुए अनियमितता का आंकलन एसीबी ने किया है। एसीबी ने जांच में पाया है कि अमित प्रकाश के पास बैंक गारंटी को इनकैश कर जेएसबीसीएल के खाते में पैसा जमा कराने का अधिकार था, लेकिन उन्होंने इस दिशा में पद पर रहते हुए कोई कदम नहीं उठाया। मंगलवार को पूछताछ के दौरान अमित प्रकाश ने एसीबी के सवालों पर टालमटोल किया, साथ ही उनके द्वारा अनुसंधान में सहयोग नहीं किया गया।

झारखंड हाईकोर्ट का राज्य सरकार को निर्देश

## आधुनिक टेक्नोलॉजी के जरिए भूमि सर्वेक्षण का कार्य तेजी से पूरा करें

एजेंसी

**रांची (आईएएनएस)।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य की सरकार को भूमि सर्वेक्षण का कार्य आधुनिक टेक्नोलॉजी के जरिए तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया है।

चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने मंगलवार को एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से भूमि सर्वे नई टेक्नोलॉजी के जरिए अपडेट करने के कार्य की प्रगति पर जानकारी मांगी। इस पर झारखंड सरकार की ओर से बताया गया कि भूमि सर्वेक्षण की नई टेक्नोलॉजी की जानकारी लेने और इसकी बारीकियां सीखने के लिए तीन टीमों को बिहार, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक भेजा जा रहा है। एक टीम ने हाल में आंध्र प्रदेश में भूमि सर्वे की टेक्नोलॉजी पर कॉन्फ्रेंस में भाग लिया है। इसके बाद झारखंड में भी आधुनिक तकनीक आधारित फॉर्मूले पर काम किया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि सरकार इस प्रक्रिया में तेजी लाए। इस मामले में अगली सुनवाई 16 सितंबर को निर्धारित करते हुए कोर्ट ने कार्य प्रगति से अवगत कराने का निर्देश दिया है। झारखंड में भूमि सर्वेक्षण कराने और इसके रिकॉर्ड



को अपडेट करने की मांग को लेकर गोकुल चंद नामक शख्स ने जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 1932 में भूमि का सर्वे हुआ था। इसके बाद झारखंड में 1975 से भूमि सर्वे की प्रक्रिया शुरू हुई थी, जो अब तक पूरी नहीं हो पाई है। भूमि का रिकॉर्ड अपडेट नहीं होने के कारण रैयतों को काफी परेशानी हो रही है और भूमि विवाद के मामले बढ़ रहे हैं। पिछली सुनवाई में सरकार ने बताया था कि राज्य में सर्वे का काम चल रहा है। दो जिलों लातेहार व लोहरदगा में सर्वे पूरा हो गया है। अमीन के कई पद रिक्त हैं और सर्वे के लिए तकनीकी दक्षता वाले कर्मचारियों की कमी है, इसलिए सर्वेक्षण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है। इस पर कोर्ट ने भूमि राजस्व सुधार विभाग के प्रधान सचिव को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा था कि सर्वे का कार्य पूरा करने के लिए अमीन सहित अन्य कर्मियों की कब तक नियुक्ति कर ली जाएगी और इसकी पुरानी टेक्नोलॉजी को कब तक अपडेट किया जाएगा।

### आज / कल




शहीद जवान सुनील धान के आश्रितों को सीएम ने दी 2.66 करोड़ की वित्तीय मदद

## राज्य सरकार सदैव शहीद के परिजनों के साथ खड़ी रहेगी : हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड जगुआर (एसटीएफ) के शहीद जवान सुनील धान के परिजनों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने शहीद आरक्षी सुनील धान के परिजनों को सम्मान राशि के रूप में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पुलिस सैलरी पैकेज के तहत 1 करोड़ 20 लाख रुपए का चेक वित्तीय सहायता के रूप में सौंपा। गृह विभाग द्वारा 1 करोड़ 46 लाख 26 हजार 972 रुपए उनके बैंक अकाउंट में क्रेडिट किए गए। मुख्यमंत्री ने शहीद जवान के परिजनों से पारिवारिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि झारखंड हमेशा अपने शहीदों का ऋणी रहेगा। राज्य सरकार शहीद के परिजनों के साथ सदैव खड़ी है। आरक्षी सुनील धान ने राज्यवासियों की सेवा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है।



उनकी शहादत को वे नमन करते हैं।

**शहीद की पत्नी से अनुकंपा पर नौकरी करने का किया आग्रह :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शहीद आरक्षी सुनील धान की 65 वर्षीया माता फगनी उरांइन, 29 वर्षीया पत्नी गंदरी धान एवं दो पुत्र प्रियांश धान (5 वर्ष) तथा अनिकेत धान (3 वर्ष) सहित अन्य परिजनों ने संवाद कर पारिवारिक स्थिति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। उन्होंने शहीद आरक्षी सुनील धान की पत्नी से कहा कि राज्य सरकार के प्रावधान के तहत आप चाहें तो अनुकंपा पर सरकारी शेष पेज 11 पर...

## एलिवेटेड कॉरिडोर का काम अंतिम चरण में 3 जुलाई को होगा लोकार्पण

**रांची।** राजधानी वासियों को रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर पर फर्राटे भरने के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा। क्योंकि लोकार्पण की तारीख को 19 जून से बढ़ाकर 3 जुलाई कर दिया गया है। एनएचएआई के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने इसकी पुष्टि की है। अब केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 3 जुलाई को रांची वासियों को रातू रोड फ्लाईओवर की सौगात देंगे और एनएचएआई के द्वारा झारखंड में चल रहे कार्यों की समीक्षा भी करेंगे।

**नॉयज बैरियर लगाने का काम जारी :** अब एनएचएआई के अधिकारी इस अतिरिक्त समय का सदुपयोग करने में जुट गये हैं। प्रोजेक्ट डायरेक्टर एकता कुमारी ने बताया कि अब फ्लाईओवर के दोनों ओर शोर अवरोधक यानी नॉएज बैरियर लगाया जा रहा है। इसके लगने से फ्लाई ओवर के आसपास रहने वाले लोगों तक गाड़ियों की आवाज नहीं पहुंचेगी। इसके अलावा पीवीआर ग्रिल का काम भी चल रहा है।

**राजभवन की सुरक्षा का विशेष ख्याल :** दरअसल, रातू रोड फ्लाईओवर का रैंप नागा बाबा खटाल के पास राजभवन के दक्षिणी गेट से बिल्कुल करीब है। लिहाजा, राजभवन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस जगह पर बुलेट प्रूफ बैरियर लगाया गया है। साथ ही इस बात का भी ख्याल रखा गया है कि फ्लाईओवर से गुजरने वाली गाड़ियों की आवाज राजभवन तक ना पहुंचे।

## कोविड-19: कोरोना आया काबू में, एक्टिव केसों की संख्या 7 हजार से नीचे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** कोविड-19 संक्रमण के नए वैरिएंट की रफ्तार थमने से भारत को बड़ी राहत मिली है। लगातार तीसरे दिन भारत में कोविड संक्रमण के मामलों में गिरावट दर्ज की गई है। ताजा आंकड़ों के बाद देशभर में एक्टिव केस घटकर 7 हजार से नीचे आ चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने ये नए आंकड़े जारी किए हैं। कोविड संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने 17 जून, सुबह 8 बजे तक के आंकड़े जारी किए। मंत्रालय के मुताबिक, देशभर में एक ही दिन में संक्रमण के 428 केस कम हुए हैं। इससे अब कोविड के एक्टिव मामलों की संख्या घटकर 6836 हो चुकी है। इसके पहले सोमवार को संक्रमण के मामलों में 119 की गिरावट दर्ज हुई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में केरल में सबसे ज्यादा 261 मामले कम हुए। इसके अलावा गुजरात में 185, दिल्ली में 94, महाराष्ट्र में 28, आंध्र प्रदेश में 18, सिक्किम में 13, असम में 3, तेलंगाना-बिहार-छत्तीसगढ़ और गोवा में एक-एक घटे हैं। इस गिरावट के बाद केरल में कुल मामलों की संख्या अब 1659 बची है। गुजरात में फिलहाल एक्टिव केस 1248, कर्नाटक में 696, दिल्ली में 555, महाराष्ट्र में 512, उत्तर प्रदेश में 278, राजस्थान में 251, तमिलनाडु में 222, हरियाणा में 103 हैं। हालांकि कुछ ऐसे राज्य भी हैं, जहां कोरोना के मामलों में थोड़ी बढ़ोतरी हुई है। इसमें कर्नाटक में सबसे ज्यादा 105 नए मामले दर्ज हुए हैं। राजस्थान में 29 लोग संक्रमित हुए हैं, जबकि हरियाणा में 12 और पंजाब में 10 लोग कोविड की चपेट में आए हैं। इसके अलावा मणिपुर में 6, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में 3-3, ओडिशा-त्रिपुरा और तमिलनाडु में 2-2, झारखंड-लद्दाख-नागालैंड और उत्तराखंड में एक-एक मामला सामने आया है। पिछले 24 घंटों में संक्रमण के कारण पूरे देश में एक मौत दर्ज हुई है। महाराष्ट्र की रहने वाली 44 साल की एक महिला ने कोविड संक्रमण के कारण अपनी जान गंवाई है।

इंडिया

## झरनों कुओं व तालाबों की भी हो ऑडिट और आवश्यक गणना



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

जातीय जनगणना के शोर के बीच हमारे बचपन की स्मृतियों में बसे हमारे आसपास के अनेक तालाब अब इतिहास बन गए और भूमाफिया की वक्र दृष्टि बेशकीमती शहरी के बाद अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में लगी है जबकि पूर्व की बसी कॉलोनियां पीने के पानी के लिए तरस रही हैं । भारत सरकार के केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने प्राकृतिक और मानव निर्मित सभी तरह के जल स्त्रोतों की गणना करा रही है। 2023 में हुई पहली गणना की रिपोर्ट के आधार पर यह पता चला था कि देश में नदियों, नहरों के साथ ही कितने तालाब, पोखर, झील हैं और उनकी स्थिति क्या है? इस बार की गणना में झरनों को भी शामिल किया गया है।देश की सैकड़ों गैर हिमालयी नदियां, खासकर दक्षिण राज्यों की नदियों का तो उद्गम ही झरनों से है। कोयल,स्वर्णरेखा,नर्मदा, सोन जैसी नदियां झरने से ही फूटती हैं। जब दो साल बाद इस गणना के नतीजे सामने आएंगे, तो देश के पास एक व्यापक परिदृश्य होगा कि नदियों की धार का भविष्य क्या है? जल विद्युत परियोजनाओं की संभावना क्या है? झरने का अस्तित्व पहाड़ से है, उसे ताकत मिलती है परिवेश के घने जंगलों से और संरक्षण मिलता है अविरल प्रवाह से।2020 में, अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका 'वाटर पॉलिसी' ने भारतीय हिमालय क्षेत्र (आईएचआर) में स्थित 13 शहरों में 10 अध्ययनों की एक श्रृंखला आयोजित की थी। इस अध्ययन से पता चला कि इन शहरों में से कई जिनमें मसूरी, दार्जिलिंग और काठमांडू जैसे प्रसिद्ध पर्वतीय स्थल शामिल हैं, पानी की मांग-आपूर्ति के गहरे अंतर का सामना कर रहे हैं, जो कई जगह 70 फीसदी तक है और इसका मूल कारण इन इलाकों में जल सरिताओं-झरनों का तेजी से सूखना है। ठीक यही बात अगस्त 2018 में नीति आयोग की रिपोर्ट में कही गई थी। इसमें स्वीकार किया गया था कि आईएचआर में करीब 50 फीसदी झरने सूख रहे हैं और गायब भी हो रहे हैं।झरना एक ऐसी प्राकृतिक संरचना है, जहां से जल पृथ्वी की सतह तक बहता है। देश की बीस



करोड़ से अधिक आबादी पानी के लिए झरनों पर निर्भर है। भारतीय हिमालय क्षेत्र के 12 राज्यों के 60,000 गांव हैं, जिनकी आबादी पांच करोड़ है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा इसके दायरे में हैं। असम और पश्चिम बंगाल भी आंशिक रूप से इसके तहत आते हैं। यहां की करीब 60 प्रतिशत आबादी जल संबंधी जरूरतों के लिए धाराओं पर निर्भर है। दक्षिणी भारत में पश्चिमी घाटों में, कभी बारहमासी रहने वाले झरने मौसमी होते जा रहे हैं और इसका सीधा असर कावेरी, गोदावरी जैसी नदियों पर पड़ रहा है। यहां झरनों के जलग्रहण क्षेत्र में बेपरवाही से लगाए जा रहे नलकूपों ने भी झरनों का रास्ता रोका है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा क्षेत्र में झरनों की संख्या पिछले 150 वर्षों में 360 से घटकर 60 रह गई। उत्तराखंड में नब्बे प्रतिशत पेयजल आपूर्ति झरनों पर निर्भर है, जबकि मेघालय में राज्य के सभी गांव पीने और सिंचाई के लिए झरनों का उपयोग करते हैं। ये झरने जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र के महत्वपूर्ण घटक भी हैं।झारखंड में भी नदी तालाबों के लगातार लुप्त होने या उनमें जल की मात्रा कम होने का सारा दोष जलवायु परिवर्तन पर नहीं मढ़ा जा सकता। अंधाधुंध पेड़ कटाई और निर्माण के कारण पहाड़ों को हो रहे नुकसान ने झरनों के नैसर्गिक मार्गों में व्यवधान पैदा किया है। नए सर्वेक्षण की रिपोर्ट से झरनों को सहेजने की योजनाएं बनेंगी। यह सुखद है कि सिक्किम ने इस संकट को सन 2009 में ही भांप लिया था। इससे पहले सिक्किम में प्रति परिवार पानी का खर्च 3200 रुपये महीना था। 2013-14 में झरनों के आसपास 120 हेक्टेयर पहाड़ी क्षेत्र में गड्ढे बनाकर बारिश के पानी को संरक्षित करने पर काम शुरू किया और इसके 100 फीसदी परिणाम आने शुरू हो गए। झरनों को लेकर सबसे अधिक लापरवाही झारखंड,उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में है, जो बीते पांच वर्षों में प्रभावित हुए हैं।राजधानी रांची के पुराने बाशिंदे एडवोकेट अरविंद लाल बताते हैं कि उन्होंने अपने बचपन में 25 तालाब देखे थे जिनमें से अधिकांश के ऊपर आज इमारतें खड़ीं हैं डॉ अमित मुखर्जी के सामने जेल रोड का तालाब, पुरानी जेल के सामने के दो तालाब,हिंदपीढ़ी का छोटा तालाब, मोराबादी के दिव्यायन के पास वकील डी मजूमदार का एक निजी तालाब,रातू रोड कबिस्तान के पीछे खादगढ़ा का तालाब अब इतिहास बन गए हैं। इसके अलावा वर्तमान में जयपाल सिंह स्टेडियम,अटल वेंडर मार्केट और अन्य दुकानों वाले भूभाग में 1969 तक भुतहा तालाब हुआ करता था जिसे एनडीजे राव कमिश्नर ने बिनोबा भावे से लेकर बच्चों-बड़ों के श्रमदान से यह कहकर स्टेडियम बनवाया था कि बच्चों के खेलने के लिए जगह नहीं है।रांची के हर मुहल्ले के कुएं भी उपेक्षा और भूमाफिया के कारण इतिहास बन रहे हैं। समय की मांग है कि जीवन रक्षक नदी तालाबों झरनों कि ऑडिट 1932 के खतियान और नक़्शे के आधार पर हो और उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

## भारत का शांत रहना विरोधियों को दिखती है कमजोरी

राष्ट्रीय नवीन मेल




पूनम शर्मा स्नेहिल

कभी कारगिल, कभी पुलवामा ,तो कभी पहलगाम, उद्दंता की हदों को पार कर एक बार नहीं बार-बार एक ही प्रयास को दोहराने की कोशिश और बार-बार नाकामी का मुंह देखना। भारत में कभी भी किसी भी युद्ध की शुरुआत नहीं की इसका मतलब यह नहीं कि भारत के सैनिक किसी बात में किसी की शक्तियों से कम है परंतु उनका शांत रहना विरोधियों को उनकी कमजोरी दिखने लगता है। उदंड बालक की तरह हर बार पका ने हिंदुस्तानियों को नुकसान पहुंचाने का ही प्रयास किया है। गंगा जमुना संस्कारों को दिल में लेकर शांति से जीने वाले भारतीय ,और हमारे भारत के वीर जवान इन्हें कभी भी किसी का लहू बहाने की मंशा मन में नहीं आती ,क्योंकि मानव और दानव के बीच में थोड़ा सा फर्क होता है। जो वह हर बार ही साबित करते हैं।प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। कृष्ण ने जहाँ बांसुरी बजाकर प्रेम का संदेश पूरी दुनिया को दिया था। वहीं पर आवश्यकता पड़ने पर सुदर्शन चक्र उठाकर पपिया का नाश भी किया था। हमारे वीर इस धरती के वंशज हैं। जिन्होंने जब-जब पपिया ने कर उठाया उनके सर को बुरी तरह से कुचला।

नमन है उन वीरों को जिन्होंने देश की सुरक्षा मान सम्मान के लिए अपने पारिवारिक रिश्तों की परवाह न करते हुए पूरे देश को सुरक्षित करने के शेष पेज 11 पर...

## विधायक संजय कुमार सिंह यादव को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कार्यकताओं में खुशी

**हुसैनाबाद।** विधायक संजय कुमार सिंह यादव को पुनः राष्ट्रीय जनता दल का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। हुसैनाबाद शहर के जेपी चौक पर कार्यकताओं ने मिठाई बांटी और खुशी जताई। राजद नेता कृष्णा बैठा ने कहा कि विधायक दलितों की आवाज और विकास के प्रतीक हैं। मौके पर कामख्यारायण सिंह, मदन पासवान, राजेश्वर यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्री मॉनसून की पहली बारिश से किसानों में उमंग, गर्मी से मिली राहत

**फसलों के लिए संजीवनी साबित हुई बारिश, भीमचूल्हा पार्क में फिर लौटेगी हरियाली**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मंगलवार को दोपहर में प्री मॉनसून की पहली झमाझम बारिश से जहां किसानों के चेहरे खिल उठे, वहीं भीषण गर्मी और उमस से भी लोगों को बड़ी राहत मिली। किसानों ने इसे भदई और खरीफ फसलों के लिए शुभ संकेत बताया। आर्द्रा नक्षत्र की शुरूआत से पूर्व भूमि की तैयारी के लिए यह बारिश फायदेमंद मानी जा रही है। तेज हवाओं और गरज-चमक के बीच हुई इस बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। पशुपालकों ने सूखे घास के हरा होने से चारे की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जताई है। पर्यटक स्थल भीमचूल्हा में हरियाली लौटने की संभावना बढ़ी है। पुजारी सह गाइड गंगा तिवारी ने बताया कि सुकूनदायक मौसम से सैलानियों की आमद बढ़ सकती है। राहगीरों ने भी बारिश का आनंद उठाया।

## धान बीज का 50अनुदान पर वितरण किसानों को बेहतर पैदावार का आह्वान



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड अंतर्गत करकट्टा गांव में मंगलवार को खरीफ मौसम के अंतर्गत धान बीज का वितरण 50 प्रतिशत अनुदान दर पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ अनुज कुमार, एटीएम रंजीत कुमार मेहता एवं वीएलडब्ल्यू अरविंद कुमार की उपस्थिति में हुआ। मौके पर दर्जनों किसान उपस्थित रहे, जिन्हें योजना की जानकारी दी गई और अनुदानित बीज उपलब्ध कराए गए। अधिकारियों ने किसानों से योजना का लाभ उठाकर अच्छी पैदावार सुनिश्चित करने की अपील की। उपस्थित प्रमुख लोगों में रमेश चौधरी, शंकर राम, सत्यानंद कुशवाहा, प्रभा देवी, नीलम कुमारी, संतोष मेहता, बबन चौधरी व रामशरण मेहता आदि शामिल थे।

# सहार क्लब ने जीता कुदरा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट, गांव में निकला विजय जुलूस



**गौरव को दो छक्कों ने दिलाई जीत, विष्णु बने मैन ऑफ द सीरीज**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** बिहार के कुदरा (कैमूर) में आयोजित बीपीएल नाइट क्रिकेट टूनामेंट में सहार क्लब (जय मां महामाया, सहार विहरा) ने फाइनल मुकाबले में बालबांध (रोहतास) की टीम को हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। फाइनल मुकाबले में बालबांध ने पहले खेलते हुए 10 ओवर में 68 रन बनाए। जवाब में सहार क्लब ने 7 ओवर में 4 विकेट पर 70 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। गौरव ने दो छक्कों की मदद से अंतिम ओवर में 11 रन बनाकर जीत दिलाई और दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। रौशन ने 20 और गौरव ने 40 रनों की उपयोगी पारी खेली। गेंदबाजी में रीतेश ने 4 विकेट, विशाल और आलोक ने 2-2 विकेट लेकर अहम योगदान दिया। टीम में मधुरंजन, संजय, सुदर्शन और पंकज ने भी शानदार खेल दिखाया। गांव लौटने पर टीम का भव्य स्वागत किया गया। केके शर्मा, मानिकचंद्र शर्मा, अजीत भट्ट, कौशलेंद्र शर्मा और अन्य ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ विजय जुलूस निकालकर खुशी मनाई।

## सहार विहरा व पंसा गांव पर मंडराने लगा कोयल नदी की बाढ़ का खतरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** बरसात की शुरूआत के साथ ही प्रखंड अंतर्गत सहार विहरा और पंसा गांवों पर कोयल नदी की बाढ़ का खतरा एक बार फिर मंडराने लगा है। ग्रामीण आशंकित हैं कि भीम बराज से पानी छोड़े जाने की स्थिति में पिछली साल की तरह इस बार भी तबाही मच सकती है। बीते वर्ष जलस्तर बढ़ने पर 38 गेट करीब 3 मीटर तक खोले गए थे, जिससे 1.24 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया और इन गांवों में बाढ़ आ गई थी। इससे दर्जनों एकड़ में लगी धान, मक्का और भदई फसलें तबाह हो गई थीं। ग्रामीणों की वर्षों पुरानी तटबंध निर्माण की मांग अब भी अधूरी है। सहार विहरा के दिवंगत प्रोफेसर त्रिपुरारी सहार इस मांग को लेकर आजीवन संघर्ष करते रहे। ग्रामीणों का मानना है कि तटबंध निर्माण उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अब भी मोहम्मदगंज से आगे कादल और भजनियां तक तटबंध निर्माण लंबित है, जिससे गांवों की स्थिति बेहद संवेदनशील बनी हुई है।

# एसडीओ ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश



**पलामू सदर अस्पताल से हुसैनाबाद में बेहतर हैं स्वास्थ्य विभाग की टीम : एसडीओ**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो ने सोमवार की रात्रि को अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि पलामू सदर अस्पताल से हुसैनाबाद मे स्वास्थ्य विभाग की टीम बेहतर कार्य कर रही हैं। वहीं स्वास्थ्य कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान रोस्टर के अनुरूप सभी कर्मी मौजूद थे। एसडीओ ने क्रमवार स्वास्थ्य केंद्र के सभी विभागों का अवलोकन किया। बाल चिकित्सा गहन देख-भाल इकाई के बारे में जानकारी ली। प्रसूति गृह की स्थिति से अवगत होते हुए।साथ ही ड्यूटी पर लगे एएनएम को कई दिशा निर्देश दिया। सामान्य वार्ड, इमरजेंसी व अन्य संबंधित जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने दवा स्टॉक आदि की जानकारी लेते हुए चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को अपने कार्यों के प्रति सजग रहने को आदेशित किया। एसडीओ ने बताया कि हुसैनाबाद सरकारी अस्पताल में पलामू सदर अस्पताल से अधिक चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी पर मौजूद हैं। सभी वार्ड मे मरीजों के वेड साफ -सफाई मे भी काफी बेहतर है। कुछ आवश्यक दवाओं को लेकर कर्मचारियों को शीघ्र प्रतिवेदन देकर दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। नियमित टीकाकरण व स्टॉक के बारे में जानकारी ली। साथ साथ मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का ख्याल रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड में एक व जेनरल वार्ड में पांच मरीज भर्ती थे। एसडीओ ने सभी से बीमारी व सुविधाओं के बारे में पूछताछ की सभी ने बेहतर बताया। इस मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिनेश कुमार, डॉ. विकास कुमार ,सुनील कुमार, जयराम, आनंद, बलराम सिंह, एएनएम अलवीना कच्छप, पुनम देवी, प्रिया देवी समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## 125 मेधावी विद्यार्थियों का होगा सम्मान, आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन करेगा आयोजन

**हुसैनाबाद।** आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन द्वारा २२ जून को छतरपुर रोड जपला स्थित उदयनाथ विश्वकर्मा के परिसर में हुसैनाबाद अनुमंडल के मैट्रिक और इंटर के १२५ मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर उपहार, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अंगद किशोर (इतिहासकार) एवं सचिव अधिवक्ता आलोक कुमार ने बताया कि यह आयोजन आचार्य सिद्धेश्वर पाठक की स्मृति में पिछले 13 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। यह संस्था शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण एवं लोक कल्याण के क्षेत्र में सक्रिय है। इस वर्ष हाई स्कूल के 110 तथा इंटर स्तर के 15 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था के अन्य प्रमुख पदाधिकारियों में कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि एवं व्यवस्थापक कमलेश कुमार विश्वकर्मा सहित तीन अन्य सदस्य शामिल हैं।

## पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक 18 जून को, खरगड़ा में चला जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (एसबीएम-जी फेज-2) के अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा और आगामी रूपरेखा को लेकर 18 जून को दोपहर 1 बजे से प्रखंड कार्यालय के सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने जानकारी दी कि इस बैठक में प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, चिकित्सा पदाधिकारी, बीईईओ, मनरेगा पदाधिकारी, जेएसएलपीएस प्रबंधक, पीएचईडी के कनिय अभियंता, पंचायत सचिव और वॉश समन्वयक समेत सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। इस बैठक को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसमें खरगड़ा पंचायत में वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि एवं जलसहिया आरती देवी के नेतृत्व में स्लोगन के साथ जनजागरूकता रैली

# हुसैनाबाद एसडीओ ने पकड़ा 20 लाख रुपये की अवैध लिप्टस लकड़ी का भंडारण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद/ हैदरनगर** अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर थाना अंतर्गत दीवान बिगहा गांव के समीप भारी मात्रा में अवैध रूप से संग्रहित लिप्टस लकड़ी का भंडारण पकड़ा गया है। इस लकड़ी की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है।

**हैदरनगर पुलिस ने ट्रक सहित लकड़ियां जब्त की, कागजात नहीं दिखा सका धंधेबाज**



मंगलवार की शाम अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो को गुप्त सूचना मिली कि दीवान बिगहा स्थित धर्म कांटा के पीछे लिप्टस पेड़ों की अवैध कटाई कर उसका भंडारण किया गया है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीओ गौरांग महतो, हैदरनगर सीओ संतोष कुमार, बीडीओ विश्व प्रताप मालवा तथा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के पहुंचते ही देखा गया कि एक ट्रक पर लिप्टस पेड़ की लकड़ियों का लोडिंग किया जा रहा था। जब एसडीओ ने लकड़ी के वैध दस्तावेज मांगे तो वहां मौजूद व्यक्ति कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। अंचलाधिकारी संतोष कुमार ने स्पष्ट किया कि लिप्टस पेड़ की कटाई की कोई अनुमति अंचल कार्यालय द्वारा जारी नहीं की गई है। साथ ही यह भी बताया गया कि लकड़ी कहाँ से लाई गई और कहाँ भेजी जा रही थी, इसकी जानकारी भी स्पष्ट नहीं हो सकी है। एसडीओ के निर्देश पर हैदरनगर थाना प्रभारी अजफज अंसारी ने मौके से सभी लकड़ियों को जब्त कर ट्रक सहित थाना ले जाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अब ट्रक चालक एवं मालिक से पूछताछ कर रही है ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके। एसडीओ गौरांग महतो ने बताया कि मामले की जानकारी जिला वन विभाग को दे दी गई है। आगे की कार्रवाई वन विभाग द्वारा की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध लकड़ी व्यापारियों में हड़कंप मच गया है।

### अवैध लकड़ी लदा ट्रैक्टर जब्त मालिक व चालक गिरफ्तार

**हुसैनाबाद।** देवरी ओपी पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में सोमवार शाम को अवैध लकड़ी से लदा ट्रैक्टर (खळ03अइ-0551) जब्त किया गया। कुसुआ गांव निवासी चालक सतेंद्र राम और मालिक संतोष कुमार सिंह के पास कोई वैध कागजात नहीं था। दोनों को वन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेजा गया। जब्त लकड़ी की अनुमानित कीमत लगभग 50 हजार रुपये है।

## अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के शिष्टमंडल ने उपायुक्त से शिष्टाचार मुलाकात कर गुणात्मक शिक्षा पर की चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** मंगलवार को अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे,महासचिव अमरेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने नवपदस्थापित उपायुक्त समीरा एस एवं जिला शिक्षा अधीक्षक से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इसके पूर्व उपायुक्त पलामू को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। गुणात्मक शिक्षा के संवर्द्धन हेतु गहन चर्चा किया गया।बताया गया कि शिक्षक सदैव विपरीत परिस्थितियों में काम करते आ रहें हैं। सीमित संसाधनों में पठन पाठन कार्य कर रहें हैं। आठवीं बोर्ड परीक्षाफल, मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति परीक्षा, मेधाछात्रवृति परीक्षाओं में इस जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। शिक्षकों की घोर कमी के बीच मीड डे मील व अन्य विभागीय रिपोर्टिंग में पलामू पूरे राज्य में नजीर पेश किया है। लोकसभा चुनाव व विधानसभा चुनाव में प्रशिक्षण से लेकर परिणाम तक शिक्षकों ने पूरी ऊर्जा उड़ेल दी थी,शांतिपूर्ण काम भी हुआ। त्रासदी है कि इस जिला में पद रिक्तता के सापेक्ष में विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति लंबित है। ग्रेड फोर के लिये संघ सदैव प्रयासरत रहा है।पूर्व में भी तत्कालीन उपायुक्त महोदय का ध्यान आकृष्ट कराया है। वरीयता सूची जिला शिक्षा स्थापना समिति से अनुमोदित है, लेकिन यथेष्ट परिणाम नहीं आया है। सभी बातों को सुनने के बाद उपायुक्त महोदया ने कहा कि बीते दिनों 13 जून'25 को संपन्न' दिशा' की बैठक में हुसैनाबाद के माननीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने जोर शोर से उठाया है। इसके आलोक में आवश्यक दिशा निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक को दे दी है ,कुछ ही दिनों मे यह मामला पटाक्षेप हो जायेगा। ग्रेड फोर में प्रोन्नति का मार्ग प्रशस्त हो जायेगा। तदुपरांत जिला कार्य कारिणी के सदस्यों ने जिला शिक्षक अधीक्षक पलामू से भेंट की और ग्रेड फोर के अद्यतन स्थिति के बारे में पूछा,इस पर उन्होंने कहा कि ग्रेड फोर की प्रोन्नति अब अंतिम चरण में है,सकारात्मक परिणाम बस चंद दिनों में दृष्टिगोचर हो जायेगा।इस कार्य में उपायुक्त, जिला विकास आयुक्त का अपेक्षित सहयोग मिल रहा है। शिष्टमंडल में अजाप्टा के जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे,महासचिव अमरेश कुमार सिंह, वरीय उपाध्यक्ष रामानुज प्रसाद,नंद किशोर राम ,संगठन मंत्री राजीव रंजन पांडेय, संयुक्त सचिव विनय मांझी, हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष मो. अमित कुमार सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

# बारिश में भीमचूल्हा मंदिर में ही शरण लेते हैं राहगीर

**नही लगा है तड़ित चालक, बना रहता है आकाशीय बिजली का खतरा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** बारिश में पर्यटक स्थल ऐतिहासिक भीमचूल्हा स्थित शिव मंदिर में शरण लेने वाले राहगीरों पर आकाशीय बिजली से खतरा की स्थिति बनी रहती है। कादल और शिलापर गांव के बीच 2 किमी रोड पर बारिश से बचाव का यही एकमात्र जगह है। मंगलवार को बारिश के दौरान काफी संख्या में राहगीरों ने शरण लिया। उन्होंने कहा कि 40 लाख की लागत से पर्यटन के दृष्टिकोण से सौंदर्यीकरण और विकास किया गया। मगर, थंडरिंग जोन होने के बाद भी मंदिर पर तड़ित चालक नहीं लगाया गया है। जबकि पर्यटन के दृष्टिकोण से इसे विकसित करने से पहले मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरने से गुंबद दरक गया था। शुक्र था कि तब कोई वहां मौजूद नहीं था। इस वजह से बड़ा हादसा टल गया। अब तो हर परब-त्योहार, लगन और मौसम में सैलानियों और श्रद्धालुओं के साथ ही धूप और बारिश से बचाव के लिए राहगीरों खासकर, दोपहिया वाहन सवार और पांव पैदल लोगों का भी जमावड़ा लगा रहता है। जिनके लिए मंदिर का बरामदा सुरक्षित स्थान होता है। ऐसे में आकाशीय बिजली गिरने की पुनरावृत्ति के खतरे को देखते हुए इससे बचाव के लिए इस पर्यटक स्थल को और अधिक विकास के लिए डीपीआर तैयार करने में तड़ित चालक लगाने की योजना को शामिल करने की जरूरत बताई जा रही है। पुजारी सह गाइड गंगा तिवारी ने बताया कि शादी-विवाह के लगन और शैक्षणिक भ्रमण को लेकर इन दिनों आवाजाही लगी रहती है। सावन माह में श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ पड़ती है। अमूमन यही वह समय होता है, जब आकाशीय बिजली का खतरा मंडरा रहा होता है। मंदिर के अलावा पीपल वृक्ष और वाच टावर आकाशीय बिजली गिरने के ठौर हैं। इसे देखते हुए आकाशीय बिजली के खतरे से बचाव के लिए यहां तड़ित चालक लगाए जाने की बड़ी जरूरत है।

## बाबूलाल मरांडी से कार्यकताओं ने की शिष्टाचार भेंट, समस्याएं भी रखीं

**सतबरवा।** राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी से मंगलवार को रांची स्थित आवास पर आशीष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में कार्यकताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया और प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा गया। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री चंचल यादव, प्रवेश यादव, संदीप यादव, अशर्फी यादव, उपेंद्र उरांव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पंचायतों को मिला आयोजन का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग व केंद्र सरकार के निर्देश के आलोक में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को प्रातः 6:30 से 7:45 बजे तक ग्राम पंचायत स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने बताया कि इस बार की थीम योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ है। आयोजन अमृत सरोवर व अन्य खुले स्थलों पर होगा। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्कूली छात्र, युवाओं, महिला समूहों व नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## नौडीहा बाजार में वृद्धा पेंशन शिविर आयोजित, 500 आवेदन स्वीकृत

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को एक दिवसीय वृद्धा पेंशन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 12 पंचायतों के लगभग 500 लोगों ने आवेदन जमा किए। बीडीओ राम राज खलखो ने बताया कि सभी आवेदनों को ऑन द स्पॉट जाँच कर स्वीकृति प्रदान की गई। शिविर में ग्रामीणों की अच्छी भागीदारी देखी गई।

**प्रतिभा** | **गरीबी में पढ़कर हासिल की बड़ी सफलता, मेहनत से रचा कीर्तिमान**


# सारिका सिंह ने नीट में 598 अंक लाकर बढ़ाया क्षेत्र का मान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सबानो गांव की निवासी सारिका सिंह ने नीट परीक्षा में 598 अंक लाकर हुसैनाबाद का नाम गौरवान्वित किया है। वह समाजसेवी महेंद्र कुमार सिंह की भतीजी हैं, जो गरीबों की सेवा में निरंतर सक्रिय रहते हैं और रांची स्थित रिम्स में इलाज कराते हैं। उनकी मदद से ही सारिका ने पढ़ाई जारी रख पाई। सारिका के पिता अरविंद सिंह और माता कविता सिंह सीमित संसाधनों में भी बेटी की पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ी। पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह सहित कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी, जय प्रकाश उपाध्याय, अश्विनी तिवारी, चंदन सिंह, बैरिस्टर सिंह, मिथलेश कुमार सिंह, अशोक सिंह और अन्य लोगों ने सारिका को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### होम्योपैथी चिकित्सक के पोते ने नीट यूजी में पाई सफलता



**हुसैनाबाद।** होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. शिव प्रसाद मेहता के पोते एवं निरंजन कुमार के पुत्र अभिषेक रंजन ने नीट परीक्षा में 530 अंक प्राप्त किए हैं। उन्हें ओबीसी श्रेणी में 10961वीं ऑल इंडिया रैंक प्राप्त हुई है। इस सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके दादा, चाचा और परिजनों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## वज्रपात की घटना में दो दुधारू गायों की मौत

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड क्षेत्र के प्रतापपुर गांव में मंगलवार शाम लगभग 4 बजे तेज आंधी, बारिश और बिजली गिरने की घटना में दो दुधारू गायों की मौत हो गई। गायें कमेश ठाकुर और ब्रजकिशोर ठाकुर की थीं, जो घर के समीप चर रही थीं। अचानक वज्रपात की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पशुपालक कमेश ठाकुर और ब्रजकिशोर ठाकुर ने बताया कि मृत गाय उनके दूध उत्पादन का मुख्य स्रोत थीं, जिससे उन्हें लगभग 25-25 हजार रुपये की क्षति हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# पीएम श्री विद्यालय सरजा पोलपोल में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मैट्रिक और इंटर के 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित, विद्यालय को 'एग्जांपलर स्कूल' बनाने की दिशा में कदम सरजा पोलपोल स्थित पीएम श्री राजकीयकृत महात्मा गांधी प्लस टू उच्च विद्यालय में मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मैट्रिक और इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 छात्र-छात्राओं को शील्ड, मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य जय शंकर प्रसाद सोनी ने की, जबकि संचालन शिक्षक सनोज कुमार द्वारा किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि पोलपोल संकुल के संकुल प्रधान एवं बुनियादी विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार शुक्ला थे। इस मौके पर सरजा पंचायत की मुखिया अलका देवी, पूर्व मुखिया आनंद कुमार, सांसद प्रतिनिधि सुशील सिंह, विधायक प्रतिनिधि डॉ. शमीम, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष नीरवती देवी, उपाध्यक्ष बीरेंद्र माली, सदस्य भीम जी, दिलीप प्रजापति, गुप्तेश्वर गुप्ता, शिक्षक राम उपेन्द्र पांडे सहित अन्य लोग मौजूद रहे। विद्यालय के प्राचार्य ने जानकारी दी कि इस वर्ष विद्यालय का मैट्रिक और इंटर (कला संकाय) दोनों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें तथा शिक्षक-अभिभावक बैठक में जरूर भाग लें। समारोह में मैट्रिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सौरभ रंजन, द्वितीय स्थान पर रहे आशीष कुमार और तृतीय स्थान पर रही रितिका कुमारी को सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट कला वर्ग में अमित पाल प्रथम, आनंद कुमार द्वितीय और चंदन कुमार सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

वहीं विज्ञान वर्ग में प्रथम स्थान पर आकाश कुमार, द्वितीय पर सागर कुमार और तृतीय स्थान पर अंशु कुमार गुप्ता तथा नीतू कुमारी को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की। सांसद प्रतिनिधि सुशील सिंह ने कहा कि सदर प्रखंड में पीएम श्री योजना के अंतर्गत यह विद्यालय होना गर्व की बात है। संकुल प्रधान दिनेश कुमार शुक्ला ने पीएम श्री विद्यालय की विशेषताओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की मंशा इस स्कूल को एग्जांपलर मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने की है, जहां संसाधनों और शिक्षकों की कोई कमी नहीं रहेगी।

# छत्तरपुर पुलिस ने अवैध शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार

- स्कॉर्पियो से 35 पेटी बियर बरामद
- 840 पीस बैड मंकी बियर जब्त, फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**



**छत्तरपुर।** थाना क्षेत्र के लठिया पिकेट अंतर्गत सोमवार रात एक बड़ी कार्रवाई में पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। इस दौरान एक युवक को गिरफ्तार भी किया गया है, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 16 जून की रात्रि लगभग 10 बजे वरिष्ठ पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि वाहन संख्या JH03T6904 में भारी मात्रा में शराब भरकर छत्तरपुर होते हुए हुसैनाबाद की ओर ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही छत्तरपुर थाना क्षेत्र के लठिया पिकेट प्रभारी धर्मवीर कुमार यादव व सअनि राजेश मांडी को सशस्त्र बल के साथ चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया। जब पुलिस लठिया पिकेट के पास वाहनों की जांच कर रही थी, उसी समय एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो आते देख पुलिस को देखकर चालक ने वाहन मोड़ लिया और सुशीगंज की ओर भागने लगा। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने उसका पीछा किया। वाहन को बीच रास्ते में रोक दोनों युवक भागने लगे, जिसमें से एक को पुलिस बल ने दौड़ाकर दबोच लिया।

गिरफ्तार युवक की पहचान संकेत कुमार सिंह (उम्र 21 वर्ष), पिता दिलीप कुमार सिंह, ग्राम पतरिया, थाना हुसैनाबाद, जिला पलामू के रूप में की गई है। पुलिस ने जब वाहन की तलाशी ली तो उसमें बैड मंकी ब्रांड केन बियर के कुल 35 पेटी (प्रत्येक में 24 पीस – कुल 840 पीस) बरामद हुए। साथ ही एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। छत्तरपुर थाना में कांड संख्या 109/25 दिनांक 17.06.25 के तहत धारा 274/275/317(5)/318/3(5) BNS तथा 47(a) झारखंड उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने फरार आरोपी की पहचान सुनिश्चित करने तथा शराब तस्करी के नेटवर्क को खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में सअनि राजेश मांडी व लठिया पिकेट सशस्त्र बल की भूमिका सराहनीय रही। स्थानीय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश

**मेदिनीनगर।** प्रत्यर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को सरकारी लाभों का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामान्य शाखा प्रभारी रश्मि रंजन ने जानकारी दी कि अब तक कुल 8 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिनमें से 3 को आवास के लिए जमीन उपलब्ध कराई जा चुकी है। उपायुक्त ने शेष 5 नक्सलियों को भी 4 डिसमिल जमीन शीघ्र आवंटित कर आवास निर्माण हेतु प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया। डीसी ने सामान्य शाखा प्रभारी को निर्देशित किया कि वे अपर समाहर्ता से समन्वय कर इस प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों को बाबा भीमराव अंबेडकर आवास योजना से जोड़ा जाए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बकाया पुनर्वास पैकेज व गृह निर्माण राशि को लेकर की गई सरकारी पत्राचार की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने बीमा सुविधा, बच्चों की शिक्षा, कानूनी सहायता आदि के लिए भी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि अगली बैठक से पूर्व सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को बीमा सुविधा से लाभान्वित कर दिया जाए।

# सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिए कई निर्देश

- मिशन वात्सल्य और पेंशन योजनाओं में पारदर्शिता, समयबद्धता व समन्वय पर दिया गया बल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला सामाजिक सुरक्षा विभाग एवं समाज कल्याण अंतर्गत बाल संरक्षण इकाई द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।सर्वप्रथम सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद से केंद्र एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। बताया गया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजना का आवंटन अप्रैल, मई व जून 2025 के लिए प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे भुगतान लंबित है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि एचआईवी पीड़ित सभी लाभुकों को पेंशन का लाभ सुनिश्चित करने हेतु एनजीओ के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा के दौरान उपायुक्त को बताया गया कि स्वीकृत 13 पदों में से केवल 7 पर ही कर्मचारी कार्यरत हैं, शेष पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। मिशन वात्सल्य योजना के तहत शेल्टर होम्स, चिल्ड्रेन होम्स, ऑब्जर्वेशन होम्स, फोस्टर केयर, गोद लेने की एजेंसियों और अन्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

**मिशन वात्सल्य बच्चों की सुरक्षा के लिए बेहतर**

उपायुक्त ने मिशन वात्सल्य को अनाथ, बाल मजदूर, मानव तस्करी व शोषण के शिकार बच्चों के लिए एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने बाल सुरक्षा समितियों की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रशासन को हर स्तर पर सजग रहना होगा। बैठक में उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित बाल संरक्षण इकाई से जुड़े अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## आंदोलनकारियों को गुमराह करने के आरोप में दो सदस्य मोर्चा से निष्कासित

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की आपात बैठक में संगठन विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और आंदोलनकारियों को गुमराह करने के आरोप में अरुण कुमार दुबे और नलिन चंद्रवंशी उर्फ विकास को मोर्चा से निष्कासित कर दिया गया। मोर्चा पदाधिकारियों के अनुसार, दोनों व्यक्तियों ने आंदोलनकारियों के नाम पर एक फर्जी सभा बनाकर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास किया और आंदोलन की गरिमा को ठेस पहुंचाई। बैठक में प्रमंडलीय अध्यक्ष बालकिशुन उरांव, केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार, जिला अध्यक्ष दाऊद केरकेट्टा, जिला महासचिव धर्मेंद्र चंद्रवंशी, जिला सचिव राजू कुमार प्रजापति, महिला अध्यक्ष सलोमी टोपनो, प्रदीप कुमार सिन्हा, बसंत हेम्ब्रम और पुनिया टोपनो उपस्थित थे। निष्कासन की सूचना और प्रतिलिपि केंद्रीय कमिटी को भेज दी गई है।

# बाल संरक्षण इकाई के नव नियुक्त कर्मियों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभागार में मंगलवार को बाल संरक्षण इकाई, पलामू अंतर्गत नव नियुक्त कर्मियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस. ने उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्वलन कर किया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि बच्चों का संरक्षण, उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बाल संरक्षण कानूनों, नीतियों, बाल अधिकारों, बाल दुर्व्यवहार की पहचान, उपेक्षा की स्थिति और आपातकालीन परिस्थितियों में बाल सुरक्षा से संबंधित सभी पहलुओं पर कर्मियों को विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने प्रायोजन योजना, बाल विवाह निषेध योजना, बाल श्रम उन्मूलन योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन, किशोर न्याय बोर्ड और बाल कल्याण समिति के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कर्मियों को इन योजनाओं के क्रियान्वयन और क्षेत्रीय स्तर पर इनकी निगरानी की प्रक्रिया को भी समझाया। कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के सहायक निदेशक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल संरक्षण इकाई से जुड़े अधिकारी-कर्मी सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित थे।




## खपरैल झोपड़ी गिरने से चार युवक घायल

**केतार/भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के गम्हरिया टोला (लोहरगाड़ा) में मंगलवार को बारिश के दौरान खपरैलनुमा झोपड़ी गिरने से चार युवक घायल हो गए। घायल युवकों में राजू पाल, अनुज गुप्ता, रोहित सिंह और करीमन पाल शामिल हैं। बताया गया कि यह झोपड़ी दो दिन पूर्व ही बनी थी, और बारिश से बचने के लिए चारों युवक उसमें बैठे थे, तभी अचानक झोपड़ी भरभरा कर गिर गई। सभी को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार ने प्राथमिक उपचार किया।

# जिला योजना समिति की बैठक संपन्न अधूरी योजनाओं को बंद करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** 17 जून को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के आवंटन पर आधारित नई योजनाओं के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागों को योजनाओं के समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्ता पूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश दिए। अधूरी और विवादित



योजनाओं को बंद करने का निर्णय लिया गया। पेयजल समस्याओं पर विशेष ध्यान देते हुए जलापूर्ति योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया गया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, जलापूर्ति, सड़क, ग्रामीण विकास और डीएमएफटी मद से जुड़ी योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त, जिला कल्याण पदाधिकारी, सिविल सर्जन, कृषि पदाधिकारी सहित कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## झमाझम बारिश से मौसम सुहाना, किसानों में लौटी उम्मीद




**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** मंगलवार को लगभग एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश ने भीषण गर्मी से राहत दिलाई और पूरे प्रखंड का मौसम खुशनुमा कर दिया। पिछले पंद्रह दिनों से झुलसाने वाली गर्मी और लू से परेशान लोग इस बारिश से बेहद प्रसन्न नजर आए। बारिश से सूखी धरती को नमी मिली, जिससे खेतों में हरकत शुरू हो गई है। किसान जुताई, बीज बुवाई व मेंड़बंदी की तैयारी में जुट गए हैं। गांवों में हल-बैल और ट्रैक्टरों की आवाजें गूंजने लगी हैं। बच्चों और युवाओं ने भी बारिश का भरपूर आनंद लिया। यह पहली जोरदार बारिश किसानों के लिए नई उम्मीद लेकर आई है। अगर आने वाले दिनों में बारिश जारी रही तो धान की रोपाई समय पर हो सकेगी।

## वज्रपात से दुधारू गाय की मौत, पशुपालक ने की मुआवजे की मांग

**केतार (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत परती कुशवानी पंचायत के अच्छिया टोला निवासी मोतीलाल यादव की दुधारू गाय मंगलवार दोपहर बज्रपात की चपेट में आकर मर गई। बताया गया कि हल्की बारिश के दौरान अचानक तेज गर्जना हुई और पास ही वज्रपात हो गया, जिससे गाय की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस घटना से पशुपालक को आर्थिक क्षति हुई है। मोतीलाल यादव ने प्रशासन से मुआवजे की मांग करते हुए सरकार से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है।

## कॉफी विद एसडीएमः योग प्रशिक्षकों संग होगा विशेष संवाद, 18 जून को आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम ₹कॉफी विद एसडीएम₹ का अगला सत्र अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को समर्पित होगा। यह कार्यक्रम बुधवार, 18 जून 2025 को सुबह 11:00 बजे अनुमंडल कार्यालय, गढ़वा में आयोजित किया जाएगा। इस बार का संवाद विशेष रूप से योग प्रशिक्षकों, शिक्षकों और विशेषज्ञों के साथ आयोजित किया जा रहा है, ताकि उनके अनुभव, समस्याएं और सुझावों को सुनते हुए प्रशासनिक सहयोग के नए आयाम स्थापित किए जा सकें। एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि ह्लयोग प्रशिक्षक हमारे समाज के स्वास्थ्य योद्धा हैं।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हम उनके योगदान को सम्मानित करना चाहते हैं और उनके साथ मिलकर समाज को स्वस्थ बनाने की दिशा में रणनीति तय करेंगे।ह्व उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के सभी योग प्रशिक्षकों से इस संवाद में भाग लेने की अपील की है। संवाद के दौरान प्रशासन और योग समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर चर्चा होगी।

## बीईईओ ने शिक्षकों संग की बैठक, विभागीय योजनाओं व अनुपालन पर दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में मंगलवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने क्षेत्र के सभी प्राथमिक, मध्य, उच्च, उत्क्रमित एवं नव प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, बीआरपी व सीआरपी के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बैठक में ₹प्रयास₹ एवं ₹प्रोजेक्ट इंपैक्ट₹ की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बीईईओ ने चार हाउस की संरचना, बाल संसद गठन, आदर्श प्रार्थना सभा, समाचार वाचन, योगाभ्यास, स्वच्छता जांच, रेल प्रोजेक्ट अंतर्गत टॉपर विद्यार्थियों का सम्मान, महापुरुषों की जयंती-पुण्यतिथि मनाने जैसी गतिविधियों के क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। उन्होंने एमडीएम एसएमएस रिपोर्टिंग, विद्यालय का समय पालन, शिक्षकों की उपस्थिति, ई-विद्या वाहिनी एप पर छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने को अनिवार्य बताया। बैठक में बीपीओ तहमीना परवीन, बीआरपी श्रीकांत चौबे, सीआरपी सुबोध कुमार, एमआईएस कोऑर्डिनेटर राजकुमार कुशवाहा समेत दर्जनों प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी समस्याएं कई मामलों का मौके पर हुआ निपटारा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। उपायुक्त ने सभी फरियादियों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान का निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अतिक्रमण, आवास योजना, मुआवजा, रोजगार, विद्यालय नामांकन, इलाज के लिए सहायता जैसे कई मुद्दे उठे। प्रमुख मामलों में चिनिया प्रखंड के कठौतिया निवासी रंजीत कुमार यादव ने अपनी पुत्री के डायलिसिस इलाज हेतु आर्थिक सहायता की मांग की। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं नगर ऊंटारी प्रखंड के जतपुरा निवासी मानिकचंद ने एनएच-75 में भूमि अतिक्रमण की शिकायत की, जिस पर जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए गए। मेराल के अटौला की राजकुमारी देवी ने अबुआ आवास की दूसरी किश्त न मिलने की शिकायत की, वहीं धुरकी के उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव ने आम रास्ते पर अवैध दीवार निर्माण की बात रखी, जिस पर अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया। मौके पर मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना से जुड़े भी कई मामले आए, जिनमें लाभुकों को किशत नहीं मिलने और भुगतान रुकने की शिकायत की गई। इनपर सामाजिक सुरक्षा निदेशक को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि जनता दरबार के माध्यम से प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## वज्रपात से महिला मजदूर की मौत, दो अन्य घायल

**विशुनपुरा।** थाना क्षेत्र के अहमर खास के पंचफेड़ी टोला स्थित 501 चिमनी ईंट भट्ठे पर सोमवार दोपहर वज्रपात की चपेट में आकर एक महिला मजदूर की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतका की पहचान लातेहार के सोहर गांव निवासी मंजू देवी (20) के रूप में हुई है। घायल में मंजू की 5 वर्षीय पुत्री श्रुति कुमारी और यूपी के चोपन निवासी अजय कुमार (20) शामिल हैं। तेज बारिश और गर्जना के दौरान मजदूर आम चुन रहे थे, तभी बिजली गिर गई। घायलों को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंजू देवी को मृत घोषित कर दिया गया। अन्य दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



### रमना में वज्रपात से वृद्ध की मौत

**रमना।** मंगलवार दोपहर आई वर्षा किसानों के लिए राहत लेकर आई, लेकिन भागोडीह पंचायत अंतर्गत चुंदी गांव के केवाल टोला निवासी 60 वर्षीय लखन भुईया के लिए यह जानलेवा साबित हुई। तेज बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, लखन भुईया अपनी पत्नी के साथ झोपड़ी (मड़ई) में बैठकर दोपहर का भोजन कर रहे थे, इसी दौरान वज्रपात हुआ जिससे वे झुलस गए और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के परिवार में केवल वह और उसकी पत्नी ही रहते थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आकाश कुमार के निर्देश पर एसआई राकेश कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। गांव में इस घटना से शोक की लहर है।

### युवक की मौत, ससुराल वालों पर हत्या की आशंका

**केतार।** थाना क्षेत्र के चौरा गांव निवासी उमेश चंद्रवंशी के 24 वर्षीय पुत्र अनूप चंद्रवंशी की मौत रविवार की रात राजस्थान में हो गई। मृतक की पत्नी नीलम देवी ने बताया कि सिलीदाग गांव निवासी उनके भाइयों ने रोजगार के लिए उन्हें और उनके पति को राजस्थान बुलाया था। शनिवार को अनूप को बुखार और उल्टी की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार देर रात उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की सुबह शव चौरा गांव पहुंचा, जहां मृतक के घरवालों और ससुराल पक्ष के बीच कहासुनी होने लगी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी दल-बल के साथ पहुंचे और मामले को शांत कराते हुए अंतिम संस्कार करवाया। मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर मारपीट कर हत्या करने की आशंका जताई है।

### मानसून से पहले नगर पंचायत ने नालियों की सफाई तेज की

**मंझिआंव।** मानसून से पहले नगर पंचायत मंझिआंव ने शहर की नालियों की सफाई युद्धस्तर पर शुरू कर दी है। जेसीबी (खउइ) मशीनों की सहायता से मुख्य सड़कों और गलियों की जाम नालियों की सफाई की जा रही है। कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि पिछली बार की समस्याओं से सबक लेते हुए इस बार समय पर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि नालियों में कचरा न डालें और अभियान में सहयोग करें।



### 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के समर्थन में राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश समिति सदस्य रामलाल दुबे ने अपने समर्थकों के साथ 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की संकल्पना के समर्थन में महामहिम राष्ट्रपति के नाम बीडीओ राकेश सहाय को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि इससे देश की प्रशासनिक एवं आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता आएगी। मौके पर राजेंद्र पांडे, ललित बैठा और विनोद प्रसाद सहित कई लोग मौजूद रहे।

### मनरेगा कार्य निष्पादन हेतु पांच रोजगार सेवकों का स्थानांतरण

**मेराल।** प्रशासनिक दृष्टिकोण से मनरेगा कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु मंगलवार को बीडीओ सतीश भगत ने पांच रोजगार सेवकों का स्थानांतरण किया। बीपीओ आदम अली ने बताया कि पंकज यादव को बाना से चेचरिया, अमित कुमार तिवारी को बिकताम से बाना, विजय ठाकुर को चामा से तेनार, रविकांत भूषण को चेचरिया से चामा और सुरेंद्र बैठा को तेनार से बिकताम पंचायत में स्थानांतरित किया गया है।

## चोरी की गई सब्जी शौचालय में मिली, पुलिस जांच में जुटी

**भवनाथपुर।** आरके प्लस टू हाई स्कूल के सामने स्थित सब्जी दुकान से बीते दिनों चोरी हुई सब्जी की पेटी स्कूल परिसर के छात्रावास भवन के शौचालय में फेंकी हुई मिली। दुकानदार इम्तियाज अंसारी ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद एएसआई जगबंधु महतो मौके पर पहुंचकर जांच की। ज्ञात हो कि एक सप्ताह पूर्व उसी इलाके की सैलून, सब्जी और मुर्गा दुकानों में चोरी की घटनाएं हुई थीं।

## सीताचूइया घाटी में टेंपो पलटा, छह लोग घायल, एक की हालत गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** भवनाथपुर-बंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर तुलसीदामर के पास सीताचूइया घाटी में मंगलवार को एक सवारी लदा टेंपू अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। घायलों को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक महिला की स्थिति गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में चचेरिया गांव के 65 वर्षीय हृदयनाथ चौरसिया, जासा के रणजीत कुमार (25), दहेड़िया निवासी सुजीता देवी (55), रमना थाना क्षेत्र के लल्लू बैठा की पत्नी कुंती देवी (53), तथा उत्तरप्रदेश के कोण थाना क्षेत्र के मिस्त्री लाल की पत्नी मिला देवी (30) शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल कुंती देवी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टेंपू तेज गति से आ रहा था और घाटी में घुमावदार मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद चालक टेंपू लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अमरोरा विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी तेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर मध्य विद्यालय अमरोरा में जोर-शोर से तैयारियाँ चल रही हैं। मंगलवार को विद्यालय में विशेष योग अभ्यास सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधानाध्यापक राजीव रंजन द्विवेदी की अगुवाई में बच्चों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम व प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। उन्होंने योग को मानसिक शांति और आत्मबल का स्रोत बताया और बच्चों को इसे दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा दी। शिक्षकों ने भी अभ्यास सत्र में भाग लेकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। 21 जून को आयोजित होने वाले मुख्य आयोजन की तैयारी अंतिम चरण में है, जिसमें ग्रामीणों और अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया है।



## धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान को लेकर बैठक, दो पंचायतों में शिविर 19 व 20 जून को

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को बीडीओ प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में बताया गया कि जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा प्रखंड की दो पंचायतों–परती कुशवानी और पचाडुमर का चयन किया गया है। इस अभियान के तहत 19 जून को परती कुशवानी और 20 जून को पचाडुमर पंचायत के चांदडीह गांव में शिविर लगाया जाएगा। शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पीएम किसान सम्मान निधि व जनधन खाता आदि का ऑन-द-स्पॉट निर्माण किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। बैठक में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और कनीय अभियंता सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।





**कार्यालय :- कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू**
**योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने,**
**मेदिनीनगर पलामू - 822101**

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति**
**सामयिक सूचना अंक – 01/2025**

प्रिय किसान भाईयों,

जोहार! खरीफ फसल लगाने का मौसम आ चुका है। यह आवश्यक है कि हम सभी उसकी उचित तैयारी कर लें। इस क्रम में किसान बंधुओं को यह परामर्श दिया जाता है कि फसल लगाने के पहले अपने **खेतों की मिट्टी** एवं **उसमें लगने वाले बीज का उपचार** अवश्य कर लें। मिट्टी एवं बीज में उपस्थित रोग कारक फसल को रोगी बनाते हैं, जिससे फसल की उपज में कमी होती है। यदि इन रोग कारकों को पूर्व में ही नष्ट कर दिया जाय तो फसल में रोग होने की संभावना कम हो जाती है। इसके लिए लगाने वाले बीजों एवं खेत की मिट्टी में अनुशंसित रसायन मिलाया जाता है। यह प्रक्रिया अत्यंत सस्ती एवं सरल है जिसके द्वारा अल्प श्रम एवं कम खर्च में बहुत बड़े क्षेत्र के फसलों को बचाया जा सकता है।

अतः बीज लगाने से पूर्व बीज उपचार एवं मिट्टी उपचार अवश्य करें।

**मिट्टी उपचार हेतु :–**

(1) खेतों की अंतिम जुताई के समय यदि खेत की मिट्टी का पी0एच0 मान 5.5 से कम हो तो चूना तत्व जैसे–बुझा चूना/डोलोमाईट का प्रयोग 120–160 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से उपयोग करें।
(2) क्लोर–पायरीफॉस धूल 8 से 10 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से खेतों में उपयोग करें।

**बीज उपचार का महत्व :–**

(1) मिट्टी जनित एवं बीज जनित रोगों से सुरक्षा
(2) बीज सड़न में कमी
(3) बेहतर अंकुरण
(4) जड़ में वृद्धि
(5) प्रतिरोधी क्षमता का विकास
(6) स्वस्थ एवं सुदृढ़ फसल
(7) उत्पादन में वृद्धि

**बीज उपचार हेतु अनुशंसित रसायन :–**

| क्र. सं. | फसल का नाम | प्रमुख रोग एंव कीट | रसायन/जैव नाशी का नाम | रसायन/जैव नाशी की मात्रा (ग्राम/किलो बीज) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | धान | झुलसा/पत्र लॉंक्षण/भूरी चिती रोग, धड़ सड़न | कार्बेन्डाजिम अथवा ट्रायसायक्लाजोल | 2 |
| 2. | मक्का | हेल्मिंथेस्पोरियम, शीथ ब्लाइट | टेवुकोनाजोल | 2 |
| 3. | अरहर | उकठा रोग | कार्बेन्डाजिम | 2 |
| | | दीमक | क्लोरपायरीफॉस 20% EC | 6 मि0ली0 |
| 4. | मूँगफली | बीज एवं मिट्टी जनित रोग | कार्बेन्डाजिम 50% घुलनशील चूर्ण | 2/2 |
| | | दीमक | क्लोरपायरीफॉस 20% EC | 6 मि0ली0 |

PR.NO.355218 District(25-26):D

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**एन०आर०ई०पी०, चतरा**

**ई– पुनर्निविदा निविदा आमंत्रण सूचना**

पुनर्निविदा निविदा सूचना संख्या– EE/NREP/CHATRA/24/2024-25-RE-2 दिनांक– 16.06.2025

1. मद का नामः समाज कल्याण विभाग योजना अन्तर्गत :–

| क्र. सं. | ग्रुप सं. | परियोजना का नाम | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | गुदरी बाजार | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 2 | 4 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | अंडी रेशम | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 3 | 5 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | ग्वाल टोली | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 4 | 6 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | खानकाह रोड | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 5 | 7 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | मेन रोड | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 6 | 8 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | नगवां उत्तरी | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 7 | 9 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | नगावां दक्षिणी | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 8 | 10 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | चुड़ीहार मुहल्ला | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 9 | 11 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | दीभा 02 | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 10 | 12 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | दीवानखाना 02 | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 11 | 13 | चतरा ग्रामीण | चतरा | मोकतमा | कच्चा | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 12 | 14 | चतरा ग्रामीण | चतरा | सिकीद | सिन्दुआरी | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 13 | 15 | चतरा ग्रामीण | कानहचटटी | बेगोंकला | केन्दुआ सहोर | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 14 | 17 | ईटखोरी | पत्थलगडा | सिंघानी | सिंघानी धोबी टोला 02 | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 15 | 18 | ईटखोरी | पत्थलगडा | बरवाडीह | बरवाडीह 02 | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 16 | 19 | ईटखोरी | मयूरहण्ड | कदगॉवाकला | दिग्गी | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 17 | 20 | टण्डवा | टण्डवा | बेंती | कुटकी | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 18 | 21 | टण्डवा | टण्डवा | बेंती | तिलैया टोंगरी | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 19 | 22 | टण्डवा | टण्डवा | गाडीलौंग | बरईटोला | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 20 | 23 | टण्डवा | टण्डवा | बडगॉवा | नायकटोला | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 21 | 24 | टण्डवा | टण्डवा | कोयद | कोयद 03 | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 22 | 27 | प्रतापपुर | कुन्दा | सिकीदाग | सोहरलाट | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 23 | 28 | सिमरिया | सिमरिया | सबानो | लच्छीगडा | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 24 | 29 | सिमरिया | सिमरिया | डाडी | डाडीभगत टोला | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 25 | 30 | सिमरिया | सिमरिया | अमगॉवा | अमगावां 02 | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 26 | 31 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | मीरपुर | भागेवार | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 27 | 32 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | मीरपुर | आमिन | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 28 | 33 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | दण्तार | जोलहाटोली | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 29 | 34 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | जोरी कला | जोरी कला 01 | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 30 | 35 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | नावाडीह | उचला | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 31 | 36 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | खुटीकेवाल खुर्द | खुटीकेवाल खुर्द | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 32 | 37 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | नावाडीह | नावाडीह मियाटोली | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |

2. वेबसाइट में ई–पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.06.2025
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय– 04.07.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई –पुनर्निविदा निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 07.07.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई –पुनर्निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा।
6. ई –पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. – 9572666229, (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
7. निविदा का एकरारनामा राजस्व प्रतिवेदन/भूमि प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात किया जाएगा।
8. विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन.आर.ई.पी., चतरा।

PR.NO.355276 NREP(25-26):D

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में स्वयंसेवक गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के तरवाडीह पंचायत अंतर्गत गाला नदी के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक घायल हो गए। दुर्घटना में तरवाडीह पंचायत के स्वयंसेवक खुर्शीद अंसारी (35 वर्ष) और सासंग निवासी सोनू नायक (28 वर्ष) घायल हुए। मौके पर पहुंचे तरवाडीह पंचायत के मुखिया ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल खुर्शीद अंसारी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार खुर्शीद अंसारी पंचायत भवन में चल रहे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर के लिए अतिथियों हेतु अल्पाहार लेने लातेहार रेलवे स्टेशन जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

## बरनी चौक पर ट्रक और कार की टक्कर में तीन घायल, रांची रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बारियातू थाना क्षेत्र के बरनी चौक के पास सोमवार देर रात कार और ट्रक की जबरदस्त टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान विपिन कुमार, प्रकाश सिंहा और चंदन कुमार के रूप में हुई है। टक्कर के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने घायलों को बालूमाथ अस्पताल पहुँचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रांची रिम्स रेफर किया गया। ट्रक की तेज रफ्तार को हादसे का कारण बताया गया है। लोगों ने मालवाहक वाहनों की गति नियंत्रित करने की मांग की है।

## तीसरे दिन एसडीओ से वार्ता के बाद किसानों ने स्थगित किया जल सत्याग्रह आंदोलन

**चंदवा।** टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर व फुट ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर चल रहा किसानों का जल सत्याग्रह आंदोलन तीसरे दिन एसडीओ अजय रजक के साथ वार्ता के बाद स्थगित हो गया। बारिश के बीच किसानों ने जल में लेटकर आंदोलन जारी रखा। एसडीओ ने फ्लाईओवर निर्माण प्रक्रिया की जानकारी दी और सीओ को फुट ब्रिज कार्य में हस्तक्षेप का निर्देश दिया। आंदोलन का नेतृत्व अयूब खान ने किया। किसानों ने मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और अन्य पदाधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा।

## एसडीओ ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण मरीजों से मिले और व्यवस्थाएं परखी

**लातेहार।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) अजय कुमार रजक ने सोमवार को लातेहार सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी, ओपीडी, जनरल, शिशु सहित कई वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सीधी बातचीत की। एसडीओ ने डॉक्टर सुदामा राम से अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह निरीक्षण नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है और उद्देश्य यह है कि सीमित संसाधनों में भी अस्पताल का संचालन बेहतर ढंग से हो सके। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मरीजों को सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है ताकि मरीजों को इधर-उधर भटकना न पड़े। मौके पर कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## उकामाड में विशेष सेवा शिविर का आयोजन जनजातीय ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

**बेतला (लातेहार)।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत मंगलवार को बरवाडीह प्रखंड के उकामाड पंचायत सचिवालय में एक दिवसीय विशेष सेवा शिविर आयोजित किया गया। उद्घाटन बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, उपप्रमुख बिरेन्द्र जायसवाल, मुखिया पूनम देवी व अन्य जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ ने कहा कि अभियान का उद्देश्य कमजोर व अनुसूचित जनजातीय समूहों को सरकारी योजनाओं का लाभ देना है। शिविर में आधार, राशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान, पेंशन, प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल आदि विभागों के स्टॉल लगे। अनेक योजनाओं के लिए आवेदन लिए गए। शिविर में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने शिविर को लाभकारी बताया।

## मयूरहंड में एनजीटी आदेश का उल्लंघन, एक ट्रैक्टर जब्त

**मयूरहंड (चतरा)।** एनजीटी की रोक के बावजूद बड़ाकर नदी से अवैध बालू खनन जारी है। मंगलवार को बीडीओ मनीष कुमार ने छापेमारी कर बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया। ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट नहीं था। बीडीओ ने बताया कि ट्रैक्टर थाना को सुपुर्द किया गया है। जांच के बाद मालिक के विरुद्ध एनजीटी व खनन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## भूमि पर अवैध दावा को लेकर उपायुक्त से की शिकायत

**कुंदा (चतरा)।** जनता दरबार में बौधाडीह निवासी उपेंद्र ठाकुर ने उपायुक्त कीर्तिश्री जी को आवेदन देकर अपनी भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि खाता संख्या 03, प्लॉट संख्या 89 व 101, रकबा 2.17 एकड़ भूमि पर उनके पूर्वजों ने खेती कर जीवन यापन किया। आवेदनकर्ता ने आरोप लगाया कि कुछ भूमाफिया फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन पर दावा कर रहे हैं, जबकि न तो कभी बिक्री हुई है, न ही कोई हुक्मनामा निर्गत हुआ है। उन्होंने ऑनलाइन और ऑफलाइन जमाबंदी रद्द करने की मांग की है।

## प्राप्तपुर व कुंदा में विशेष शिविर का आयोजन

**प्रतापपुर/कुंदा (चतरा)।** 'आवा उत्कर्ष अभियान' के तहत प्रतापपुर प्रखंड के घोड़दौड़, हुमाजांग और कुंदा प्रखंड में विशेष शिविर आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य ग्रामीणों को आयुष्मान योजना, स्वास्थ्य जांच व दिव्यांग प्रमाण पत्र जैसी सेवाएं प्रदान करना था। शिविर में 37 लाभुकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, 149 लोगों की हिमोग्लोबिन व सिकल सेल जांच की गई (सभी रिपोर्ट नेगेटिव), और 32 शारीरिक दिव्यांगों के प्रमाण पत्र जारी किए गए। मानसिक दिव्यांगों की जांच की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नहीं होने से उनके प्रमाण पत्र जारी नहीं हो सके। चिकित्सा प्रभारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि सिकल सेल वंशानुगत रोग है, जिसकी समय पर पहचान व सावधानी जरूरी है। शिविर को सफल बनाने में सीएचओ विजय तिवारी, ईश्वर दांगी, बसंत कुमार और मिथिलेश कुमार का योगदान रहा।

### जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनीं समस्याएं

# शीघ्र समाधान का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने 18 शिकायतों को गंभीरता से सुना, जिनमें भूमि विवाद, अधिग्रहण, अनुकंपा नौकरी, मजदूरी भुगतान, भविष्य निधि भुगतान आदि शामिल थे।

बरियातू प्रखंड की कंचन देवी ने अपनी पुत्री के इंटर नामांकन हेतु निवेदन किया, जिसे उपायुक्त ने संज्ञान में लेते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को अग्रसारित कर नियमानुसार कार्रवाई का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को सभी शिकायतों के शीघ्र भौतिक सत्यापन कर समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

## मानदेय नहीं मिलने पर 108 एंबुलेंस कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** पिछले तीन माह से बकाया मानदेय नहीं मिलने से नाराज 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों ने सोमवार को लातेहार सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी कर्मी काले बिल्ले लगाकर विरोध जताते नजर आए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मार्च 2025 से अब तक मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे उन्हें भुखमरी की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों और सेवा प्रदाता कंपनी से गुहार लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका। कर्मियों ने आरोप लगाया कि विपरीत परिस्थितियों में 24 घंटे सेवा देने के बावजूद उन्हें समय पर भुगतान नहीं किया जाता और मानदेय मांगने पर बदसलूकी व नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है।

उन्होंने उपायुक्त से हस्तक्षेप कर शीघ्र बकाया भुगतान कराने की मांग की। कर्मियों ने चेतावनी दी कि जब तक मानदेय नहीं मिलेगा, तब तक वे काला बिल्ला लगाकर सेवा देंगे। प्रदर्शन में मदन कुमार, सचिव मनोज कुमार, इरफान अंसारी, कृष्णा प्रसाद, सकेंद्र यादव, विनय यादव, टिंकू यादव, सहाबुद्दीन अंसारी, दस्तगीर खान समेत कई कर्मी शामिल थे।

## माल्हन में जंगली हाथी ने घरों को किया क्षतिग्रस्त ग्रामीणों में दहशत

**चंदवा।** केकराही गांव में सोमवार आधी रात एक जंगली हाथी ने दो घरों की चारदीवारी को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का आतंक वर्षों से जारी है और विभाग द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाने जैसी मांगों पर कोई पहल नहीं की गई। ग्रामीणों ने वन विभाग से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

## असगर खान पुनः चुने गए चंदवा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष

**चंदवा।** मंगलवार को विश्रामगृह में चंदवा प्रखंड कांग्रेस की बैठक आयोजित हुई, जिसमें असगर खान को सर्वसम्मति से पुनः प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। अन्य नियुक्त पदाधिकारी भी घोषित किए गए। बैठक की अध्यक्षता गुजर उरांव ने की और मुख्य अतिथि डॉ. अजय नाथ शाहदेव थे। नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिया गया। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया।

## मॉनसून में तीन माह के लिए पर्यटकों के लिए बंद रहेगा बेतला नेशनल पार्क

नवीन मेल संवाददाता




**बेतला (लातेहार)।** हर वर्ष की तरह इस बार भी बेतला नेशनल पार्क आगामी 1 जुलाई से 30 सितंबर तक वन्य जीवों के प्रजनन काल और मॉनसून के कारण पर्यटकों के लिए बंद रहेगा।

वन विभाग के नियमानुसार, इस अवधि में केवल वनकर्मियों को ही पार्क में प्रवेश की अनुमति होगी। बेतला के प्रभारी रेंजर उमेश कुमार दुबे ने बताया कि फिलहाल विभागीय स्तर से आधिकारिक आदेश नहीं आया है, लेकिन जल्द ही अधिसूचना जारी होने की संभावना है।

पार्क बंद होने की खबर से स्थानीय पर्यटन व्यवसायियों और गाइडों में चिंता का माहौल है। उनका कहना है कि तीन महीने की यह बंदी उनके रोज़गार को प्रभावित करेगी।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं, दिया निर्देश

> भूमि विवाद, पेंशन, स्वास्थ्य व आवास से जुड़े मामलों पर दिया निर्देश

**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त कीर्तिश्री जी ने जनता दरबार के माध्यम से आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्य रूप से भूमि विवाद, वृद्धा पेंशन, विकलांग ट्राई साइकिल, आवास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे आए। उपायुक्त ने हर एक आवेदन को स्वयं पढ़ा और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि हर मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 1:00 बजे तक जनता दरबार आयोजित होता है।

### हिंडाल्को चकला कोल ब्लॉक पर रैयतों की बैठक संपन्न

## अधिकांश रैयत जमीन देने के पक्ष में, प्रबंधन ने आरएनआर नीति के पालन का दिया आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को हिंडाल्को चकला कोल परियोजना को लेकर तीसरी बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसडीओ अजय कुमार रजक ने ग्रामीण रैयतों और कंपनी प्रबंधन के साथ विस्थापन नीति, मुआवजा व अधिकारों पर चर्चा की।

बैठक में अधिकतर रैयत जमीन देने को सहमत दिखे, वहीं कुछ ने शर्तों के साथ सहमति जताई। ग्रामीणों ने हालिया सर्वे में गड़बड़ियों, गैर-मजरूआ एवं वनभूमि पर अधिकार, और सही मुआवजे की मांग की।

हिंडाल्को के यूनिट हेड दीपक लंका ने कहा कि कंपनी आरएनआर नीति का पूर्ण पालन करेगी। रैयतों को चार गुना मुआवजा, स्वास्थ्य शिविर, और रोजगार प्रशिक्षण जैसे कार्य पहले से किए जा रहे हैं।

एसडीओ ने ग्रामीणों से अपील की कि वे कानून को अपने हाथ में न लें और यदि कोई शिकायत हो तो प्रशासन को सूचित करें। बैठक में अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, थाना प्रभारी रणधीर कुमार, कंपनी अधिकारी व सैकड़ों रैयत मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### आकाशीय बिजली गिरने से मजदूर महिला की मौत, बेटी और युवक घायल

**महुआडांड़।** मंगलवार को अमहर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से सोहर गांव निवासी 20 वर्षीय मंजू देवी की मौत हो गई। वह मजदूरी करने आई थी। उसकी 5 वर्षीय पुत्री और एक युवक अजय कुमार झुलस गए हैं। हादसा उस समय हुआ जब मजदूर आम चुन रहे थे। प्रशासन ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मुआवजे का आश्वासन दिया। गांव में शोक का माहौल है और ग्रामीणों ने प्रशासन से सहायता की मांग की है।

### उपायुक्त ने भवन निर्माण योजनाओं की समीक्षा की, समय पर पूर्णता का निर्देश



**लातेहार।** मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में भवन प्रमंडल की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने नवादा ग्राम में हाथी रक्षा क्षेत्र, भूसुर (सिकनी) में हॉकी स्टेडियम, बालूमाथ, लुकैया और केचकी में ट्रॉमा सेंटर, बांसकरचा और डेमू विद्यालय में भवन निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि योजनाएं तय समयसीमा में पूरी की जाएं और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। उन्होंने कहा कि जनोपयोगी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए ताकि आम जनता को शीघ्र लाभ मिल सके।

### आंगनबाड़ी सहायिका चयन में अनियमितता की ग्रामीणों ने की शिकायत

**लातेहार।** सदर प्रखंड के पेशरार पंचायत अंतर्गत हेठवाटोली गांव में आंगनबाड़ी सहायिका के चयन में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेम्ब्रम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि 11 जून को हुए चयन में स्वेता देवी को मनमाने ढंग से चुन लिया गया जबकि मंचिता देवी अधिक योग्य होने के बावजूद चयन से वंचित रहीं। ग्रामीणों ने चयन प्रक्रिया को पक्षपातपूर्ण बताया और उसे रद्द कर पुनः निष्पक्ष चयन कराने की मांग की। ज्ञापन पर पुष्पा देवी, शिवनारायण सिंह, पिंकी देवी, प्रमिला देवी, मायावती देवी, रेखा देवी, संतोष राम सहित दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

### विधायक ने सीसीएल जीएम को सौंपा मांगपत्र, मृत युवक के परिजनों को मुआवजा व नौकरी की मांग

**बालूमाथ।** विधानसभा क्षेत्रीय विधायक प्रकाश राम ने सोमवार को आरा ग्राम के 41 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मगध सीसीएल महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ से मुलाकात की और मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में 9 जून को माइनिंग साइट पर मारे गए विजयपथ आनंद के परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा, मृतक के पिता को नौकरी, और माइनिंग एरिया में सुरक्षा व प्रकाश व्यवस्था की मांग की गई। जीएम नृपेंद्रनाथ ने बताया कि हत्या के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि, मुआवजा और नौकरी देने का कोई सीसीएल प्रावधान नहीं है, फिर भी वे मामले को वरीय अधिकारियों तक पहुंचाएंगे। मौके पर भाजपा नेता, ग्रामीण एवं विधायक समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
एन०आर०ई०पी०, चतरा

ई–अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अति अल्पकालीन् निविदा सूचना संख्या– EE/NREP/CHATRA/25/2023-24

दिनांक– 16.06.2025

1. मद का नामः समाज कल्याण विभाग योजना अन्तर्गत :–

| क्र॰ सं॰ | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टण्डवा | राहम | राहम | मेन रोड से सुर्य मन्दिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3736781 | 74800 | 5000 | तीन माह |

2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.06.2025
3. ई–अति अल्पकालीन् निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 05.07.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–अति अल्पकालीन् निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 07.07.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई–अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं॰ – 9572666229, (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
एन.आर.ई.पी., चतरा

PR 355265 NREP(25-26).D

समाहरणालय, गढ़वा
(समाज कल्याण शाखा)

सेविका/सहायिका चयन हेतु प्रेस विज्ञप्ति

गढ़वा जिला अन्तर्गत ऑगनबाड़ी केन्द्रों (PVTG) में सेविका/सहायिका के रिक्त पदों पर चयन हेतु आम सभा की तिथि ऑगनबाड़ी केन्द्रवार निर्धारित की गई है। इस सूचना के माध्यम से सभी योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्न विवरण के अनुसार निर्धारित तिथियों कोससमय आम सभा में उपस्थित होकर चयन कार्यक्रम में भाग लें :–

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | ऑगनबाड़ीकेन्द्र का नाम | रिक्त पद | पोषक क्षेत्र का जातिबाहुल्य | आमसभा की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | भण्डरिया | भण्डरिया | बंजारी (नौका टोला) | सेविका/सहायिका | ST | शुक्रवार 04.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 2 | भण्डरिया | भण्डरिया | चपलसी | सेविका/सहायिका | ST | शनिवार 05.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 3 | भण्डरिया | भण्डरिया | बिजका–1 | सेविका/सहायिका | ST | सोमवार 07.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 4 | भण्डरिया | भण्डरिया | पर्रो–1 | सेविका/सहायिका | ST | मंगलवार 08.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 5 | भण्डरिया | बड़गड़ | रूदा | सेविका/सहायिका | ST | बुधवार 09.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 6 | भण्डरिया | बड़गड़ | तुमेरा | सेविका/सहायिका | ST | गुरूवार 10.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 7 | भण्डरिया | बड़गड़ | चपिया | सेविका/सहायिका | ST | शुक्रवार 11.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 8 | भण्डरिया | बड़गड़ | खूरा | सेविका/सहायिका | ST | शनिवार 12.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 9 | भण्डरिया | बड़गड़ | चेमो | सेविका/सहायिका | ST | सोमवार 14.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 10 | भवनाथपुर | भवनाथपुर | झुमरीलहराहा | सेविका/सहायिका | ST | शुक्रवार 04.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 11 | धुरकी | धुरकी | पचफेड़ी | सेविका/सहायिका | ST | शुक्रवार 04.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 12 | गढ़वा | गढ़वा | भदुआ | सेविका/सहायिका | ST | शुक्रवार 04.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 13 | काण्डी | काण्डी | लुका | सेविका/सहायिका | ST | शुक्रवार 04.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 14 | मेराल | डंडई | चकरी | सेविका/सहायिका | ST | शुक्रवार 04.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 15 | मेराल | डंडई | सिकरिया | सेविका/सहायिका | ST | शनिवार 05.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 16 | मेराल | मेराल | बाघेसर(बहेरवा) | सेविका/सहायिका | ST | सोमवार 07.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 17 | रंका | चिनियॉ | मसरा (मुटंगी) | सेविका/सहायिका | ST | शुक्रवार 04.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 18 | रंका | चिनियॉ | सिदे | सेविका/सहायिका | ST | शनिवार 05.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 19 | रंका | चिनियॉ | पुरेगाड़ा | सेविका/सहायिका | ST | सोमवार 07.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 20 | रंका | चिनियॉ | टांडिल | सेविका/सहायिका | ST | मंगलवार 08.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 21 | रंका | रंका | दमारन | सेविका/सहायिका | ST | बुधवार 09.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 22 | रंका | रमकण्डा | सबाने (परहिया टोला) | सेविका/सहायिका | ST | गुरूवार 10.07.2025 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 355226 (Welfare) 25-26 (D)

### पहल

### उड़ीसा एलॉय स्टील प्रा.लि. व श्रमिक समिति के बीच हुई बैठक

# प्रबंधन को 15 दिनों के भीतर मांगों पर विचार करने का निर्देश, समिति ने आंदोलन की चेतावनी दी

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** मंगलवार को चंदवा अंचलाधिकारी कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक की अध्यक्षता में किसान विकास श्रमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड एवं उड़ीसा एलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड प्रबंधन के बीच बैठक आयोजित हुई। बैठक का उद्देश्य लंबे समय से चले आ रहे गतिरोध को समाप्त कर समाधान की दिशा में पहल करना था।

बैठक में समिति की ओर से अध्यक्ष प्रयाग गंझू ने कहा कि वर्ष 2007-08 में एस्सार पावर झारखंड द्वारा चतरो अनगड़ा में पावर प्लांट स्थापित करने हेतु 22 बिंदुओं पर समझौते के साथ भूमि अधिग्रहण किया गया था। वर्ष 2012 में प्लांट बंद हो गया और अब नए प्रबंधन (उड़ीसा एलॉय स्टील) द्वारा पुनः प्लांट शुरू करने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। किंतु बिना किसी सूचना के विस्थापितों को कार्य से हटा दिया गया, जिससे नाराजगी है।

एसडीओ ने प्रबंधन को समिति की मांगों पर 15 दिनों में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। समिति ने चेताया कि यदि समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा और न्यायालय का भी रुख किया जाएगा।

बैठक में अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, थाना प्रभारी रणधीर कुमार, प्रबंधन प्रतिनिधि राज सिंह, मुखिया दुर्गावती देवी, सितमोहन मुंडा, दीपू सिन्हा समेत कई लोग उपस्थित थे।

### अन्य समिति ने जताई नाराजगी

बैठक में श्रमिक सहयोग सहकारी समिति लिमिटेड महुआ मिलान को आमंत्रित नहीं किए जाने पर समिति के अध्यक्ष बैजू मुंडा, संजीव कुमार, चंद्रदीप प्रसाद ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह उनके अधिकारों का हनन है और जब तक विस्थापितों को न्याय नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा।

## न्यूज़ बॉक्स

### मलेरिया रोधी माह पर कार्यशाला आयोजित



**सेन्हा/लोहरदगा।** बरसात के मौसम में मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव को लेकर सेन्हा प्रखंड के अरू पंचायत स्थित प्लस टू नंदलाल उच्च विद्यालय में मंगलवार को मलेरिया रोधी माह के तहत एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने किया, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं को मलेरिया के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि मलेरिया मादा एनॉफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है, और समय पर इलाज न होने पर यह जानलेवा हो सकता है। बच्चों को परामर्श दिया गया कि बुखार होने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें, खून की जांच कराएं, और घरेलू उपायों के बजाय चिकित्सकीय सलाह का ही पालन करें। कार्यशाला के दौरान बच्चों को बताया गया कि मलेरिया की रोकथाम में समय पर पहचान और सतर्कता ही सबसे बड़ा उपाय है। इसके अतिरिक्त, बच्चों को मलेरिया के अन्य लक्षण जैसे कंपकंपी, सिरदर्द, थकान और उल्टी आदि के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर एमपीडब्ल्यू देवेंद्र गिरी, अनुज सिन्हा, गंदूर उराँव, विराज तिर्की समेत विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### घर में सांप मिलने से मचा हड़कंप



**सेन्हा/लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव तोड़ार निमटोली में सोमवार को एक किसान के घर में जहरीला गेहूवन नाग (रेसल स्नेक) घुस आने से परिजनों में दहशत का माहौल बन गया। परिजनों द्वारा जैसे ही सांप को देखा गया, तत्काल वन विभाग को सूचना दी गई। घटना स्व. रामजीत भगत के पुत्र परमीत भगत के घर की है, जहां परिजनों ने घर के अंदर एक विशाल गेहूवन नाग को कुंडली मारे बैठे देखा। ग्रामीणों की मदद से सांप को भगाने की कोशिश की गई, लेकिन वह टस से मस नहीं हुआ। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम, जिसमें रामहरि महतो और राजेश महतो शामिल थे, मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद विषैले सांप को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सांप ने किसी जंतु का सेवन किया हुआ था, जिससे उसकी गति धीमी हो गई थी और वह भाग नहीं पा रहा था। रेस्क्यू के बाद सांप को एक बोरी में बंद कर सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया गया। वनकर्मी रामहरि महतो ने बताया कि यह क्षेत्र जंगल से सटा होने के कारण अक्सर ऐसे जीव गांवों की ओर रुख करते हैं, खासकर जब जंगल में भोजन की कमी होती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सांप की चपेट में कोई भी व्यक्ति नहीं आया और सभी सकुशल हैं। रेस्क्यू के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। साथ ही ग्रामीणों को सुझाव दिया गया कि रात के समय घर के बाहर रोशनी जरूर रखें, ताकि सांप जैसे जीवों का प्रवेश रोका जा सके।

### जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने की जनवितरण प्रणाली दुकानों की जांच



**लोहरदगा।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने मंगलवार को सदर प्रखंड के कुटमु तथा सेन्हा प्रखंड के तोड़ार में संचालित जनवितरण प्रणाली की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गुलाबी, हरा और सफेद राशन कार्डधारकों की संख्या, उनके नामों की सूची और उन्हें मिलने वाली निर्धारित राशन मात्रा का मिलान किया गया। श्री जायसवाल ने संबंधित डीलरों को निर्देश दिया कि प्रत्येक लाभुक को सरकारी मापदंडों के अनुसार सही मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने खाद्यान्न की उपलब्धता, भंडारण और वितरण रजिस्टर की भी जांच की तथा यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी पात्र लाभुक को राशन से वंचित न किया जाए। जहां लाभुकों को राशन नहीं मिला था, वहां शीघ्र वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। श्री जायसवाल ने कहा कि जनवितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए ऐसे निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे। मौके पर प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी अजय अग्रवाल मौजूद थे।

### उदरंगी पंचायत में शिविर का आयोजन



**भंडरा।** अबुआ जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत उदरंगी पंचायत के हाटी अंबेरा गांव में शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में बीडीओ प्रतिमा कुमारी, पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली सहित सभी विभाग के कर्मी उपस्थित थे। शिविर में राशन कार्ड के लिए 27, पीएम किसान योजना के लिए 22, जनधन खाता के लिए 10, केवाईसी के लिए 7, वृद्धा पेंशन के लिए 7, पशुधन योजना के लिए 13, केसीसी के लिए 16 आवेदन प्राप्त हुए. शिविर में आयोजित हेल्थ कैंप में 49 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। सभी स्वास्थ्य जांच करने वाले लोगों को दवा दी गई।

### शिविर में 45 लोगों का हुआ स्वास्थ्य जांच

**सेन्हा-लोहरदगा।** अबुआ जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत आरा और बुटी पंचायत के चमडू ग्राम में अबुआ जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शिविर आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू के अलावे अन्य विभाग के प्रखंड कर्मी उपस्थित थे.आयोजित शिविर में राशन कार्ड के लिए 46 पीएम किसान योजना के लिए 54 जनधन खाता के लिए 17, केसीसी के लिए 18 आवेदन प्राप्त हुआ.आयोजित शिविर में हेल्थ कैंप में 45 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया.सभी लोगों को स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गई। वही बीडीओ संग्राम मुर्मू ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार 15 जून से 30 जून तक अबुआ जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है।

# सरकार की योजनाओं और बातों को जन-जन तक पहुंचाए : उपायुक्त


- क्षेत्र में चल रही योजनाओं से अवगत हुए, दिया दिशा निर्देश
- पंचायत के विकास में सहभागी बनें मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के पंचायत के प्रतिनिधि जितने सजग एवं सुदृढ़ होंगे लोहरदगा जिला उतना ही विकसित एवं समृद्ध होगा। पंचायत के मुखिया अपने-अपने क्षेत्र में संचालित सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी रखें साथ ही उनके सतत मॉनिटरिंग करते हुए उसका फीडबैक जिला प्रशासन को दें।

जिला प्रशासन विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर उन पर जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए समाधान करने का प्रयास करेगा। उपायुक्त डॉक्टर ताराचंद्र वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मुखिया से जुड़ते हुए उनको यह बातें कही। उपायुक्त ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 जून से 30 जून तक जिले के सभी जनजातीय बहुल ग्रामों में सरकार के अनेक कल्याणकारी योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

सभी मुखिया इस अभियान में जुड़े और अपने-अपने क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ दिलाएं। अभियान के तहत लगने वाले प्रखंड स्तरीय शिविरों में आने के लिए लोगों को जागरूक करने का उन्होंने निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका कर्तव्य है कि सरकार की बातों को वे लोगों तक पहुंचाएं एवं उनका फीडबैक सरकार को दें। उपायुक्त डॉ ताराचंद ने ऑनलाइन जुड़े मुखियाओं से एक एक कर उनसे बात की और क्षेत्र से जुड़े समस्याओं से अवगत हुए और उनको आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पंचायत में अवस्थित संसाधन के अनुरूप कार्य योजना बनाकर विकास में सहभागिता बनने की बात कही।



### कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट ने उपायुक्त का किया स्वागत



**लोहरदगा।** कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उपायुक्त डॉ. ताराचंद्र का स्वागत शाल एवं बुके भेंट कर किया। ट्रस्ट अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र भी सौंपा। मांग पत्र में वर्षों से निष्क्रिय पड़े झारखंड माटी कला बोर्ड का शीघ्र पुनर्गठन किए जाने की मांग की गई। साथ ही मिट्टी से जुड़े पारंपरिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक प्रखंड में कुम्हार समाज को मिट्टी कार्य हेतु गैर-मंजूरवा जमीन उपलब्ध कराने की भी अपील की गई।

### क्षेत्र भ्रमण कर बीडीओ ने किया योजनाओं का निरीक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन योजनाओं का क्षेत्र भ्रमण कर बीडीओ द्वारा निरीक्षण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू द्वारा प्रखंड क्षेत्र के बुटी,अलौदी और मुर्की तोड़ार पंचायत का भ्रमण कर विकास योजनाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में बुटी पंचायत के चमडू ग्राम में आदिम जनजाति समुदाय के लिये निर्मित धुमकुड़िया भवन,अलौदी पंचायत अन्तर्गत अलौदी गोसाई टोली में अनुसूचित जनजाति के लिये कल्याण विभाग से निर्मित धुमकुड़िया भवन का और मुर्की तोड़ार पंचायत के चौकनी ग्राम में संगीता देवी का बिरसा संवर्धन सिंचाई कूप तथा तोड़ार ग्राम में हउड़ा महतो का मनरेगा द्वारा 2020-21 का आम बागवानी और शंकर भगत का आम बागवानी के लिये गड्ढा खोदाई का निरक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात बीडीओ श्री मुर्मू ने कहा कि चमडू और गोसाई टोली में निर्मित धुमकुड़िया भवन का भौतिक कार्य पूर्ण हो चुका है। आम बागवानी तथा सिंचाई कूप दोनों का कार्य प्रगति पर है। मौके पर कनीय अभियंता शिव शंकर उरांव तथा पंचायत सचिव उपस्थित थे।

## आजसू संगठन होगा और मजबूत : आशुतोष तिवारी

- गांव-गांव तक संगठन विस्तार की रणनीति, प्रखंडवार प्रभारी किए गए मनोनीत

**नवीन मेल संववाददाता**



**लोहरदगा।** आजसू पार्टी की बैठक मंगलवार को मुद्रिका बैंक्विट हॉल, लोहरदगा में आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के केंद्रीय सचिव एवं लोहरदगा जिला प्रभारी आशुतोष तिवारी की उपस्थिति में संगठन को मजबूत करने और गांव-गांव तक विस्तार की रणनीति पर चर्चा की गई। श्री तिवारी ने कहा कि आजसू पार्टी पहले भी लोहरदगा जिले में मजबूत स्थिति में थी और आज भी है। हालांकि, चुनावों के बाद संगठन कुछ हद तक निष्क्रिय हो गया था और कुछ लोग स्वार्थवश अन्य दलों में चले गए। बावजूद इसके, संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी अडिग हैं और पुनः संगठन को धार देने में जुटे हैं। इस क्रम में संगठनात्मक मजबूती हेतु प्रखंडवार प्रभारी मनोनीत किए गए, जिनमे कुडू प्रखंडः लाल गुड्डू नाथशाहदेव, राजेंद्र लोहार, परमेश्वर महतो, शशि साहू, कैरो प्रखंडः विपिन सिंह, किस्को प्रखंडः बबलू महतो, भंडरा प्रखंडः देवेंद्र साहू, दिलीप साहू, पंकज मिश्रा, लोहरदगा ग्रामीणः कवलजीत सिंह, लोहरदगा नगरः महेंद्र महतो, पेशरार प्रखंडः सूरज अग्रवाल, विनोद उराँव शामिल हैं। प्रभारियों को दायित्व सौंपते हुए आशुतोष तिवारी ने कहा, "हमारा संगठन लोहरदगा में पहले से ही मजबूत था और आने वाले समय में और भी मजबूत बनेगा। जो लोग संगठन छोड़कर गए हैं, उन्हें भविष्य में इसका पछतावा होगा।" बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने संगठन को सशक्त और सक्रिय बनाने पर जोर दिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि वे मिलकर लोहरदगा की आजसू पार्टी को फिर से उसकी पुरानी गरिमा दिलाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, रामलखन प्रसाद, केंद्रीय महासचिव अंजू देवी, केंद्रीय सदस्य रामकुमार महतो, महेंद्र महतो, जिला प्रवक्ता सागर वर्मा, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सरस्वती देवी, नगर अध्यक्ष पवन प्रजापति, कार्यकारी अध्यक्ष राजन मेहता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### जिले के विभिन्न बालू घाटों पर खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त छापेमारी

## निगरानी अभियान आगे भी रहेगा जारी : डीएमओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा ।** जिले में अवैध बालू खनन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से खनन विभाग द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान दिनांक 16 जून 2025 की रात 11:00 बजे से प्रारंभ होकर 17 जून 2025 की सुबह 4:00 बजे तक चला। इस अभियान में लोहरदगा पुलिस केंद्र से उपलब्ध कराए गए पुलिस बल के सहयोग से जिले के प्रमुख बालू घाटों पर छापेमारी की गई। इस छापेमारी अभियान के तहत जिन बालू घाटों का दौरा किया गया, उनमें मंहो, जिंगी, एराडोन, सिठियो, एकागुरी, मेडो, कोरांबे और कंडरा शामिल हैं। यह सभी घाट पूर्व से चिन्हित किए गए थे, जहां अवैध खनन की संभावनाएं जताई जा रही थीं। अभियान के दौरान खनन विभाग की टीम और पुलिस बल ने इन सभी घाटों का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रत्येक स्थल पर संभावित गतिविधियों की जांच की गई, मशीनों के उपयोग, बालू के ढेर, ट्रकों की आवाजाही, रात के समय कार्य जैसी बातों पर विशेष ध्यान दिया गया। हालांकि, निरंतर निगरानी और देर रात तक चली गहन जांच के बावजूद कहीं भी अवैध खनन का कोई साक्ष्य या गतिविधि नहीं पाई गई। सभी घाट उस समय पूरी तरह से निष्क्रिय मिले। इस कारण जांच दल को खाली हाथ और निराश होकर लौटना पड़ा। अभियान के पश्चात खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध बालू खनन पर रोकथाम के लिए नियमित और सतत प्रक्रिया का हिस्सा है।


**SAKSHAM MAHILA UTPADAK SAMUH**

पता :- औद्योगिक सिलाई केंद्र प्रखंड परिसर, किस्को, लोहरदगा - 835302 Ph-6526275880.

Letter No. - SMUS/25-26/27 Date:17-06-2025

**Tender Call Notice**

Sealed tenders for rate contract are invited from different Agency/firms/companies having valid GST registration certificate for supply of 100000-Meter Approx. Shirting Pink fabric, 100000 Meter Approx. Shirting Green fabric. 100000 Meter Approx. Shirting Check fabric 100000 Meter Approx. Suiting Blue fabric and 100000.00 Meter Approx. Suiting Green fabric. The detailed terms & conditions and specification of the item are available in the notice board of Saksham Mahila Utpadak Samuh. Interested firms may submit their tender super scribing as "Tender for Supply of SHIRTING & SUITING FABRIC F.Y 2025-26" to the undersigned office on or before 3.00 P.M on 1st July '2025.

**Note :** Copy to the Notice Board of SMUS, KISKO for display.

SAKSHAM MAHILA UTPADAK SAMUH
KISKO

**कार्यालय, नगर परिषद, लोहरदगा**
**(राजस्व शाखा)**
Email ID nagarparshad07.lohardaga@gmail.com

**आम सूचना**

कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा द्वारा नव निर्मित कचहरी मोड़ स्थित दुकान आवंटन हेतु दुकान संख्या–05 में श्री चन्दन कुमार, पिताः– सीताराम साहु, पताः– टंगराटोली, अपर बाजार, लोहरदगा को दुकान आवंटन हेतु अंकित राशि रू0 3,00,000.00 (तीन लाख) (अग्रधन को छोड़कर) जमा करने हेतु कार्यालय पत्रांक– 1350, दिनांक– 23.12.2024, पत्रांक– 22, दिनांक– 07.01.2025 एवं पत्रांक– 66, दिनांक– 17.01.2025 तथा दुकान संख्या 06 में श्रीमती रश्मि कुमारी, पिताः– कृष्णा कुमार, ठाकुर मुहल्ला, अपर बाजार, लोहरदगा को दुकान आवंटन हेतु अंकित राशि रू0 2,71,000.00 (दो लाख इकहत्तर हजार) (अग्रधन को छोड़कर) जमा करने हेतु कार्यालय पत्रांक– 1351, दिनांक– 23.12.2024, पत्रांक– 21, दिनांक– 07.01.2025 एवं पत्रांक– 65, दिनांक– 17.01.2025 के द्वारा राशि जमा करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है, परन्तु अबतक उक्त आवेदको द्वारा दुकान आवंटन हेतु अंकित राशि जमा नहीं किया गया है, जिससे निकाय को राजस्व की क्षति हो रही है।

अतः उक्त आवेदको का आवेदन निरस्त करते हुए अग्रधन राशि जप्त की जाती है।

प्रशासक,
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 355204 Lohardaga(25-26).D

**कार्यालय : जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार**
द्वितीय तल्ला, समाहरणालय परिसर, लातेहार
ई मेल - mdm21lthr@gmail.com/mdmltr@yahoo.in

अतिअल्पकालीन निविदा संख्या– 01/2025
(जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, लातेहार)

**-: आवश्यक सूचना :-**

प्रभारी पदाधिकारी, लातेहार के पत्रांक 725 दिनांक 29.05.2025 के द्वारा लातेहार जिला के प्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावी क्षेत्र नगर पंचायत अंतर्गत ओ0बी0सी0 छात्रावास गुरूकुल माको, लातेहार में छात्र–छात्राओं हेतु आवश्यक सामग्री का क्रय एवं अधिष्ठापन किया जाना है।

आवश्यक सामग्रियों की सूची दर निर्धारण हेतु https://jharkhandtenders.gov.in पर प्रकाशित की गई हैं। संबंधित निविदाकर्ता उक्त प्रकाशित सूची का अवलोकन करते हुए निर्धारित समयावधि में अपना निविदा भेज सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
लातेहार

PR 355200 Human Resource Developement (25-26)_D

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक ................ दिनांक ......................

अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 19/2025–26

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत निर्मित आश्रय गृह बस डिप्पो हेतु सामग्री क्रय की आवश्यकता है। सामग्री क्रय हेतु आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता/आपूर्तिकर्ता/संवेदक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक 25.06.2025 को 1:00 बजे अपराह्न तक लिखित सहमति पत्र सभी कागजातों (ITR, GST, अनुभव इत्यादि) सहित बन्द लिफाफे जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे नगर निगम कार्यालय में e-procurement समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। क्रय हेतु सामग्री निम्नवत् है :–

| क्र0 | सामग्री का नाम | अदद | क्र0 | सामग्री का नाम | अदद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बेडसीट | 50 Pic. | 9 | सर्फ | 10 Kg |
| 2. | तकिया का खोल | 50 Pic | 10 | हैण्डवास | 05 Pic. |
| 3. | मछरदानी | 50 Pic | 11 | पेन | 2 दर्जन |
| 4. | मछरदानी पोल | 200 Pic. | 12 | फुलझाडु | 05 Pic. |
| 5. | एसिड़ | 15 Ltr. | 13 | डोर मेट | 6 Pic. |
| 6. | हारपिक | 10 Ltr. | 14 | पंखा कन्डेसर | 8 Pic. |
| 7. | फेनाईल | 10 Ltr. | 15 | डिस्टील वाटर | 5 Ltr. |
| 8. | पोछा | 02 Pic. | 16 | वाईपर | 4 Pic. |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR.NO.355312 District(25-26):D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(चोरी की गई मोटरसाईकिल)**

गढ़वा थाना कांड सं0–16/2025 दिनांक–09.01.2025 धारा–303(2) बी0 एन0 एस0 2023 में चोरी की गयी मोटरसाईकिल जिसका रजी0 नं0–JH03E9527 एवं इंजन नं0–HA10EDAGG51293 एवं चेचिस नं0– MBLHA10AHGG52930 का अज्ञात चोर के द्वारा दिनांक–06.01.2025 को रात्री में सा0–उंचरी, गढ़वा से चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 355296 Police(25-26)#D

**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।**
भूमि बिक्री अनुमति वाद संख्या–116/2025
आम इस्तेहारल

आवेदक ईश्वरी राम, पिता–यमुना राम, सा0–दिरिदाग, पो0–इचाक, थाना– बालूमाथ, जिला–लातेहार द्वारा चन्दा कुमारी रंजन, पति–मनोज कुमार सा0+पो0+ थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री के लिए अनुमति हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा– 46(1–बी) के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़ में) |
|---|---|---|---|
| हेमपुर | 160 | 1080 | $0.07\frac{1}{2}$ |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR 355225 District(25-26)D

## न्यूज बॉक्स

### करंट की चपेट में आकर शिक्षक की हुई मौत



**रायडीह (गुमला)।** सुरसांग थाना क्षेत्र के रेंगोला गांव में मंगलवार को एक दिल दहला देने वाली घटना में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बीर केरा के प्रधानाध्यापक एवं विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल खंड समिति, सुरसांग के सदस्य गजेंद्र किसान (28 वर्ष) की 11 हजार वोल्ट विद्युत करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गजेंद्र किसान के घर में बिजली की समस्या थी। इसे ठीक करने के प्रयास में वे ट्रांसफार्मर पर चढ़ गए और विद्युत लाइन सुधारने लगे। इसी दौरान उन्हें तेज करंट का झटका लगा, जिससे वे घंटों तक तारों में फंसे रहे और उनका शरीर आग की लपटों से झुलसता रहा। घटना की सूचना मिलते ही सुरसांग थाना प्रभारी मुकेश प्रसाद टूटू दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से बिजली आपूर्ति बंद कराई गई और मृतक के जले हुए शव को रस्सी से बांधकर नीचे उतारा गया। करंट लगने से गजेंद्र किसान का पूरा शरीर बुरी तरह झुलस गया था, और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिजली कटने के बाद भी शव से आग की लपटें उठती रहीं, जिससे पूरे गांव में शोक और सन्नाटा फैल गया।

### सड़क हादसे में तीन युवक घायल, अस्पताल में भर्ती



**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के कोकोटोली गांव के समीप मंगलवार को हुए एक सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर में चल रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, लापू गांव निवासी 20 वर्षीय मनदीप साहू, 18 वर्षीय मुकेश उरांव और 17 वर्षीय अमीन उरांव एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर प्लस टू हाई स्कूल, बिशुनपुर में नामांकन कराने जा रहे थे। इस दौरान कोकोटोली गांव के पास सामने से एक ट्रैक्टर बिजली का खंभा लेकर आ रहा था। साइड लेने के क्रम में ट्रैक्टर पर लदा खंभा मोटरसाइकिल से टकरा गया, जिससे तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने सक्रियता दिखाते हुए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनका इलाज जारी है।

### कौशल योजना के तहत पंजीकरण शिविर आयोजित, 131 युवाओं ने लिया भाग



**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार को पलाश-झारखंड राज्य आजीविका संवर्द्धन समिति द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत प्रेरणा-सह-पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को विभिन्न रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षणों से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी ने जानकारी दी कि शिविर में कुल 131 युवाओं ने भाग लिया। इनमें बिशुनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए 100 युवाओं ने विभिन्न ट्रेड के लिए तथा 31 युवाओं ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी गुमला के लिए पंजीकरण कराया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत इच्छुक युवाओं को सरकार द्वारा निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत रोजगार उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस योजना से जुड़कर अपने भविष्य को बेहतर बनाएं। इस अवसर पर जिला कौशल एवं रोजगार प्रबंधक बिरेंन बागवार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक नागेंद्र सिंह, मनोरंजन कुमार, विधायक प्रतिनिधि गुरुदेव उरांव, तनवीर अहमद, सूरज साहू समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भारी मात्रा में शराब व जावा महुआ जब्त, दो महिलाएं गिरफ्तार

**जारी।** गुमला उत्पाद अधीक्षक के कड़े निर्देशों के अनुपालन में, आज अवैध महुआ चुलाई शराब के खिलाफ एक बड़े अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। इस व्यापक कार्रवाई के तहत, चैनपुर अनुमंडल के जारी थाना क्षेत्र के श्रीनगर और जारी इलाकों में सघन छापेमारी की गई, जिसके परिणामस्वरूप दो महिलाओं – रीता करकेटा और सविता देवी को अवैध शराब के निर्माण और बिक्री में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया।छापेमारी के दौरान, उत्पाद विभाग की टीम ने मौके से 20 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब और 40 किलोग्राम जावा महुआ जब्त किया। यह कार्रवाई जिले में अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने के लिए उत्पाद विभाग की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।इस सफल अभियान में अवर निरीक्षक प्रदीप कुमार करमाली, उत्पाद सिपाही, और सशस्त्र गृह रक्षा बल के जवानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उत्पाद विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा, जिसका उद्देश्य जिले में अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाना है।

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत जागरूकता शिविर आयोजित

# योजनाएं तभी सफल होंगी जब आमजन होंगे जागरूक : उपायुक्त

- सैकड़ों ग्रामीणों को योजनाओं का मिला लाभ

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत गुमला जिला प्रशासन द्वारा 15 जून से 30 जून 2025 तक विशेष जागरूकता शिविरों की श्रृंखला प्रारंभ की गई है। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदाय को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना एवं उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत आज जिले के विभिन्न प्रखंडों में पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें सैकड़ों ग्रामीणों, विशेषकर जनजातीय समुदाय के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, वन अधिकार अधिनियम, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कृषि और उद्यान योजनाएं, मनरेगा, छात्रवृत्ति, जल जीवन मिशन, स्वरोजगार और आजीविका मिशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

शिविरों में उपस्थित लाभुकों के दस्तावेजों का मौके पर सत्यापन कर उन्हें संबंधित योजनाओं का तत्काल लाभ प्रदान किया गया। आधार अद्यतन, जाति/आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड संबंधी कार्यों के साथ-साथ ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण भी किए गए। जनसुनवाई और समाधान पर विशेष फोकस शिविरों में मौजूद विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का स्थल पर ही समाधान किया गया।

इसने ग्रामीणों का विश्वास प्रशासन पर और भी मजबूत किया। जिला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने इन शिविरों को "जनकल्याण से जनभागीदारी तक" की यात्रा का सार बताते हुए कहा, "प्रशासनिक योजनाएं तभी सफल होंगी जब आमजन जागरूक होकर सक्रिय भागीदारी निभाएं। सभी नागरिक विशेषकर जनजातीय समुदाय इन शिविरों में भाग लेकर अपने अधिकारों का लाभ उठाएं।"



### उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं कार्रवाई के दिए निर्देश

**गुमला।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस विशेष मौके पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए करीब 40 नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनकी सुनवाई करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान प्राप्त आवेदनों में सड़क, बिजली, पानी, भूमि विवाद, सरकारी सहायता, रोजगार, जमीन का ऑनलाइन अपडेट, चिकित्सा सहायता, आर्थिक सहयोग तथा शिक्षा से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। रायडीह प्रखंड के कांसीर पंचायत अंतर्गत नीचडूमरी गांव के ग्रामीणों ने बरसात में आवागमन की समस्या को लेकर पक्की सड़क निर्माण की मांग की। उपायुक्त ने इसे प्राथमिकता में लेने को कहा। ऊर्जा मित्रों ने मानदेय भुगतान में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। उपायुक्त ने वित्तीय असुविधा को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नीचडूमरी गांव के विद्यालय में कक्षा 1 से 5 तक केवल एक शिक्षक होने की शिकायत ग्रामीणों ने दर्ज की, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

### 18 जून को इन पंचायतों में होंगे शिविर

जिला प्रशासन ने आगामी शिविरों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि 18 जून 2025 को 13 प्रखंडों के निर्धारित पंचायत भवनों पर विशेष शिविरों का आयोजन होगा, जिनमें कलिगा, हेलता, करनी, सिकरी, कातिंग, केमटे, बागेसेरा, कोन्सा, ओलमुण्डा, सुपा, पंथा सहित अन्य स्थान शामिल हैं।

### करमडीपा चौक पर चलाया गया वाहन चेकिंग व जागरूकता अभियान



**गुमला।** जिला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार गुमला जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को गुमला-सिसई मार्ग स्थित करमडीपा चौक पर विशेष वाहन चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष ने किया, जिसमें जिला प्रशासन की टीम एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। अभियान के दौरान कुल 52 दोपहिया वाहन चालकों को रोका गया और उन्हें यातायात नियमों, हेलमेट की अनिवार्यता, सुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार, एवं दुर्घटनाओं से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। उपस्थित चालकों को सड़क सुरक्षा पुस्तिकाएं एवं पंपलेट भी वितरित किए गए। अधिकारियों ने चालकों को 'गुड समेरिटन योजना' के तहत बताया कि कोई भी नागरिक यदि किसी सड़क दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को गोल्डन ऑवर (दुर्घटना के एक घंटे के भीतर) में अस्पताल पहुंचाता है, तो उसे 2,000/- की प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति पत्र मिलेगा। साथ ही हिट एंड रन मामलों में मृतक के परिजनों को 2 लाख एवं गंभीर रूप से घायल को 50,000/- की सहायता राशि दिए जाने के प्रावधान से भी अवगत कराया गया। इस अभियान का उद्देश्य केवल नियम उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करना नहीं, बल्कि नागरिकों में स्वेच्छा से नियम पालन की भावना जागृत करना भी था। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, निर्धारित गति से वाहन चलाना जैसे बिंदुओं पर विशेष बल दिया गया।

### बस की चपेट में आने से युवक की मौत



**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना क्षेत्र के महुआडीपा राइस एंड साइन स्कूल के समीप मंगलवार दोपहर 2 बजे एन एच 23 फोरलेन रांची गुमला मुख्य मार्ग में फरहान नामक यात्री बस जे एच 07 ई-6411 की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार भरनो थाना क्षेत्र के जूरा नगड़ी गांव निवासी महादेव उरांव के 30 वर्षीय पुत्र मंगरू उरांव का घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गया। उसी रास्ते से गुजर रहे समाज सेवी सह जेएलकेएम के सिसई प्रखंड महामंत्री लाल नंदकिशोर नाथ साहदेव और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से शव को रेफरल अस्पताल सिसई लाया गया। जहां सिसई पुलिस के द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया। घटना के बाद से गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने रांची गुमला मुख्य मार्ग हाईवे को घटनास्थल पर ही जाम कर दिया जिससे सड़क में वाहनों की लंबी कतार लग गई। वहीं सूचना मिलने पर सिसई अंचलाधिकारी नितेश रोशन खलखो और सिसई थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों को समझा बुझा कर सड़क जाम को हटवाया। तथा अंतिम संस्कार करने के लिए तत्काल दस हजार रुपए का आर्थिक सहयोग किया गया। वहीं अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी ने कहा कि कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सरकार की ओर से मिलने वाली हर सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा।

पालकोट में अटल बली मंदिर समिति की बैठक संपन्न

## ग्रामीणों ने रथ यात्रा पूजा धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय

नवीन मेल संवाददाता



**पालकोट (गुमला)।** पालकोट दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ब्राह्मण मुहल्ला स्थित भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु अटल बली मंदिर में श्री श्री 1008 श्री जगन्नाथ महाप्रभु अटल बली मंदिर प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रथ यात्रा पूजा श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ भव्य रूप में आयोजित की जाएगी। समिति ने युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया और उनके योगदान को रथ यात्रा के सफल संचालन के लिए आवश्यक बताया। बैठक में यह भी तय किया गया कि रथ यात्रा के पश्चात भगवान श्री जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र का "दशा अवतार दर्शन कार्यक्रम" आयोजित किया जाएगा।

जिसके तहत 9 दिनों तक अलग-अलग रूपों में भगवान के दर्शन भक्तों को प्राप्त होंगे। इस दौरान महा भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। समिति द्वारा आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया और यह निर्णय लिया गया कि रथ यात्रा पूजा के उपरांत एक और बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें नवीन समिति के गठन पर विचार किया जाएगा। इस बैठक में पुजारी मुरलीधर होता, अनंत कुमार साहू (रिंकू), कुमुद बिहारी षाड़ंगी, दिलीप कुमार साव, रोहित कमल कश्यप, प्रमोद कुमार साहू, श्रीमोहन मिश्रा, विजय मिश्रा, कमलेश प्रसाद गुप्ता, नंद कुमार गुप्ता, गौतम हिंदुस्तान, रूपेश सोनी, नितिन केशरी सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।


**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**LATEHAR NAGAR PANCHAYAT**
**NIT No:- UDD/LNP/10/2025-26**
REQUEST FOR PROPOSAL

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Selection of Chartered Accountant/ Cost Accountant Firms For Internal Audit of Latehar Nagar Panchayat |
| 2 | Descriptions and Objectives of the Assignments | Internal Audit to assist in improving the accountability of use Funds and provide a deterrent to malpractice or mismanagement. |
| 3 | Language of Documentation | English |
| 4 | Mode of submission of bids | Offline Mode |
| 5 | Tender Document Fees | Rs 10,000/- in the form of Demand Draft |
| 6 | Earnest Money Deposit | Rs 50,000/- in the form of Demand Draft |
| 7 | EMD Exemption Allowed | No |
| 8 | EMD Payable to | Executive Officer, Latehar Nagar Panchayat Payable at Latehar |
| 9 | Method of Selection | "QCBS (Quality and cost based Selection method) |
| 10 | Total time Period | 3 Years |
| 11 | Date of starting of Sale of Tender. | 18.06.2025 up to 11:00 AM |
| 12 | Date of Start of Submission of Bids | 21.06.2025 up to 11:00 AM |
| 13 | Last Date/Time for submission of Bids Security, Cost of Bid Documents | 09.07.2025 up to 03:00 PM |
| 14 | No of Copies of Tech. and Financial Proposal for each package. | 1 copy of Technical Proposal<br>1 copy of Financial proposal |
| 15 | Date/Time of Technical Bid Opening | 09.07.2025 up to 04:30 PM |
| 16 | Bid Sale/Submission address | Nagar Panchayat Office Latehar |
| 17 | Helpline No | 8252639976 (City Maneger) |

PR 355220 Urban Development(25-26)D

Executive Officer
Latehar Nagar Panchayat



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER.**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA**

e-Procurement Tender Notice
Two Envelope System
Tender Reference No:- WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-04/2025-26
Letter No:- 398 Date:-16.06.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Harta Solar Lift Irrigation Scheme, Village- Harta, Panchyat- Fakiradih, Block- Bhandariya, Distirct- Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,09,47,667.73 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | Rs. 10,000=00 only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,09,500.00 only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender onwebsite (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 02.07.2025, Time- 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:- 09.07.2025, Time:- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 02.07.2025, Time- 4.00 PM<br>Last Date:- 09.07.2025, Time:- 4.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 11.07.2025, Time:-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Garhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer ( (b)<br>(b) E-mail of e-Procurement Officer | 8789558294<br>eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

**Note:-** Estimated Cost may Decrease or Increase
➢ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps (**AC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
➢ **Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR.NO.355300 Minor Irrigation(25-26):D

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Garhwa



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj**

e-Procurement Tender Notice
e-Tender Ref No-3/RCD/Daltonganj/2025-26/537 Dated:16.06.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | IRQP Work of Hutar To Chainpur Road (Total Length-32.05) for the year 2025-26. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 18,18,54,600.00 (Rupees Eighteen Crore Eighteen Lacs Fifty Four Thousand Six Hundred Rupees) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 18,18,600.00 (Rupees Eighteen Lacs Eighteen Thousand Six Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 06 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 25.06.2025, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 16.07.2025, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 17.07.2025, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.CD., Road Division, Daltonganj. 06562-225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number ofe-Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

PR 355212 Road (25-26)_D

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER.**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA**

e-Procurement Tender Notice, Two Envelope System
Tender Reference No:- WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-01/2025-26
Letter No:- 395 Date:-16.06.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Adhoura Solar Lift Irrigation Scheme, Village- Adhoura, Panchyat-Kushdand, Block-Nagar Untari, Distirct- Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,09,25,120.12 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | Rs. 10,000.00 only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,09,300.00 only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 02.07.2025, Time- 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:- 09.07.2025, Time:- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 02.07.2025, Time- 4.00 PM<br>Last Date:- 09.07.2025, Time:- 4.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 11.07.2025, Time:-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Garhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer ( (b) E-mail of e-Procurement Officer | 8789558294<br>eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

**Note:-** Estimated Cost may Decrease or Increase
· Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps (**AC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
· **Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 355307 Minor Irrigation(25-26)#D

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Garhwa



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER.**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA**

e-Procurement Tender Notice Two Envelope System
Tender Reference No:- WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-01/2025-26
Letter No:- 395 Date:-16.06.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of AdhouraSolar Lift Irrigation Scheme, Village- Adhoura, Panchyat-Kushdand, Block-Nagar Untari, Distirct-Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,09,25,120.12 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | Rs. 10,000.00 only(non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,09,300.00 only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publicationof Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 02 .07.202 5, Time - 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date: - 09.07.202 5, Time :- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 02 .07.202 5, Time - 4.00 PM<br>Last Date:- 09 .07.202 5, Time :- 4.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date: - 11.07.202 5, Time: -04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Garhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer ( (b) E-mail of e-Procurement Officer | 8789558294<br>eemidgarh- cemr- jhr@ nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

**Note:-** Estimated Cost may Decrease or Increase
➢Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps (**AC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
➢**Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 355303 (Minor Irrigation)25-26*D

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,Garhwa

सुप्रभात

विचार प्रवाह

परमात्मा का वास सभी इंसानों में है। लेकिन, सभी इंसानों में परमात्मा का भाव भी हो, ये जरुरी नहीं है। इसलिए व्यक्ति अपने कर्मों की वजह से दुखी है। - **स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी**

## संपादकीय

# ईरान इस्राइल युद्ध के संदेश

क्या ईरान इस्राइल युद्ध तीसरे विश्व युद्ध की शुरुआत है जैसा कुछ देश बता रहे हैं या इसे रोका जाएगा? यूक्रेन रूस युद्ध से दोनों की बर्बादी से भारत के वे लोग शायद ही सीख लें पाएं जो भारत पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच की तरह युद्ध की मांग कर रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर में अपने मुल्क की तबाही के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने नए फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को मई के अंत में तुर्किये और ईरान सहित कुछ इस्लामी देशों की यात्रा पर ले गए। कथित रूप से बहुत से इस्लामी नेताओं से गले मिलने और चूमने वाले सनकी मुल्ला मुनीर ने ईरानी अर्धसैनिक बल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख मेजर जनरल हुसैन सलामी को एक फैंसी घड़ी भेंट की, जिसमें जीपीएस ट्रैकर लगा था। बताया जाता है कि इस्राइल ने मेजर जनरल हुसैन सलामी को खत्म करने के लिए इसका इस्तेमाल किया। 13 जून, 2025 को, सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध खुफिया समर्थित ऑपरेशन में, इस्राइल ने ईरान की परमाणु सुविधाओं और बैलिस्टिक मिसाइल स्थलों और इसके शीर्ष जनरलों और दो दर्जन से अधिक परमाणु वैज्ञानिकों के आवासों पर बमबारी की, जिससे वे सभी मारे गए। इस हमले के लिए इस्राइल ने बड़े पैमाने पर तैयारी की थी। इस्राइल ने 2015 में हुए ईरान-अमेरिका परमाणु समझौते का विरोध किया था। इस्राइल ने ईरानी परमाणु कार्यक्रम के जनक मोहसिन फखरीजादेह की 2020 में हत्या की थी। वह नब्बे के दशक से नियमित रूप से ईरानी परमाणु वैज्ञानिकों को खत्म करता रहा है। अप्रैल 2024 में, इसने दमिश्क में ईरानी दूतावास पर बमबारी की, जिसमें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के आठ अधिकारी मारे गए थे। सितंबर 2024 में एक साथ कई पेजर और वॉकी-टॉकी विस्फोट में कई हिजबुल्ला लड़ाके मारे गए थे और सैकड़ों घायल हुए थे, जिसके पीछे इस्राइल का हाथ बताया जाता है। इस्राइल ने हमेशा कहा है कि ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम उसके 'अस्तित्व के लिए खतरा' हैं। ईरान की ही तरह हमास, हिजबुल्ला और हूती यहूदी राज्य के विनाश के लिए प्रतिबद्ध हैं। 2005 में ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने कहा था, 'इस्राइल को नक्शे से मिटा दिया जाना चाहिए।' 13 जून को घंटों चला इस्राइली हमला 1979 की क्रांति के बाद से इस्लामिक गणराज्य ईरान के लिए सबसे बड़ा सैन्य झटका है। 200 से अधिक इस्राइली विमानों ने 100 से अधिक स्थलों पर हमला किया, जिससे ईरान को व्यापक क्षति हुई। इन विमानों ने 4,000 किलोमीटर की यात्रा की। जाहिर है, इनमें अमेरिका एवं उसके सहयोगी देशों ने ईंधन भरा होगा। उन्होंने इराकी, सऊदी और जॉर्डन के हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल किया। उसके बाद से दोनों तरफ से हमला जारी है और इस जंग के जल्द खत्म होने के आसार नहीं दिखते। अपने लोगों से लंबी अवधि के लिए भंडार जमा करने का आह्वान करते हुए इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ये हमले 'इस्राइल के अस्तित्व के लिए ईरानी खतरे को खत्म करने के लिए एक लक्षित सैन्य अभियान' थे। एक इस्राइली सैन्य अधिकारी ने कहा कि इस्राइल 'दर्जनों' परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमला कर रहा है, क्योंकि ईरान के पास कुछ ही दिनों में 15 परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त सामग्री है। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने इस्राइल पर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं और इस्राइल ने तेहरान में हवाई हमलों का दूसरा दौर शुरू कर दिया।

> *इस्राइल ने हमेशा कहा है कि ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम उसके 'अस्तित्व के लिए खतरा' हैं।*

# वैश्विक खेल जगत में महाशक्ति बनता भारत



व र्ष 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय खेल, वैश्विक मंच पर जमीनी स्तर से लेकर विश्व विजेता मंच तक, प्रधानमंत्री की भविष्यदृष्टि ने खेलों के प्रति भारत के दृष्टिकोण को बदल कर रख दिया है। इससे विश्व स्तरीय सहायता, अत्या्धुनिक सुविधाएं तथा प्रतिभा और कड़ी मेहनत को पुरस्कृत करने की पारदर्शी प्रणाली सुनिश्चित हुई है।हाल में, भारतीय एथलीटों ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर अपने असाधारण प्रदर्शनों से देश को गौरवान्वित किया है।दक्षिण कोरिया के गुमी में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 या मंगोलिया के उलानबटार में चौथी विश्व कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला हो, हमारे खिलाडि़यों ने धैर्य और गौरव के साथ दमदार प्रदर्शन किया। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में, भारतीय दल ने शानदार प्रदर्शन कर 24 पदक हासिल किए और इस दौरान कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी ध्वपस्त् कर दिए। इसी दौरान हमारी महिला पहलवानों ने इतिहास रच दिया। मंगोलिया से वे रिकॉर्ड 21 पदक जीतकर लौटीं जो विश्व कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला में उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। पर यह सफलता रातोंरात नहीं मिली है। इससे पहले, भारत ने पूर्व के 23 आयोजनों (आजादी से पहले सहित) में केवल 26 ओलंपिक पदक जीते थे। जबकि 2016, 2020 और 2024 के पिछले तीन आयोजनों में ही भारत ने 15 पदक जीते हैं। पैरालिंपिक खेलों में प्रदर्शन और भी बेहतर रहा है। 1968 से 2012 के बीच कुल 8 पदक जीतने वाले भारत ने पिछले तीन आयोजनों में 52 पदक हासिल किए हैं, जिसमें पेरिस 2024 में जीते गए रिकॉर्ड 29 पदक शामिल हैं।ये उपलब्धियां कोई संयोग नहीं हैं। ये पिछले ग्यारह वर्षों में तैयार किए गए प्रदर्शन-संचालित पारिस्थितिकी तंत्र का सुखद परिणाम हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट और केंद्रित दृष्टिकोण है कि प्रत्येक एथलीट, चाहे उसकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो उसे विश्व स्तरीय प्रशिक्षण, ढांचागत सुविधा, वित्तीय सहायता, एथलीट-केंद्रित सुशासन और आगे बढ़ने के लिए पारदर्शी प्रणाली की पहुंच मिलनी चाहिए। वर्ष 2014 से मोदी सरकार ने परिवर्तनकारी बदलाव से मजबूत नींव रखकर भारतीय खेलों के परिदृश्य को नया रूप दे दिया है। इन सुधारों के केंद्र में शीर्ष एथलीटों की पहचान करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए 2014 में आरंभ की गई टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना-टॉप्सथ (टीओपीएस) शामिल है। 75 एथलीटों के साथ आरंभ हुई यह योजना अब लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक आयोजन के लिए 213 खिलाड़ियों को सहयोग देने के साथ व्याएपक हो गई है। इसमें 52 पैरा-एथलीट और विकास श्रेणी के 112 एथलीट शामिल हैं। उन खेल संवर्गों में एथलीटों को मदद देने की नई योजनाएं भी आरंभ की गई हैं, जिन पर पारंपरिक रूप से कम ध्यान जाता है। इस वर्ष आरंभ किया गया लक्ष्य एशियाई खेल समूह (द टार्गेट एशियन गेम्सर ग्रुप-टीएजीजी) तलवारबाजी, साइकिलिंग, घुड़सवारी, नौकायन, कयाकिंग और कैनोइंग, जूडो, ताइक्वांडो, टेनिस, टेबल टेनिस और वुशू जैसे 10 खेलों में 40 पदक संभावनाएं बढ़ाता है। खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के प्रयासों में दूरदर्शिता के साथ-साथ वित्तीय प्रतिबद्धता भी महत्वकपूर्ण है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय का बजट पिछले दशक में तीन गुना से अधिक हो गया है और यह 2013-14 के महज 1,219 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 3,794 करोड़ रुपये पहुंच गया है। जमीनी स्तर पर बुनियादी खेल ढांचा विकसित करने और वर्ष भर प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्यय से 2017 में आरंभ की गई खेलो इंडिया योजना का बजट इस वर्ष बढ़कर 1,000 करोड़ रुपये हो गया है। इन निवेशों से खेल प्रतिभाएं पोषित हो रही हैं और युवा एथलीटों के लिए एक जीवंत प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र निर्मित हो रहा है।राष्ट्रीय खेल महासंघों को भी अभूतपूर्व व्योपक समर्थन मिला है। अंतर्राष्ट्रीय आयोजन और राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने के लिए उन्हेंभ दी जाने वाली वित्तीय सहायता लगभग दोगुनी हो गई है। खेल प्रशिक्षकों-कोच को दी जाने वाली राशि में 50 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण की बढ़ती आवश्यंकता को देखते हुए एथलीटों के खुराक भत्ते में बढ़ोतरी की गई है। ऐसे केंद्रित प्रयास भारत को अपनी पदक क्षमता में विविधता लाने और विभिन्नु खेलों में उत्कृमष्टकता हासिल करने में सहायक बन रहे हैं। पारदर्शिता पर जोर इस दिशा में किए गए सबसे प्रभावशाली सुधारों में एक है। सभी महासंघों को अब चयन प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग और प्रमुख आयोजनों के लिए चयन मानदंड दो साल पहले ही निर्धारित करना आवश्यक बनाया गया है।इससे निष्पक्षता के साथ ही एथलीटों में विश्वास बढ़ता है और यह व्यवस्था् को योग्यता आधारित बनाती है। एथलीट-केंद्रित सुधार निश्चित रूप से हाल की खेल नीति निर्माण में उल्लोखनीय रहे हैं। खेल प्रमाणपत्र अब डिजिलॉकर द्वारा जारी किए जाते हैं जो राष्ट्रीय खेल रिपोजिटरी प्रणाली से जुड़े होते हैं। इससे एथलीटों को सुरक्षित और हेराफेरी से मुक्त डेटा रिकॉर्ड सुनिश्चित होता है।राष्ट्री य खेल नीति 2024 और राष्ट्रीलय खेल प्रशासन विधेयक के मसौदे का कार्य अभी अपने अंतिम चरण में है। इनका उद्देश्य खेल पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करना और खिलाड़ियों के कल्याण को नीति निर्धारण के केंद्र में लाना है। आयु संबंधी धोखाधड़ी से अब नई मेडिकल जांच और सख्त दंड के प्रावधानों द्वारा निपटा जा रहा है। भारत, भविष्य में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों और 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दावेदारी की तैयारी कर रहा है। इसके लिए खेलो इंडिया के तहत स्कूल गेम्स, ट्राइबल गेम्स, नॉर्थईस्ट गेम्स, वाटर गेम्स, मार्शल आट्र्स गेम्स और स्वदेशी गेम्स जैसे नए क्षेत्रों में खेल आरंभ किए जा रहे हैं ताकि साल भर प्रतिस्पर्धा और प्रतिभा की खोज सुनिश्चित हो सके। आगामी खेलो इंडिया स्कूल गेम्स कम आयु में ही एथलीटों की पहचान और उन्हें प्रशिक्षित कर खेल पारिस्थितिकी तंत्र में नई प्रतिभा को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सिर्फ खेल ही नहीं, फिटनेस के प्रति सामुदायिक भागीदारी के उद्देश्यभ से दिसंबर 2024 में आरंभ किए गए फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान ने भी गति पकड़ ली है। सिर्फ 150 प्रतिभागियों के साथ आरंभ हुआ यह अभियान अब 10,000 स्थाभनों पर विस्ताफरित हो गया है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को सही सिद्ध करते हुए फिट इंडिया मूवमेंट देश के हर घर तक फिटनेस का संदेश पहुंचा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भविष्य दृष्टि योजना है कि जब हम 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करें तो भारत खेलों में शीर्ष 10 देशों में शामिल हो और 2047 में आजादी के सौ वर्ष पूरे होने तक शीर्ष 5 देशों में शामिल हो जाए।

आज की बात



**डॉ. मनसुख मांडविया**
केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री व केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री

## प्लेन हादसा जानबूझ कर नहीं होता

भारत के अहमदाबाद एयरपोर्ट से प्लेन के टेक ऑफ करने के तुरंत बाद मेघानीनगर इलाके में यह हादसा हुआ है। विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था, प्लेन में 12 क्रू मेंम्बर्स (दो पायलट समेत) और 230 यात्रियों सहित कुल 242 लोग सवार थे मौत का आकड़ा बढ़ कर 285 तक हो गई यह याद रखना ज़रूरी है कि अगर आप हवाई यात्रा कर रहे हैं तो विमान दुर्घटना की संभावना बेहद कम है। फिर भी, कई सालों बाद भी ऐसी घटनाएँ होती रहती हैं। ब्लैक बॉक्स को वापस लाने के बाद पता चला कि टेकऑफ़ के दौरान, एक निश्चित ऊँचाई पर पहुँचने के बाद विमान के सिस्टम फेल हो गए थे और पायलट ने इस समस्या के बारे में एयर ट्रैफ़िक कंट्रोल को सूचित किया था। दुर्घटनाओं पर शोध करने वाले जांचकर्ताओं को अभी तक इस घटना को किसी विशिष्ट कारण से जोड़ने वाले प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिले हैं। इस रहस्य को वैज्ञानिक रूप से समझाने के लिए, हम समझते हैं कि जब किसी विमान में कोई समस्या आती है, तो पायलट आमतौर पर एयर ट्रैफ़िक कंट्रोल से सहायता माँगता है। हालाँकि, यह दुर्घटना इतनी अचानक हुई कि प्रमुख देशों के विशेषज्ञ अब इसे सुलझाने के लिए काम कर रहे हैं। एक ही समाधान के बजाय, जाँच के कई रास्ते अपनाए जा रहे हैं। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि विमान में उड़ान भरने से दुर्घटनाओं का जोखिम बहुत कम होता है, लेकिन कई सालों बाद भी घटनाएँ हो सकती हैं। सभी वस्तुएँ गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में चलती हैं, जबकि हवाई जहाज लगभग शून्य गुरुत्वाकर्षण वातावरण में काम करते हैं। एक विमान में टर्बाइन ब्लेड होते हैं जो हवा को काटते हैं और पंख जो दिशा और स्थिरता प्रदान करते हैं। टर्बाइन एक ऐसी मशीन है जो ऊर्जा के एक रूप को दूसरे में परिवर्तित करती है, जैसे गतिज ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में या भाप ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलना। टर्बाइन घूर्णी गति के माध्यम से यांत्रिक ऊर्जा उत्पन्न करते हैं। परिवहन दुर्घटना आग पर सबसे शुरुआती अमेरिकी अध्ययनों में से एक ने संकेत दिया कि 1946 में लगभग 15 प्रतिशत अमेरिकी वाणिज्यिक एयरलाइन दुर्घटनाओं में दुर्घटना के बाद आग लग गई थी। इस रिपोर्ट ने उड़ान के दौरान और दुर्घटना के बाद की आग से संबंधित ईंधन गुणों और प्रज्वलन स्रोतों की जांच की।1951 में एसएई (सोसाइटी ऑफ ऑटोमोटिव इंजीनियर्स, एक अमेरिकी संगठन है) की एक बैठक में नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के इंजीनियर द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट में कहा गया था कि 1938 और 1951 के बीच, आग न लगने वाली दुर्घटनाओं के कारण 60.8 प्रतिशत यात्रियों की मृत्यु हुई, जबकि आग से जुड़ी दुर्घटनाओं में मृत्यु दर 84.6 प्रतिशत थी। इस पत्र में दुर्घटना जांच के निष्कर्षों के साथ-साथ ब्लैडर टैंक और सेल्फ-सीलिंग फिटिंग के परीक्षण पर चर्चा की गई थी। 1966 में किए गए सिविल एरोनॉटिक्स बोर्ड के एक अध्ययन में 1955 से 1964 के बीच हुई 153 दुर्घटनाओं की जाँच की गई, जो या तो आग के कारण हुई थीं या आग के परिणामस्वरूप हुई थीं। इसमें शामिल 4,559 यात्रियों और चालक दल में से 1,955 गंभीर रूप से घायल हुए, कुल मिलाकर, इन घटनाओं में 1,161 लोग शामिल थे, जिनमें 488 (42%) ने अपनी जान गंवाई। मौतों में से 294 (60%) आग के कारण हुईं और अन्य 57 व्यक्ति गंभीर रूप से जल गए। 79 दुर्घटनाएं जो घातक थीं या जिनमें आंशिक रूप से बचने की संभावना थी, उनमें 294 (15%) की मौत आग के कारण हुई। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**संजय गोस्वामी**

रानी लक्ष्मीबाई पुण्यतिथि पर विशेष

# स्वतंत्रता की पहली शहीद रानी, मां व योद्धा

18 जून 1858 - वह तारीख जब भारत की धरती ने न केवल एक रानी को खोया, बल्कि एक ऐसी क्रांति की ज्वाला को वीरगति प्राप्त करते देखा, जिसने अंग्रेजी साम्राज्य की नींव को हिलाकर रख दिया। ग्वालियर के रणक्षेत्र में, अपने पुत्र को पीठ पर बांधे, तलवार से दुश्मनों को चीरती हुई रानी लक्ष्मीबाई ने न केवल युद्ध लड़ा, बल्कि स्वतंत्रता की उस अग्नि को प्रज्वलित किया, जो आज भी हर भारतीय के हृदय में धधकती है। वह पल केवल एक योद्धा का अंत नहीं था, वह इतिहास के स्वर्णिम पन्नों पर अमर होने वाली एक अनुपम गाथा का प्रारंभ था। रानी लक्ष्मीबाई की गाथा - साहस, बलिदान और स्वाभिमान की गाथा। रानी लक्ष्मीबाई का जन्म 19 नवंबर 1828 को वाराणसी में हुआ। बचपन में 'मनु' कहलाने वाली यह बालिका साधारण नहीं थी। घुड़सवारी, तलवारबाजी और युद्धकला में निपुण मनु ने बचपन से ही यह सिद्ध कर दिया था कि वह नारीत्व की पारंपरिक परिभाषाओं को तोड़ने के लिए जन्मी है। उनके पिता मोरोपंत तांबे और माता भागीरथी बाई ने उन्हें न केवल संस्कार दिए, बल्कि स्वतंत्र चेतना और साहस का वह बीज बोया, जो आगे चलकर झांसी की रानी के रूप में अंकुरित हुआ। विवाह के पश्चात झांसी के राजा गंगर राव की रानी बनने के बाद, लक्ष्मीबाई ने अपने प्रशासनिक कौशल और प्रजा-प्रेम से झांसी को समृद्ध किया। किंतु, नियति ने उनके लिए एक कठिन मार्ग चुना। 1853 में राजा गंगाधर राव के निधन और उनके दत्तक पुत्र दामोदर राव को उत्तराधिकारी मानने से अंग्रेजों के इंकार ने झांसी के लिए संकट ला खड़ा किया। ब्रिटिश सरकार ने 'डॉक्टिन ऑफ लैप्स' के तहत झांसी को अपने साम्राज्य में मिलाने की साजिश रची। उस समय रानी लक्ष्मीबाई का वह ऐतिहासिक कथन -"मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी"- केवल एक प्रतिज्ञा नहीं थी, यह अन्याय के विरुद्ध उठा एक ऐसा स्वर था, जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की पहली चिंगारी बना। यह वाक्य न केवल झांसी की रक्षा का संकल्प था, बल्कि समूचे भारत के स्वाभिमान की हुंकार था। 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम भारत के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ था, और रानी लक्ष्मीबाई इस क्रांति की प्रखर नायिका के रूप में उभरीं। उन्होंने न केवल झांसी की रक्षा के लिए सेना को संगठित किया, बल्कि महिलाओं को युद्धकला में प्रशिक्षित कर एक नया इतिहास रचा। झलकारी बाई, सुंदर-मुंदर जैसी वीरांगनाएं उनकी प्रेरणा से रणभूमि में उतरीं और अंग्रेजों के दांत खट्टे किए। रानी का युद्ध-कौशल और रणनीति इतनी प्रभावशाली थी कि ब्रिटिश सेनानायक ह्यू रोज़ ने स्वयं उनकी प्रशंसा की। झांसी के किले की रक्षा में रानी ने जिस अदम्य साहस का परिचय दिया, वह किसी भी सैन्य इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। जब झांसी का किला अंग्रेजों के हाथों में चला गया, तब भी रानी ने हार नहीं मानी। अपने पुत्र को पीठ पर बांध, घोड़े पर सवार होकर वह काल्पी पहुंचीं। वहां से तात्या टोपे और अन्य क्रांतिकारियों के साथ मिलकर उन्होंने ग्वालियर पर कब्जा कर लिया। ग्वालियर में रानी ने न केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया, बल्कि अपनी कूटनीतिक सूझबूझ से क्रांति को नई दिशा दी। किंतु अंग्रेजों ने कोटा की सराय में उन्हें घेर लिया। 18 जून 1858 को, मात्र 29 वर्ष की आयु में, रानी लक्ष्मी ने अपने अंतिम युद्ध में बलिदान दे दिया। कहा जाता है कि वह अंत तक लड़ीं, और अपनी तलवार की धार से दुश्मनों को पीछे धकेलती रहीं। उनकी मृत्यु एक देह का अंत नहीं, बल्कि एक ऐसी प्रेरणा का जन्म था, जो आज भी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की नींव में बस्ती है। रानी लक्ष्मीबाई का जीवन केवल युद्ध की कहानी नहीं, यह नेतृत्व, आत्मबल और रणनीति का एक जीवंत पाठ है। एक युवा रानी, जिसने राजनीतिक कूटनीति, प्रशासनिक कौशल और सैन्य संगठन को अपने साहसिक निर्णयों से जोड़ा, वह केवल रणभूमि की नायिका नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जागरण की अग्रदूत थीं। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि स्वतंत्रता किसी जाति, वर्ग या लिंग की बपौती नहीं, बल्कि हर उस आत्मा का अधिकार है, जो अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का साहस रखती है। उनकी ज्वाला ने न केवल 1857 की क्रांति को प्रेरित किया, बल्कि महात्मा गांधी, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस जैसे अनगिनत क्रांतिकारियों के हृदय में स्वतंत्रता की चिंगारी जलाई। रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर उन्हें स्मरण करना केवल एक रस्म नहीं, बल्कि एक आत्ममंथन है। क्या हम उस स्वतंत्रता के सच्चे उत्तराधिकारी हैं, जिसके लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी? उनका जीवन हमें सिखाता है कि स्वाधीनता कोई उपहार नहीं, बल्कि तप, त्याग और संघर्ष से अर्जित किया जाने वाला अधिकार है। उन्होंने भारतीय नारी की उस शक्ति को प्रदर्शित किया, जो जब जागती है, तो साम्राज्यों को भस्म कर सकती है। उनकी तलवार की चमक आज भी इतिहास के पन्नों से झांकती है, उनकी आवाज आज भी हर उस आत्मा को पुकारती है, जो स्वाभिमान के लिए जीती है। रानी लक्ष्मीबाई चली गईं, पर वे अमर हो गईं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

तनहाई से दोस्ती, तनहाई से प्यार।
तनहाई अब हो गई, मानो रिश्तेदार।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# आभार : एक छोटी आदत, जो मानवता और प्रकृति दोनों को बचा सकती है

आधुनिक युग में हम तकनीक से जुड़ते जा रहे हैं, लेकिन जीवन से और एक-दूसरे से कटते जा रहे हैं। हमारे पास सुविधाएं बढ़ रही हैं, लेकिन संतोष और मुस्कान कम होती जा रही है। शिकायतें, गुस्सा और नकारात्मकता इतनी आम हो गई हैं कि किसी के चेहरे पर कृतज्ञता की हल्की-सी झलक भी अब असामान्य लगती है। ऐसे समय में एक गुण है जो मानवता को फिर से जोड़ सकता है - वह है आभार। आभार केवल शिष्टाचार नहीं है। यह एक जीवनशैली है, एक मानसिक क्रांति है। यह वह दृष्टिकोण है जिससे हम दुनिया को एक बेहतर जगह बना सकते हैं - न तलवार से, न कानून से - बल्कि सिर्फ "धन्यवाद" कहने की आदत से।

### आभार और पर्यावरण : प्रकृति का सम्मान

जब हम आभार व्यक्त करना सीख जाते हैं, तो हम केवल इंसानों के प्रति ही नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति भी अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। जो व्यक्ति रोज़ सूरज की रोशनी, वायु, जल, वृक्षों और मिट्टी के लिए धन्यवाद कहता है, वह कभी इन्हें नुकसान नहीं पहुंचा सकता। वह न तो अनावश्यक रूप से पानी बर्बाद करेगा, न पेड़ों को काटेगा, न प्लास्टिक फैलाएगा। आभार का अभ्यास हमें उपभोग से दूर कर सेवा की भावना सिखाता है। यह पर्यावरण की रक्षा में एक आंतरिक प्रेरणा बन जाता है - क्योंकि हम उस चीज़ को नुकसान नहीं पहुंचाते जिसके लिए हम सचमुच कृतज्ञ होते हैं। इस तरह, आभार व्यक्त करना केवल मानवता की नहीं, बल्कि "नेचर को नर्चर" करने की दिशा में भी पहला कदम है।

### क्या होता है जब हम आभार व्यक्त करना सीख जाते हैं?

जब हम अपने जीवन की छोटी-छोटी बातों के लिए आभार व्यक्त करते हैं - सूरज की किरणों, एक कप चाय, माँ के हाथों के खाने, बच्चों की मुस्कान, या कठिन परिस्थितियों के लिए भी - तब हमारा दृष्टिकोण बदलता है। हम शिकायत करने के बजाय सीखने लगते हैं। नकारात्मकता की जगह शांति और संतुलन आ जाता है।

### आभार और बच्चों का मानसिक विकास


अगर हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सुसंस्कारित, शांत और सहृदय बनें, तो उन्हें शुरू से ही आभार की आदत सिखानी होगी। स्कूलों में "थैंक यू कार्ड", "आभार लेखन अभ्यास" जैसी गतिविधियाँ शुरू होनी चाहिए।

### मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए वरदान

आज जब विश्व मानसिक स्वास्थ्य संकट से गुजर रहा है, आभार एक चमत्कारी दवा की तरह सामने आया है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि आभार व्यक्त करने वाले लोग अधिक खुश रहते हैं, उनमें डिप्रेशन और एंग्ज़ायटी की संभावनाएं कम होती हैं।

### मानवता का सबसे सरल लेकिन सबसे शक्तिशाली उपाय

आज दुनिया को जितनी ज़रूरत शिक्षा, तकनीक या विकास की है, उतनी ही ज़रूरत सहानुभूति, नम्रता और कृतज्ञता की भी है। और इसकी शुरुआत कोई सरकार नहीं, कोई संस्था नहीं-बल्कि हम-आप और हमारे बच्चे कर सकते हैं। अगर हर इंसान सिर्फ 1 मिनट रोज आभार के साथ बिताए, तो यह धरती एक नई ऊर्जा से भर जाएगी। दुनिया में नफरत की आग ठंडी पड़ेगी और प्रेम, शांति और समझदारी की हवा बहेगी। आभार एक क्रांति है - शांति, प्रकृति और प्रेम की क्रांति। यह कोई भाषण नहीं, यह आत्मा की गहराई से निकला अभ्यास है। अगर आज से हम अपने जीवन, अपने रिश्तों और अपने पर्यावरण के लिए सच्चे मन से आभार व्यक्त करना शुरू कर दें — तो न केवल मानवता, बल्कि धरती माँ भी मुस्कुरा उठेगी।



(veenavlogs@gmail.com)

अलग बात



**वीणा देवांगन**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## 18 जून को मनाई जाएगी कालाष्टमी

# भगवान कालभैरव की होगी विशेष पूजा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

आषाढ़ के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि पर कालाष्टमी का व्रत पूजन भी है। सप्तमी तिथि पर कालाष्टमी को लेकर कंफ्यूजन है। 18 या 19 जून को व्रत करें इसको लेकर असमंजस की स्थिति है लेकिन इसका उत्तर दृक पंचांग में उपलब्ध है। जिसके अनुसार कालाष्टमी 18 जून को ही मनाई जाएगी।

बुधवार के दिन कोई अभिजीत मुहूर्त नहीं है। इस दिन राहुकाल का समय सुबह 12:22 से दोपहर 02:07 तक रहेगा। 18 जून को बुधवार का दिन, कालाष्टमी और मासिक कृष्ण जन्माष्टमी का भी योग रहा है। वेदों में बुधवार के दिन व्रत रखने का प्रावधान है। आप चाहे तो सुख-शांति बुद्धि, समृद्धि और अच्छा स्वास्थ्य बनाए रहने के लिए बुधवार के दिन व्रत भी रख सकते हैं, लेकिन इस व्रत की शुरुआत किसी माह के शुक्ल पक्ष के बुधवार से ही कर सकते हैं, यह व्रत 7, 11 या 21 बुधवार तक रखा जाता है। वहीं व्रत रखने के लिए आप सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और फिर गणेश मंदिर में जाकर भगवान गणेश की पूजा करें। उन्हें हरी मूंग और दूर्वा चढ़ाएं। इसके अलावा, आप ॐ गं गणपतये नमः या ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः मंत्र का जाप भी कर सकते हैं, साथ ही भागवत पुराण का पाठ करना शुभ माना जाता है। भगवान गणेश को हलवा, बेसन के लड्डू या पंजीरी का भोग लगाएं और पूरे दिन निराहार रहें या फलाहार करें।




### रात्रि में होगी भगवान भैरव की विशेष पूजा

18 जून को दोपहर 1 बजकर 33 मिनट से आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि आरंभ होगी जो 19 जून को सुबह 11 बजकर 56 मिनट पर समाप्त होगी। कालाष्टमी की पूजा शाम में होती है, इसलिए व्रत 18 जून को रखा जाएगा। कालाष्टमी का व्रत सप्तमी तिथि के दिन भी हो सकता है। धार्मिक मूलग्रन्थ के अनुसार जिस दिन अष्टमी तिथि रात्रि को प्रबल होती है उस दिन इसका व्रत किया जाना चाहिए। कालाष्टमी के लिए व्रत के दिन का चयन करने के लिए दृक पंचांग सुनिश्चित करता है कि प्रदोष के बाद कम से कम एक घटी के लिए अष्टमी प्रबल होनी चाहिए। कालाष्टमी भगवान कालभैरव को समर्पित है। इस दिन भगवान भैरव की पूजा करने से भय, बाधा, और शत्रु बाधा से मुक्ति मिलती है। विशेषकर रात्रि में भैरव चालीसा, भैरव स्तोत्र या ओम कालभैरवाय नमः मंत्र का जाप करने से शुभ फल प्राप्त होते हैं।

## जातिगत जनगणना का अधिकार केवल केन्द्र के पास : भाजपा

**नई दिल्ली (हि.स.)** । भारतीय जनता पार्टी का कहना है कि राज्य सरकारें जातिगत जनगणना नहीं करा सकतीं, केवल सर्वे करा सकती हैं। कांग्रेस जनता को भ्रमित कर रही है, जबकि केंद्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना केंद्र स्तर पर ही की जाएगी। दिल्ली में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राज्यसभा सदस्य और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने इस मुद्दे पर आज कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह बार-बार जानबूझकर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है। त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जनता से जुड़ी सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जानकारी एकत्र करायेगी। यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तेलंगाना में हो रहे सर्वे को जनगणना बताकर जनता को गुमराह कर रही है। सच्चाई यह है कि राज्य केवल सर्वेक्षण कर सकते हैं, जनगणना का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। उन्होंने सवाल पूछा कि कांग्रेस की तेलंगाना सरकार में कितने ओबीसी मंत्री हैं। वहीं, आज देश में सबसे अधिक ओबीसी मंत्री केंद्र सरकार में हैं।



## नोटिफिकेशन में जाति जनगणना का जिक्र नहीं : पवन खेड़ा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्र सरकार ने जनगणना के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसके बाद से सियासत तेज हो गई है, विपक्षी दल भाजपा पर हमलावर हैं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा है कि नोटिफिकेशन में जाति जनगणना का कोई जिक्र नहीं किया गया है। उन्होंने सरकार की मंशा पर सवाल उठाया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, "जनगणना तो होगी, लेकिन इसमें जाति जनगणना का कोई जिक्र नहीं है। अगर इसकी तुलना तेलंगाना सरकार के आदेश से करें तो उस आधिकारिक आदेश में तीन बार 'जाति जनगणना' शब्द का स्पष्ट उल्लेख है, यहां तक कि इसे 'जाति सर्वेक्षण' भी कहा गया है। इसलिए इस सरकार की मंशा पर संदेह या आशंका होना स्वाभाविक है। क्योंकि सत्ताधारी पार्टी ने हमेशा इसका विरोध किया है।

वहीं पीएम मोदी के जी-7 की बैठक में हिस्सा लेने पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 साल के दौरान कई बैठकों में हिस्सा ले चुके हैं, देश को कोई लाभ होता तो दिखता नहीं है। अपनी वाहवाही के लिए विदेश नीति नहीं होती है, यह देश को लाभ पहुंचाने के लिए होती है।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत के साथ कोई देश खड़ा नहीं दिखा, इस समय हम अकेले ही रहे। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद किसी भी राष्ट्र ने पाकिस्तान को आतंकी देश नहीं कहा, यह सब विदेश नीति की विफलताएं हैं। चीन, तुर्की, अजरबैजान और पाकिस्तान को आसानी से एडीबी, वर्ल्ड बैंक, आईएमएफ के लोन मिल रहे हैं। भारत सरकार ने अपने नागरिकों को तेहरान से निकलने की एडवाइजरी जारी की है, इस पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, "हम पिछले तीन दिनों से इस मुद्दे को उठा रहे हैं। हमारे कई छात्र कश्मीर में हैं। पिछले तीन दिनों से हम सरकार पर दबाव बना रहे हैं कि वह जाग जाए।

## पीएम मोदी 20 जून को करेंगे बिहार के सीवान का दौरा

### तैयारियों में जुटी बीजेपी, सम्राट चौधरी की खास अपील

**पटना (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून को बिहार पहुंचेंगे। पीएम मोदी का इस साल ये चौथा दौरा होगा। पीएम मोदी बिहार के सीवान में एक बड़े कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और राज्य को करोड़ों रुपये की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री मोदी के इस अहम दौरे से पहले मंगलवार को सम्राट चौधरी ने बिहार के लोगों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए साझा एक वीडियो संदेश में कहा, "मैं सभी लोगों से आग्रह करना चाहता हूं कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून को सीवान आ रहे हैं। आपसे आग्रह है कि लाखों की संख्या में जुटें। बिहार के विकास में देश के प्रधानमंत्री मोदी का आशीर्वाद मिल रहा है। लोगों से अपील है कि आप लोग इसका लाभ उठाने की कोशिश करें। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सम्राट चौधरी ने कहा, "नगर विकास के क्षेत्र में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसके साथ कई ऐसी योजनाएं हैं, जो बिहार को समर्पित करने का काम पीएम मोदी करेंगे, उसमें सभी लोग आएं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। सम्राट चौधरी ने फिर से बिहार की जनता से अपील करते हुए कहा कि "आप सभी लोग लाखों की संख्या में जुटकर पीएम नरेंद्र मोदी की बातों को सुनने का काम करें।

बीजेपी की राज्य इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल भी मंगलवार को पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेंगे। दिलीप जायसवाल ने खुद इसकी जानकारी दी है। उन्होंने सीवान में एनडीए के नेताओं की एक बैठक भी बुलाई है। उन्होंने 16 जून को सीवान के सुपौली में भी पीएम मोदी के कार्यक्रम से पहले कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

# एक ही दिन में एआई ने कैंसल कर दी दूसरी फ्लाइट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

मंगलवार को दिल्ली से पेरिस के लिए रवाना होने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट को अनिवार्य उड़ान-पूर्व जांच के दौरान तकनीकी समस्या का पता चलने के बाद रद्द कर दिया गया है। एयरलाइन के प्रवक्ता के अनुसार, अनिवार्य उड़ान-पूर्व जांच के दौरान फ्लाइट AI143 में कुछ समस्याएं पाई गईं, और तकनीकी टीम द्वारा वर्तमान में समस्या का समाधान किया जा रहा है। समय की कमी और पेरिस चार्ल्स डी गॉल एयरपोर्ट पर रात के समय के प्रतिबंधों के तहत आने वाली फ्लाइट के कारण, एयरलाइन के पास सेवा रद्द करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

प्रवक्ता ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप, 18 जून को पेरिस से दिल्ली के लिए वापसी की फ्लाइट AI142 को भी रद्द कर दिया गया है। प्रवक्ता ने कहा, "हमें अपने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है और हम उन्हें जल्द से जल्द उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर रहे हैं। हम होटल में ठहरने की व्यवस्था कर रहे हैं और यात्रियों द्वारा विकल्प चुनने पर रद्दीकरण या मानार्थ पुनर्निर्धारण पर पूर्ण धन वापसी की पेशकश भी कर रहे हैं।

दिल्ली से पेरिस की उड़ान मंगलवार को रद्द होने वाली एयर इंडिया की दूसरी उड़ान है। अहमदाबाद एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि इससे पहले आज अहमदाबाद-लंदन गैटविक फ्लाइट (AI 159) को बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान की अनुपलब्धता के कारण रद्द कर दिया गया था। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, "अहमदाबाद से गैटविक जाने वाली उड़ान संख्या एआई159 को आज विमान की अनुपलब्धता के कारण रद्द कर दिया गया है, जो हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों और अतिरिक्त एहतियाती जांचों के कारण हुआ, जिसके कारण विमानों को सामान्य से अधिक समय तक वापस लौटना पड़ा, न कि किसी तकनीकी खराबी के कारण, जैसा कि दावा किया गया था।

## दिल्ली से पेरिस के बीच दो फ्लाइट रद्द



*दिल्ली से पेरिस की उड़ान मंगलवार को रद्द होने वाली एयर इंडिया की दूसरी उड़ान है*

### एयर इंडिया के एक और विमान में आई तकनीकी खराबी

## अहमदाबाद से लंदन जाने वाली फ्लाइट कैंसिल

**अहमदाबाद (आईएएनएस)** । अहमदाबाद विमान हादसे के बाद एयर इंडिया की फ्लाइट में लगातार तकनीकी खामियां मिल रही हैं। इस बीच, अहमदाबाद से लंदन जाने वाली एयर इंडिया की एक और फ्लाइट रद्द हो गई है। जानकारी के अनुसार, एयर इंडिया फ्लाइट के उड़ान से कुछ घंटे पहले ही उसमें तकनीकी खराबी का पता चला था। इसके बाद एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई 159 को रद्द कर दिया गया। यह फ्लाइट अहमदाबाद से लंदन के लिए मंगलवार दोपहर 1:10 बजे रवाना होने वाली थी, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण फ्लाइट रद्द कर दी गई। पता चला है कि एयर इंडिया की फ्लाइट में 200 से अधिक लोग यात्रा करने वाले थे, जो फ्लाइट के कैंसिल होने से प्रभावित हुए हैं। इससे पहले, मंगलवार को कोच्चि से दिल्ली जा रहे इंडिगो के विमान की बम की सूचना मिलने के बाद नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग की गई थी। इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2706 ने कोच्चि से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। विमान को बम की धमकी के बाद नागपुर में आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। पुलिस और अग्निशमन दल विमान की जांच कर रहे हैं। मंगलवार सुबह ही सैन फ्रांसिस्को से मुंबई आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट को कोलकाता में खाली कराया गया था।

## हाईकोर्ट ने केएससीए, आरसीबी और डीएनए को प्रतिवादी बनाने का दिया आदेश

**बेंगलुरु (आईएएनएस)**



कर्नाटक हाईकोर्ट ने बेंगलुरु में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ मामले में मंगलवार को अहम सुनवाई की। यह भगदड़ उस समय हुई थी जब आईपीएल 2025 की विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाया जा रहा था। तब एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मौजूद फैंस की भीड़ में भगदड़ गई थी। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी। हाईकोर्ट ने सुनवाई में राज्य सरकार की ओर पेश की गई स्थिति रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद यह आदेश पारित किया कि कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कार्यक्रम के आयोजक डीएनए एंटरटेनमेंट को इस मामले में प्रतिवादी बनाया जाए। हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया कि इन सभी नए प्रतिवादियों को शुक्रवार तक नोटिस भेजा जाए और अगली सुनवाई सोमवार को की जाएगी, जिसमें इनकी उपस्थिति अनिवार्य होगी। बता दें कि आरसीबी ने तीन जून को आईपीएल खिताब अपने नाम किया। आरसीबी ने पंजाब किंग्स को शिकस्त देकर अपना पहला टाइटल जीता, जिसके अगले दिन जश्न समारोह रखा गया। इस जश्न समारोह के दौरान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाने आए फैंस के बीच भगदड़ मची थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हुई और कई घायल हो गए। जिस समय भगदड़ मची, तब आरसीबी के खिलाड़ी स्टेडियम में अंदर मौजूद थे। हालांकि भगदड़ और लोगों की मौत की जानकारी मिलने के बाद प्रोग्राम को रोक दिया गया।

## श्रम कल्याण योजनाओं से 50 लाख श्रमिक हुए सशक्त

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्र सरकार ने मंगलवार को जानकारी दी कि देश में कल्याणकारी योजनाओं ने 50 लाख से अधिक श्रमिकों और उनके परिवारों को सहायता प्रदान की है। श्रम कल्याण महानिदेशालय (डीजीएलडब्ल्यू) के माध्यम से श्रम और रोजगार मंत्रालय ने भारत में असंगठित श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कल्याणकारी योजनाओं की एक सीरीज को लागू करना जारी रखा है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "50 लाख से अधिक श्रमिकों और उनके परिवारों पर सीधे प्रभाव डालने वाली ये योजनाएं श्रमिकों के कल्याण और अधिकारों की रक्षा के लिए डिजाइन की गई रणनीति की आधारशिला हैं। वेलफेयर फ्रेमवर्क के प्रमुख घटकों में से एक शिक्षा सहायता योजना है, जो बीड़ी और गैर-कोयला खदान श्रमिकों के बच्चों के लिए 1,000 रुपए से 25,000 रुपए तक की वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान करती है। नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) के माध्यम से कार्यान्वित की जाने वाली इस योजना के तहत हर साल एक लाख से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, जिसमें प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) पारदर्शी और समय पर वितरण सुनिश्चित करता है। स्वास्थ्य योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा सहायता में डिस्पेंसरियों के राष्ट्रीय नेटवर्क के माध्यम से आउट पेशेंट सर्विस, साथ ही हृदय रोग, किडनी ट्रांसप्लांट, कैंसर, टीबी और माइनर सर्जरी जैसी गंभीर बीमारियों के लिए विशेष उपचार के लिए रिंइबर्समेंट शामिल है।मंत्रालय के अनुसार, वित्तीय सहायता छोटी सर्जरी के लिए 30,000 रुपए से लेकर कैंसर के इलाज के लिए 7.5 लाख रुपए तक है, जिससे कम आय वाले श्रमिकों के लिए जीवन रक्षक स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच सुनिश्चित होती है।

## हावड़ा के रास्ते डिपोर्ट होगा बांग्लादेशी युवक, जबलपुर पुलिस ने किया था गिरफ्तार

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में गिरफ्तार एक बांग्लादेशी नागरिक को पुलिस वापस भेजने की तैयारी कर रही है। जबलपुर के खमरिया थाना क्षेत्र स्थित डुमना रोड पर बांग्लादेशी नागरिक पकड़ा गया था। अब बांग्लादेशी नागरिक को 22 जून को पश्चिम बंगाल के हावड़ा लाया जाएगा, जहां से उसे बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) और अन्य संबंधित एजेंसियों की निगरानी में बांग्लादेश वापस भेजा जाएगा।

## 2 करोड़ रुपए की संपत्ति का खुलासा

**इंदौर (आईएएनएस)**



मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर में आर्थिक अन्वेषण विंग (ईओडब्ल्यू) के दल ने नगर निगम में पौध खरीदी में हुए घोटाले की शिकायत पर उद्यान अधिकारी चेतन पाटिल के निवास और कार्यालय पर दबिश दी है। प्रारंभिक तौर पर की गई जांच में लगभग 2 करोड़ की संपत्ति का खुलासा हुआ है।

ईओडब्ल्यू के पुलिस अधीक्षक आर एस यादव ने आईएएनएस को बताया है कि निगम में पदस्थ चेतन पाटिल के खिलाफ दो शिकायतें मिली थीं, जिसमें से एक शिकायत में आय से अधिक संपत्ति और दूसरी में चार करोड़ रुपए से अधिक के पौधे खरीदने को लेकर थी। पौध खरीदी में बड़ी गड़बड़ी के आरोप लगाए गए थे। इन शिकायतों का ईओडब्ल्यू ने परीक्षण किया और न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक यादव ने बताया है कि प्रारंभिक तौर पर की गई कार्रवाई में इस तलाशी के दौरान दो भूखंड, एक आवास, 25 लाख की विभिन्न पॉलिसी, 20 लाख का सोना और एक लाख से ज्यादा की नगदी मिली है। कुल मिलाकर अभी तक जितनी संपत्ति का पता चला है, वह एक करोड़ 85 लाख होना पाया गया है। इनके वेतन के तौर पर देखें तो वह 15 लाख रुपए ही है।

## आज का राशिफल

**मेष :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

**मिथुन :** सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

**कर्क :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**सिंह :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**कन्या :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। यात्रा का योग हैं।

**तुला :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे।

**धनु :** आलस्य का त्याग करें। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। धन वृद्धि होगी।

**मकर :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कुंभ :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No:- WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-02/2025-26**
**Letter No:- 396** Date:-16.06.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Marchwar Solar Lift Irrigation Scheme, Village- Marchwar, Panchyat-Narhi, Block-Nagar Untari, Distirct- Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,03,25,294.92 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | **Rs. 10,000.00** only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | **Rs. 1,03,300.00** only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (**http://jharkhandtenders.gov.in)** | Date: 02.07.2025, Time- 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:- 09.07.2025, Time:- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 02.07.2025, Time- 4.00 PM Last Date:- 09.07.2025, Time:- 4.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 11.07.2025, Time:-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Garhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer ((b) E-mail of e-Procurement Officer | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

**Note:-** Estimated Cost may Decrease or Increase
- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps (**AC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- **Only e-Tender will be accepted.**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Garhwa**

PR 355302 Minor Irrigation (25-26)_D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER.**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No:- WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-03/2025-26**
**Letter No:- 397 Date:-16.06.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Tewali Solar Lift Irrigation Scheme, Village- Tewali, Panchyat- Janeva, Block- Bhandariya, Distirct- Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,09,47,667.73 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | **Rs. 10,000=00** only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | **Rs. 1,09,500.00** only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website **(http://jharkhandtenders.gov.in)** | Date: 02.07.2025, Time- 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:- 09.07.2025, Time:- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 02.07.2025, Time- 4.00 PM Last Date:- 09.07.2025, Time:- 4.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 11.07.2025, Time:-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Garhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer ( (b) E-mail of e-Procurement Officer | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

**Note:-** Estimated Cost may Decrease or Increase
- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps (**AC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- **Only e-Tender will be accepted.**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**PR 355309 Minor Irrigation(25-26).D**

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,Garhwa**

### ईरान का इजराइल के मोसाद हेडक्वार्टर पर हमला, मिलिट्री इंटेलिजेंस की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया

# ईरान-इजराइल तनाव बढ़ा, डिप्टी कमांडर की हत्या से माहौल गर्माया

**तेहरान/तेल अवीव । एजेंसी**

इजराइल और ईरान के बीच 5वें दिन भी संघर्ष जारी है। ईरान ने मंगलवार को तेल अवीव में इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के हेडक्वार्टर पर हवाई हमला किया। इसके अलावा मिलिट्री इंटेलिजेंस से जुड़ी खुफिया एजेंसी अमन की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया है। इजराइली हवाई हमले में ईरान के डिप्टी कमांडर मेजर जनरल अली शादमानी की मौत हो गई है। शादमानी ईरान की खतम-अल-अनबिया हेडक्वार्टर्स यानी सैन्य आपात कमान के हेड थे। उन्होंने 4 दिन पहले ही यह पद संभाला था। उन्हें 13 जून को इजराइली हमले में मारे गए मेजर जनरल गुलाम अली राशिद की जगह यह जिम्मेदारी दी गई थी। राशिद की मौत पिछले शुक्रवार को हुई थी। इजराइली हमलों में अब 224 ईरानी मारे जा चुके है, जबकि 1,481 लोग घायल हुए हैं। वहीं, इजराइल में अब तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा घायल हैं।

वहीं, ईरान के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसने इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के हेडक्वार्टर पर हवाई हमले के लिए एक नई मिसाइल का इस्तेमाल किया है।

**इजराइल की राजधानी तेल अवीव के हर्जीलिया टाउन में स्थित मोसाद हेडक्वार्टर पर ईरानी हमले के बाद धुआं उठता दिखा**



## ईरान में फंसे भारतीय छात्रों की वापसी शुरू, आर्मेनिया के रास्ते निकाले जा रहे

**तेहरान/नई दिल्ली ।** इजराइल- ईरान में जारी संघर्ष के बीच भारत ने अपने नागरिकों को ईरान से निकालना शुरू कर दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया है कि कुछ भारतीय नागरिकों को आर्मेनिया बॉर्डर के रास्ते देश से बाहर निकाला गया है। इन छात्रों में ज्यादातर जम्मू-कश्मीर के रहने वाले हैं, जो ईरान के उर्मिया शहर से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय समय के अनुसार 16 जून की रात दो बजे छात्रों को यूनिवर्सिटी कैंपस से आर्मेनिया बॉर्डर तक लाया गया था। कश्मीर के अनंतनाग के रहने वाले मोहम्मद शफी भट्ट ने बताया कि उनकी बेटी तय्यैबा शफी उर्मिया यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस फाइनल ईयर की छात्रा है। उनकी बेटी उनसे लगातार संपर्क में है। हालांकि, आज बात नहीं हुई है। छात्रों के साथ भारतीय एंबेसी के अधिकारी हैं। सभी बुधवार को भारत पहुंच जाएंगे। इसी तरह, कश्मीर के शोपियां के रहने वाले मोहम्मद अनवर भट्ट ने बताया कि उनकी अपनी बेटी कहकशां अनवर से कल ही बात हुई थी।

## इजराइली हमले में मारे गए ईरानी सैन्य जनरल





**1 मेजर जनरल मोहम्मद बघेरी**
- **रोल :** ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ (सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड)। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई के बाद देश के दूसरे सबसे बड़े सैन्य अधिकारी।
- **बैकग्राउंड :** 1980 में आईआरजीसी में शामिल हुए, ईरान-इराक युद्ध में भाग लिया। अक्टूबर 2024 में इजराइल पर हुए ईरानी मिसाइल हमलों में अहम भूमिका निभाई।



**2 जनरल हुसैन सलामी**
- **रोल:** इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कमांडर-इन-चीफ।
- **बैकग्राउंड:** 1980 में आईआरजीसी में शामिल हुए, ईरान-इराक युद्ध (1980-1988) में हिस्सा लिया।



**3 ब्रिगेडियर जनरल अमीर अली हाजीजादेह**
- **रोल:** आईआरजीसी की एयरोस्पेस फोर्स के प्रमुख। मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रम के मुख्य जिम्मेदार।
- **बैकग्राउंड:** अक्टूबर 2024 में इजराइल पर मिसाइल हमलों प्लान किए।



**4 जनरल गुलाम अली राशिद**
- **रोल:** ईरानी सेना के डिप्टी कमांडर और खतम-उल-अनबिया हेडक्वार्टर के प्रमुख ।
- **बैकग्राउंड:** ईरान-इ्राक युद्ध में सीनियर आईआरजीसी अधिकारी।



**5 जनरल गुलाम रेजा मेहराबी**
- **रोल:** सेनाओं के जनरल स्टाफ में खुफिया विभाग के डिप्टी हेड।
- **बैकग्राउंड:** मेहराबी ईरानी सेना की खुफिया व्यवस्था के वरिष्ठ अधिकारी थे। वे बाहरी खतरों की निगरानी और मिडिल ईस्ट क्षेत्र में हिजबुल्लाह जैसे प्रॉक्सी नेटवर्क को संभालते थे।



**6 जनरल मेहदी रब्बानी**
- **रोल:** सशस्त्र बलों की जनरल स्टाफ में ऑपरेशन्स डिपार्टमेंट के डिप्टी हेड।
- **बैकग्राउंड:** रब्बानी सैन्य अभियानों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने में मुख्य भूमिका निभाते थे। वे मिसाइल और ड्रोन हमलों की रणनीति का हिस्सा थे।



**7 मोहम्मद काजमी**
- **रोल:** आरजीसी के खुफिया संगठन के चीफ। देश की सुरक्षा तय करना। इस्लामी नियमों का पालन करवाना।
- **बैकग्राउंड:** 2022 में महसा अमीनी की हत्या के बाद कड़ाई से विरोध प्रदर्शनों के खिलाफ कार्रवाई की।



**8 मेजर जनरल अली शादमानी**
- **रोल:** ईरानी सेना के डिप्टी कमांडर और खतम-अल-अनबिया हेडक्वार्टर के चीफ
- **बैकग्राउंड:** ईरान के सर्वोच्च लीडर आयतुल्ला अली खामेनेई के सबसे करीबी सैन्य व्यक्ति। रिवोल्यूशनरी गार्डस (आईआरजीसी) और ईरानी सेना दोनों की कमान संभाली थी।

## जांच में हिस्सा लेने के लिए इंटरनेशनल एविएशन एजेंसियां अहमदाबाद पहुंची

**ब्यूरो**



● **शिकागो कन्वेंशन प्रोटोकॉल हमारी उड़ानों के हर पहलू को सुव्यवस्थित और नियंत्रित करता है।**

**नई दिल्ली।** गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जाने वाली फ्लाइट क्रैश हो गई। इसमें 241 यात्री व क्रू मेंबर्स मारे गए। सबसे पहले इमरजेंसी सर्विस पहुँची , फिर परिवार के लोग एयरपोर्ट पर इकट्ठा हो गए। मीडिया कर्मी भी बाद में अहमदाबाद पहुंचे। लेकिन रविवार को इस त्रासदी की जांच में हिस्सा लेने के लिए इंटरनेशनल एविएशन एजेंसियां भी अहमदाबाद पहुंची। भारत पहुंचने वालों में अमेरिका के एनटीएसबी के प्रतिनिधि, टॉप ट्रांसपोर्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी, यूएस सिविल एविएशन रेगुलेटर व यूनाइटेड किंगडम सिविल एविएशन अथॉरिटी के अधिकारी शामिल थे। इससे लोगों के मन में यह सवाल तो आता ही है कि विदेशी एजेंसियां भारत की धरती पर इंडियन एयरलाइंस के विमान हादसे की जांच में क्यों शामिल हैं। इसका पूरा जवाब 78 साल पहले हुए इंटरनेशनल एग्रीमेंट में छिपा हुआ है। यह हमारे उड़ान भरने के लगभग हर एक पहलू को कंट्रोल करता है। कन्वेंशन ऑफ इंटरनेशनल सिविल एविएशन पर 1944 में साइन किए गए थे। यह उस वक्त किए गए थे जब दूसरा विश्व युद्ध खत्म होने की ओर था। इसके निर्माताओं ने समझा कि एविएशन दुनिया को बेहतरीन तरीके से जोड़ेगा।

आज कन्वेंशन के टेक्निकल मानकों की देखरेख मॉन्ट्रियल स्थित संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी आईसीएओ की तरफ से की जाती है। भारत, अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम सहित सभी 193 सदस्य देशों ने इसके नियमों का पालन करने पर सहमति जताई है। इनमें से सबसे अहम एनेक्स 13 है। यह विमान हादसे और गंभीर घटनाओं की जांच के लिए इंटरनेशनल प्रोटोकॉल तय करता है। एनेक्स 13 का अध्याय पांच बड़ी जिम्मेदारियों को रेखांकित करता है। यह साफ करता है कि इसका लक्ष्य दोष या दायित्व सौंपना नहीं है, बल्कि कारणों का पता लगाकर और भविष्य में दुर्घटनाओं को रोककर एविएशन सेफ्टी में सुधार करना है।अध्याय पांच के मुताबिक, विमान हादसे की जांच करने की जिम्मेदारी उसी देश की होती है जहां पर दुर्घटना हुई थी। इसके अलावा विमान से जुड़े अन्य देशों को भी इसमें भाग लेने का औपचारिक अधिकार है। इनमें स्टेट ऑफ रजिस्ट्री, 'स्टेट ऑफ ऑपरेटर', ' स्टेट का डिजाइन' और 'स्टेट ऑफ मेन्युफैक्चर' शामिल हैं। एआई 171 विमान दुर्घटना भारतीय की जमीन पर हुई थी इसलिए भारत के पास घटना की स्थिति का अधिकार है। इसलिए दुर्घटना की जांच का नेतृत्व एएआईबी की तरफ से किया जाता है। यह सिविल एविएशन मिनिस्ट्री के तहत एक सरकारी एजेंसी है। और यही गंभीर घटनाओं की जांच के लिए जिम्मेदार है। 'स्टेट ऑफ ऑपरेटर', वह भी भारत है। ऐसा इसलिए क्योंकि एअर इंडिया ने विमान का संचालन किया था। 'स्टेट ऑफ रजिस्ट्री' भी भारत ही है। एअर इंडिया के बोइंग विमान पर इंडियन रजिस्ट्रेशन मार्किंग के साइन होते हैं। यह राष्ट्रीय नियमों के अनुसार वीटी से शुरू होते हैं। हालांकि, इस मामले में स्टेट ऑफ डिजाइन और स्टेट ऑफ मैन्युफैक्चर दोनों ही अमेरिका है। विमान का निर्माण बोइंग द्वारा किया गया था और इसमें जनरल इलेक्ट्रिक द्वारा बनाए गए इंजन हैं। यह दोनों अमेरिकी फर्म हैं। इस तरह एनटीएसबी और एफएए जैसी अमेरिकी एजेंसियां आईसीएओ एनेक्स 13 के तहत जांच में भाग लेने की हकदार हैं।यदि बात ब्रिटेन की करें तो यहां के प्रतिनिधि इस वजह से जांच में शामिल हुए हैं क्योंकि एअर इंडिया की फ्लाइट में 53 ब्रिटिश यात्री सवार थे। इनमें से सभी की मौत हो गई। सभी को हादसे वाली जगह पर जाने, मलबे और सबूतों की जांच करने का पूरा अधिकार है। यह कोई हैरानी भरा नहीं होना चाहिए क्योंकि इसकी जरूरत है। यह इस सिद्धांत को दिखाता है कि हवाई सुरक्षा एक अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी है।

## रूस को 6 हजार सैन्य इंजीनियर सैनिक भेजेगा उत्तर कोरिया

**सियोल (आईएएनएस)**

उत्तर कोरिया रूस में लगभग 6 हजार सैन्य इंजीनियर सैनिकों को भेजने की योजना बना रहा है। यह जानकारी मंगलवार को मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई। मॉस्को के सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन के साथ वार्ता के लिए प्योंगयांग गए थे। शोइगु के हवाले से योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि रूस के कुर्स्क क्षेत्र में तैनात किए जाने वाले सैनिकों में 5 हजार सैन्य निर्माण श्रमिक और 1 हजार सैपर शामिल होंगे। रूस के सुरक्षा परिषद सचिव सर्गेई शोइगु उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन से मुलाकात करने के लिए दो सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार प्योंगयांग पहुंचे। यह इस महीने में शोइगु की दूसरी उत्तर कोरिया यात्रा है, इससे पहले जून की शुरुआत में उन्होंने यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने किम से मुलाकात की थी और कोरियाई प्रायद्वीप से जुड़े सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की थी।

रूसी समाचार एजेंसी तास ने रूसी सुरक्षा परिषद के हवाले से कहा था कि शोइगु की किम के साथ आगामी बैठक 4 जून को उत्तर कोरिया की उनकी पिछली यात्रा के दौरान किए गए समझौतों का हिस्सा है।

## सिंधु समझौता- पाकिस्तान में चिनाब का पानी 92% घटा

**नई दिल्ली ।** भारत ने पहलगाम हमले के दूसरे दिन 24 अप्रैल को पाकिस्तान के साथ 65 साल पुराना सिंधु जल समझौता रोक दिया था। अब पाकिस्तान में इसका असर दिखने लगा है। पाकिस्तान में चिनाब नदी का फ्लो 92% तक घट चुका है। नदी में 29 मई को वाटर फ्लो 98 हजार 200 क्यूसेक था। अब यह घटकर सिर्फ 7200 क्यूसेक रह गया है। पानी का स्तर 3000 क्यूसेक यानी 'डेड लेवल' से भी नीचे जा सकता है। पंजाब और सिंध प्रांत के 6.5 करोड़ किसान सिंचाई के लिए चिनाब पर निर्भर हैं। पानी की कमी के चलते यहां की 40% से ज्यादा फसल बर्बाद होने की कगार पर हैं।

## एनसीआरसी को जर्मनी में यूआईटीपी पुरस्कार मिला

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) को जर्मनी के हैम्बर्ग में आयोजित यूआईटीपी (इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ पब्लिक ट्रांसपोर्ट) ग्लोबल पब्लिक ट्रांसपोर्ट समिट-2025 में दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के लिए 'सार्वजनिक और शहरी परिवहन रणनीति' श्रेणी के तहत प्रतिष्ठित यूआईटीपी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ऐसा अनुमान है कि 2030 तक दिल्ली विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला शहर बन जाएगी। ऐसे में भारत की प्रथम रीजनल रेल, नमो भारत, एनसीआर में सड़कों पर भीड़भाड़ और वायु प्रदूषण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस कॉरिडोर का उद्देश्य इस क्षेत्र में एक तेज, आधुनिक और कुशल परिवहन विकल्प प्रदान करना है, ताकि निजी वाहनों पर निर्भरता को कम किया जा सके। इसका उद्देश्य बेहतर पहुंच के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाना, आर्थिक और सामाजिक अवसरों तक पहुंच के मुद्दों को संबोधित करना और एनसीआर के संतुलित और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।


### जी 7 से अचानक लौटे ट्रंप, कहा

# युद्ध विराम से कोई लेना-देना नहीं मुझे इससे कहीं ज्यादा जरूरी काम

● **क्या ज़रूरी काम ईरान पर हमला करना और वहां के सुप्रीमो अली खेमेनेई को नेस्तनाबूद करना है?**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दावा किया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्त्राइल और ईरान के बीच युद्ध विराम कराने की पेशकश की है। लेकिन ट्रंप ने मैक्रों के दावों को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें किसी और कारण से जी 7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़ना पड़ा। इसका युद्धविराम से कोई लेना-देना नहीं है।ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन से उनके लौटने का निश्चित रूप से युद्ध विराम से कोई लेना-देना नहीं है। यह उससे कहीं ज्यादा बड़ी बात है। उन्होंने इस पर अधिक स्पष्टीकरण दिए बिना राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की तत्काल बैठक बुलाई। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'प्रचार चाहने वाले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गलती से कहा कि मैं कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन छोड़कर वापस डीसी जा रहा हूं, ताकि इस्त्राइल व ईरान के बीच युद्ध विराम पर काम कर सकूं। गलत! उन्हें नहीं पता कि मैं अब वॉशिंगटन क्यों जा रहा हूं, लेकिन इसका निश्चित रूप से युद्ध विराम से कोई लेना-देना नहीं है। इससे कहीं ज्यादा बड़ा और जरूरी काम है। चाहे जानबूझकर हो या अनजाने में इमैनुएल हमेशा गलत ही बोलते हैं। देखते रहिए!' इससे पहले मैक्रों ने कहा कि ट्रंप का लक्ष्य ईरान व इस्त्राइल के बीच शांति समझौता कराना है। उन्होंने जी7 शिखर सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, 'वास्तव में मुलाकात का प्रस्ताव है। युद्ध विराम कराने और फिर व्यापक चर्चा शुरू करने के लिए विशेष रूप से प्रस्ताव दिया गया था।' दावा किया गया कि ट्रंप के पश्चिम एशिया के दूत स्टीव विटकॉफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची परमाणु समझौते और संघर्ष को समाप्त करने पर चर्चा करने के लिए मुलाकात कर सकते हैं। लेकिन कुछ देशों को लगता है कि अमेरिका ने जिस तरह इराक को परमाणु बम बनाने से रोकने के नाम पर इराक पर हमला करके सद्दाम का ख़ात्मा करा दिया ,उसी तरह अब ईरान में खेमेनेई को नेस्तनाबूद करेगा। इधर इस्त्राइल व ईरान के बीच संघर्ष पांचवें दिन भी थमता नहीं दिख रहा है। दोनों ही देश एक-दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं। हताहतों की संख्या बढ़ रही है। इस्त्राइल में कम से कम 24 व ईरान में 224 लोगों की मौत की खबर है। इस्त्राइल के हमलों ने तेहरान के अलावा ईरान के रणनीतिक स्थानों, मिसाइल भंडारण बंकर, लांचर और परमाणु सुविधाओं को नुकसान पहुंचाया। इस्त्राइल ने ईरान के शीर्ष सुरक्षा और खुफिया अधिकारियों को मार गिराया है। जवाब में ईरान ने इजरायल में हाइफा, तेल अवीव व यरुशलम को नुकसान पहुंचाया।



## विमान हादसे की साइट से मिला 800 ग्राम गोल्ड

**नई दिल्ली ।** एअर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जाने वाली फ्लाइट AI-171 (बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर) जहां क्रैश हुआ था, वहां से 80 तोला (800 ग्राम) गोल्ड, 80 हजार क्रैश, एक मोबाइल फोन, भगवद गीता की कॉपी, 9 पासपोर्ट्स और दूसरा सामान बरामद हुआ।

**कहानी फिल्म जगत की**

# कमल हासन की 'ठग लाइफ' कर्नाटक में रिलीज होनी चाहिए

**लोगों के सर पर बंदूक नहीं तानी जा सकती, सुप्रीम कोर्ट ने कहा**



उच्चतम न्यायालय ने अभिनेता कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' को राज्य में रिलीज नहीं किये जाने को लेकर कर्नाटक सरकार को मंगलवार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर हंगामा करने इजाज़त नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक में तमिल फिल्म ठग लाइफ पर लगाए गए न्यायेतर प्रतिबंध पर अपनी असहमति जताई। मणिरत्नम द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कमल हासन मुख्य भूमिका में हैं। महेश रेड्डी नामक व्यक्ति द्वारा दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को जस्टिस उज्जल भुयान और मनमोहन की बेंच सुनवाई कर रही थी। जनहित याचिका में ठग लाइफ को प्रदर्शित करने की अनुमति मांगी गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

**कहा, 'सीबीएफसीश' से पास फिल्म सभी राज्यों में रिलीज होनी चाहिए**

शीर्ष अदालत ने कर्नाटक सरकार को राज्य में फिल्म की रिलीज के बारे में जानकारी देने के लिए एक दिन का समय दिया और कहा कि एक बार जब फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से मंजूरी मिल जाती है तो उसे सभी राज्यों में रिलीज किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि यदि कमल हासन ने कुछ भी असुविधाजनक कहा है तो उसे अटल सत्य नहीं माना जा सकता और कर्नाटक के प्रबुद्ध लोगों को इस पर बहस करनी चाहिए थी और कहना चाहिए था कि वह गलत थे।



## डीसी ने कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

# अनुपस्थित कर्मियों को जारी किया शो-कॉज

- स्वच्छता व समयबद्धता के साथ कार्य करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए में अवस्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त द्वारा विभिन्न कार्यालयों के निरीक्षण क्रम में जिला कल्याण शाखा के निरीक्षण क्रम में कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए नलिता कुमारी महतो एवं विकास जायसवाल (कार्यालय लिपिक) को शो कॉज करने के निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिए गए। साथ इस कार्यालय के मुख्य लिपिक दिलीप कुमार को आईडी कार्ड नही पहनने के कारण शो कॉज करने एवं दिनेश कुमार पासवान क्लर्क को अपने टेबल पर नेम प्लेट नही लगाने के कारण शो कॉज करते हुए जल्द जवाब देने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त के विभिन्न कार्यालयों के निरीक्षण क्रम में जिला भू अर्जन कार्यालय का निरीक्षण किया उन्होंने पुरे कार्यालय में तमाम व्यवस्था को देखा साथ कर्मियों की उपस्थिति देखा। निरीक्षण क्रम में जिला भू अर्जन कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर आदर्श कुमार सिंह को आईडी कार्ड नही पहनने के कारण शो कॉज करते हुए जल्द जवाब देने के निर्देश दिए गए। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यालयों की कार्यप्रणाली, स्वच्छता, कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यालयीन व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेना था। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालयों की साफ-सफाई, ऑफिस की स्थिति, अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति, नेम प्लेट और कार्यालयी दस्तावेजों की व्यवस्था का अवलोकन किया।

### अपर जिला दंडाधिकारी कार्यालय की व्यवस्था को सराहा

उपायुक्त ज़ब विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर रहें थे तों निरीक्षण क्रम में वे अपर जिला दंडाधिकारी कार्यालय की व्यवस्था एवं साफ- सफाई पुरे कार्यालय को व्यवस्थित रखने के लिए सराहा साथ उन्होंने कहा की अगली ऑल हैंड बैठक में कार्यालय के कर्मी बाकी कार्यालयों को बताएंगे की कैसे कार्यालय को सुंदर और व्यवस्थित रखा जाता है। इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) रांची, राजेश्वर नाथ आलोक भी उपस्थित थे, उन्होंने अपने कार्यालय के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उपायुक्त द्वारा समाहरणालय कार्यालय के औचक निरीक्षण क्रम में वे जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। वहाँ उन्होंने तमाम व्यवस्था का देखते हुए पुरे कार्यालय के कर्मियों की उपस्थिति /कर्मी के आईडी कार्ड/ नेम प्लेट को देखा। इस दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। कार्यालयों में आने वाले आमजनों की समस्याओं के त्वरित निवारण और पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के निर्देश उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कुछ कार्यालयों में व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कार्यालयों में आने वाले आमजनों की समस्याओं के त्वरित निवारण और पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने पर बल दिया।

## राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा



**रांची।** मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार मुलाकात कर राज्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श किया।

### राज्यपाल से मिले वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राजभवन में भेंट की। मंत्री ने राज्यपाल को झारखंड सरकार द्वारा प्रकाशित 16वें वित्त आयोग के ज्ञापन की प्रति भेंट की।

### राज्यपाल से संजय सेठ ने की मुलाकात



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों के मध्य विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई।

## कंप्यूटर शिक्षक के लिए बीएड की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** छात्र नेता अवधेश कुमार ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि हाल ही में जारी की गई कंप्यूटर शिक्षक पद की नियुक्ति अधिसूचना में शैक्षणिक योग्यता के रूप में केवल नियमित डिग्री धारकों को पात्र माना गया है, जबकि अनेक अभ्यर्थियों ने मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से यूजीसी/एआईसीटीई द्वारा मान्य डिग्रियां प्राप्त की हैं। ये अभ्यर्थी तकनीकी रूप से सक्षम एवं योग्य हैं तथा उन्हें भी समान अवसर प्रदान किया जाना न्यायसंगत होगा।

इसके अतिरिक्त, कंप्यूटर शिक्षक पद के लिए बीएड की अनिवार्यता भी युक्तिसंगत प्रतीत नहीं होता क्योंकि देश की किसी भी विश्वविद्यालय में आईटी या कंप्यूटर साइंस विषय में बीएड पाठ्यक्रम संचालित नहीं किया जाता। ऐसे में आईटी क्षेत्र से जुड़े योग्य अभियर्थियों को इस आधार पर वंचित करना तर्कसंगत नहीं है। वहीं मांग किया है कि कंप्यूटर शिक्षक पद पर दूरस्थ शिक्षा में मान्यता प्राप्त संस्थानों से डिग्री प्राप्त उम्मीदवारों को भी पात्रता प्रदान की जाए।

कंप्यूटर शिक्षक पद के लिए बीएड की अनिवार्यता को समाप्त कर केवल तकनीकी/संबंधित डिग्री धारकों को पात्र माना जाए। वहीं मांग किया है कि उक्त विषय में सकारात्मक निर्णय लेकर बड़ी संख्या में तकनीकी रूप से दक्ष उम्मीदवारों को न्याय प्रदान करें।

## पृष्ठ एक के शेष

**पलामू जोन में नक्सल विरोधी अभियान को...**

की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। इसके तहत वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षात्मक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। बहरहाल, बैठक में नक्सलवाद और संगठित अपराध के विरुद्ध चल रहे अभियान को और अधिक प्रभावशाली और सख्त बनाने की दिशा में ठोस रणनीति पर सहमति बनी। आने वाले दिनों में पलामू जोन में एक और निर्णायक कार्रवाई की संभावना को बल मिला है।

**राज्य सरकार सदैव शहीद के...**

नौकरी कर सकती हैं। शहीद की पत्नी ने मुख्यमंत्री से कहा कि उनके बच्चे अभी काफी छोटे हैं। आने वाले दिनों में वे नौकरी करने के संबंध में विचार करेंगी। हिम्मत और धैर्य के साथ आगे बढ़ें, सरकार आपके साथ मुख्यमंत्री ने शहीद की पत्नी से कहा कि आप सभी परिजन हिम्मत और धैर्य के साथ आगे बढ़ें, राज्य सरकार सदैव आपके दुःख-सुख में साथ खड़ी रहेगी। मुख्यमंत्री से शहीद आरक्षी सुनील धान की 65 वर्षीया माता फगनी उरांइन ने कहा कि खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड की कांटी पोहरा टोली में उनका पुश्तैनी घर है, जहां आय के लिए खेतीबाड़ी का साधन उपलब्ध है। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहीद के परिजनों को मिलने वाले सभी प्रकार का लाभ उन्हें शीघ्र प्रदान किए जाए। पेंशन सहित अन्य लाभ से परिजनों को जोड़ें। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि पेंशन राशि दिए जाने से संबंधित प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अगले महीने से संबंधित परिजनों को पेंशन राशि मिलना प्रारंभ हो जाएगा तथा अन्य लाभ दिए जाने संबंधित सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

**आईईडी ब्लास्ट में हुए थे शहीद :** 12 अप्रैल 2025 को चाईबासा जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र के रातामाटी गांव के घने जंगल में नक्सलियों के विरुद्ध विशेष छापामारी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से झारखंड जगुआर के एजी 11 में प्रतिनियुक्त आरक्षी 361 सुनील धान गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। उन्हें बेहतर चिकित्सा के लिए एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया था, जहां इलाज के क्रम में 12 अप्रैल 2025 को वे वीरगति को प्राप्त हुए थे।

**मौके पर ये थे उपस्थित :** मौके पर प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीआईजी झारखंड जगुआर इंद्रजीत महथा, सीनियर डीएसपी झारखंड जगुआर सुनील कुमार रजवार, उपमहाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक रांची अंचल मनोज कुमार, मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक विकास कुमार पांडे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

**भारत का शांत रहना विरोधियों को दिखती...**

लिए अपने प्राणों की आहुति तक देने से पीछे नहीं हटे। आज अंबर को छूता यह तिरंगा ,उनके बलिदान को नमन करता है। देश का गौरव सदा उन वीरों का ऋणी रहेगा। हाल ही में घटित घटना पहलगाम मैंने देशों के साथ हुए अत्याचार के बदले ऑपरेशन सिंदूर के रूप में दुश्मनों को धूल चाटने पर मजबूर कर दिया।

शीश नवाती हूं नित-नित मैं वीरों के बलिदान को।
प्राण गवा कर जिसने सींचा भारत के सम्मान को।।
नहीं फ़िक्र की जिसने घर आंगन के सुख की यहां कभी।
षड्यंत्र धुआं सब करके धूल चटाया पाकिस्तान को।।


**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

**भूमि बिक्री अनुमति वाद संख्या–117/2025**

**आम इस्तेहार**

आवेदिका लीलावती देवी पति–अवधेश कुमार पासवान, सा0–दिरिदाग, पो0–झाबर, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार द्वारा चन्दा कुमारी रंजन, पति–मनोज कुमार सा0+पो0+ थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री के लिए अनुमति हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा– 46(1–बी) के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

**भूमि का विवरण**

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़ में) |
|---|---|---|---|
| बसिया | 45 | 206 | 0.10 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 355227 (District)25-26*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0आर0ई0पी0, चतरा।**

**ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

पुनर्निविदा सूचना संख्या– Ref No: EE/NREP/CHATRA/16/2023-RE-3

दिनांक– 16.06.2025

1.मद का नामः DMFT योजना अन्तर्गतः–

| क्र॰ सं॰ | ग्रुप संख्या | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 04 | टण्डवा | टण्डवा | टण्डवा | झरी साव के घर से नदी तक नाली ढक्कन सहित पी0सी0सी0 पथ पुलिया व गार्डवाल निर्माण। | 4135525 | 82800 | 5000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.06.2025
3. ई – पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 05.07.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई– पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 07.07.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई– पुनर्निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा।
6. ई– पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं॰ – 9572666229 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा।

PR 355260 NREP(25-26)D



**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**

Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin Code-822132

Email:- nagarpanchayatbisrhampur2010@gmail.com

पत्रांक :– 776/ दिनांक – 16/06/2025

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के पुराने स्वीकृत लंबित पड़े आवास को पूर्ण करने से संबंधित अतिमहत्वपूर्ण सूचना :–

विभागीय पत्रांक 1708 दिनांक– 23.12.2024 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में वैसे सभी लाभुको को सूचित किया जाता है कि अपने अधूरे/लंबित/निर्माणाधीन आवासो को दिनांक 31 दिसंबर 2025 के भीतर निश्चित रूप से पूर्ण कर एक सजग, जागरूक एवं सभ्य नागरिक होने का परिचय दें। उक्त अवधि के बाद आपको अपने संसाधनो से आवास को पूरा करना पड़ सकता है, जिसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी। उक्त अवधि बाद विभाग से राशि अप्राप्त रहने की स्थिति में भुगतान करना संभव नही होगा।

साथ ही उक्त के आलोक में सभी माननीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, आमजनों से भी सहयोग एवं भागीदारी की अपेक्षा रखते हुए अनुरोध है कि ऐसे लाभुको को निर्धारित समयावधि (दिनांक 31 दिसंबर 2025) के भीतर आवास पूर्ण कराने हेतु प्रेरित एवं सूचित करने की कृपा की जाय।

इसे अति–महत्वपूर्ण समझा जाय।

प्रशासक
नगर परिशद् बिश्रामपुर

PR 355223 District (25-26)_D



**जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद्, लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 06 वर्ष 2025–26**

**D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 24.06.2025 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 25.06.2025 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :25.06.2025 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लातेहार जिला अन्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पाण्डेयपुरा में कृषि प्रक्षेत्र कीनामाड में कृषि यंत्र बैंक केन्द्र का CHC (Custom Hiring Center) निर्माण। | 19,47,800 | 39,000 | 5,000 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
11. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 355214 (Rural Development)25-26*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार**

**अति-अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR-09/2025-26 (1st Call) दिनांक 16.06.2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :– | 23.06.2025 अपराहन 03.00 बजे तक। |
| 03 | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 04 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– | 24.06.2025 अपराहन 03:00 बजे तक। |
| 05 | निविदा जमा करने का स्थान | :– | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 24.06.2025 अपराहन 04.00 बजे । |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction for Toilet for Anganbari centre in Govt. Building of Different Blocks of Latehar district for F.Y 2025-26 | LTR-01 | 24 | 849816 | 18000 | 1250 | 21 Days |
| 2 | | LTR-02 | 24 | 849816 | 18000 | 1250 | 21 Days |
| 3 | | MAN-01 | 13 | 460317 | 10000 | 750 | 21 Days |
| | | BRD-01 | 17 | 601953 | 12500 | 1250 | 21 Days |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on notice board of Office
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.
4. उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, लातेहार का पत्रांक– 906 दि0– 29.08.2024 के आलोक में लातेहार जिले में निबंधित सम्वेदक को प्राथमिकता देते हुए कार्य आवंटित किया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार

PR 355213 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड राँची**
**(भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड)**
**कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा**
email – scolohardaga@gmail.com

**अनुदानित दर पर ट्रैक्टर एव अन्य कृषि यंत्र वितरण योजना के लिए आवेदन करने हेतु सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या 695 दिनांक 13.03.2024 एवं राज्यादेश संख्या 08 दिनांक 22.05.2025 एवं भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 413 दिनांक 29.05.2025 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में केन्द्र प्रायोजित **RKVY-RAFTAAR** योजना अन्तर्गत **Sub Mission on Agricultural Mechanization (SMAM)** उपयोजना के तहत् ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि यंत्रों के वितरण की योजना।

1 कृषि उपकरण बैंक की स्थापना की योजना :–

(क) उक्त योजना का कार्यान्वयन झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (**JSLPS**) द्वारा गठित सक्षम महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किया जायेगा। **JSLPS** द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों की सूची उपलब्ध नही करायी गयी है, तो उस स्थिती में **Village Organization (V.O)** अथवा कलस्टर फेडरेशन/सहकारी समिति/कृषक उत्पादक संस्थान (**FPOs**), जलछाजन समिति, लैम्पस–पैक्स के माध्यम से योजना का कार्यान्वयन किया जायेगा।

(ख) जिन कृषक समूहों एवं कृषकों द्वारा पूर्व में विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी केन्दीय प्रायोजित/राज्य योजना के माध्यम से कृषि यंत्र प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोडकर ही अन्य कृषि यंत्रो के लिए पात्रता होगी।

(ग) प्राप्त आवेदनों की जाँचापरान्त उन पर संबंधित ग्राम सभा से अनुशंसा प्राप्त करके संबंधित जिलों के उपयुक्तो की अध्यक्षता में गठित चयन समिति का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।

| कृषि उपकरण बैंक की स्थापना का लोहरदगा जिला का कुल लक्ष्य | लागत राषि प्रति कृषि उपकरण बैंक | अनुदान प्रति कृषि उपकरण बैंक |
|---|---|---|
| 04 | 10.00 (राषि लाख में) | लागत का 80 प्रतिषत अधिकतम 8.00 लाख (राषि लाख में) |

1 व्यक्तिगत अनुदान पर कृषि यंत्रों का वितरण की योजना :–

(क)अनु0 जाति, अनु0 जन0 जाति, लधु सीमान्त कृषकों एवं महिला लाभूकों को व्यक्तिगत अनुदान पर कृषि यंत्रों का वितरण :–

| Sl No. | Name of Agricultural Machinery/Equipment's | केन्द्रांष | राज्यांष | अधिकतम अनुदान की सीमा | लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tractor 4 WD (08-20 PTO HP) | 4.410 | 2.940 | 2.45 | 3 |
| 2 | Tractor 2 WD (20-40 PTO HP) | 18.00 | 12.00 | 3.00 | 10 |
| 3 | Power Tiller (8 BHP & upto 11 BHP) | 1.20 | 0.80 | 1.00 | 1 |
| 4 | Power Tiller (Above 11 BHP) | 1.44 | 0.96 | 1.20 | 1 |
| 5 | Self-Propelled Power Weeder (5 BHP & Below 7.5 BHP & Above) | 0.45 | 0.30 | 0.75 | 1 |
| 6 | Self-Propelled Rice Transplanter (4 Rows) | 1.02 | 0.68 | 1.70 | 1 |
| 7 | Self-Propelled Crop Reaper (4 Rows) | 0.90 | 0.60 | 0.75 | 2 |
| 8 | Self-Propelled Weeder (Below 2 BHP) | 0.18 | 0.12 | 0.30 | 1 |
| 9 | Self-Propelled Weeder (2 BHP & Below 5 BHP) | 0.24 | 0.16 | 0.40 | 1 |
| | **Tractor (Below 20 BHP) driven equipment's** | | | | |
| 10 | MB Plough (Signal Bottom) | 0.13 | 0.09 | 0.22 | 1 |
| 11 | Cage wheel | 0.18 | 0.12 | 0.15 | 2 |
| 12 | Cultivator | 0.24 | 0.16 | 0.20 | 2 |
| 13 | Multi crop Thresher | 0.24 | 0.16 | 0.40 | 1 |
| 14 | Paddy Thresher | 0.228 | 0.152 | 0.38 | 1 |
| | **Tractor (Above 20–35 BHP) driven equipment's** | | | | |
| 15 | Zero–till Seed drill multi crop (7 tines) | 0.41 | 0.28 | 0.23 | 3 |
| 16 | Seed drill/Zero–till Seed drill (9 tines and above) Above 35 BHP Tractor driven | 0.00 | 0.00 | - | - |
| 17 | Cage wheel | 1.08 | 0.72 | 0.18 | 10 |
| 18 | Cultivator | 1.30 | 0.86 | 0.18 | 12 |
| 19 | Multi crop Thresher | 0.75 | 0.50 | 1.25 | 1 |
| 20 | Paddy Thresher | 0.60 | 0.40 | 1.00 | 1 |
| 21 | MB Plough (Signal Bottom) | 0.21 | 0.14 | 0.35 | 1 |
| 22 | Rotavator (up to 5 Feet) | 0.83 | 0.55 | 0.46 | 3 |
| | **Tractor (Above 35 BHP) driven equipment's** | | | | |
| 23 | Rotavator (6 Feet) | 0.36 | 0.24 | 0.60 | 1 |
| 24 | Rotavator (7 Feet) | 2.10 | 1.40 | 0.70 | 5 |
| 24 | Mini Rice Mill (up to 0.5 TPH) | 0.00 | 0.00 | 1.50 | - |
| 25 | Mini Rice Mill (More than 0.5 TPH & up to 1.0 TPH) | 0.00 | 0.00 | 1.80 | - |
| 26 | Manual sprayer : Knapsack/foot/battery operated sprayer | 0.03 | 0.02 | 0.01 | 5 |
| 27 | Solar operated knapsack sprayer | 0.06 | 0.04 | 0.02 | 5 |
| 28 | Powered Knapsack sprayer/Power Operated sprayer Capacity 8 – 12 Ltr) : <0.75 Hp engine) | 0.09 | 0.06 | 0.03 | 5 |
| 29 | Mini Dal mill (capacity 50 kg per hour) | 0.00 | 0.00 | 1.50 | - |
| 30 | Mini Dal mill (capacity 50 kg per hour & Below 100 kg per hour) | 0.00 | 0.00 | 1.80 | - |
| | **Irrigation equipment's** | | | | |
| 31 | Petrol/Diesel/Electric/Tractor PTO Operated/Portable irrigation pumps up to 15 HP | 1.62 | 1.08 | 0.18 | 15 |
| 32 | Manual sprayer-Knapsack/foot/battery operated sprayer | 0.1620 | 0.1080 | 0.118 | 15 |
| 33 | Solar operated knapsack sprayer | 0.108 | 0.072 | 0.036 | 5 |

लाभुक का चयन :–

- ❖ उक्त योजना का कार्यान्वयन झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (**JSLPS**) द्वारा गठित सक्षम महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किया जायेगा। **JSLPS** द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों की सूची उपलब्ध नहीं करायी गयी है, तो उस स्थिती में **Village Organization (V.O)** अथवा कलस्टर फेडरेशन/सहकारी समिति/कृषक उत्पादक संस्थान (**FPOs**), जलछाजन समिति, लैम्पस–पैक्स के माध्यम से योजना का कार्यान्वयन किया जायेगा।
- ❖ स्वयं सहायता समूहों के गठन में कम से कम 10 से 12 सदस्य होना आवश्यक है। विभागीय संकल्प संख्या 1251 दिनांक 08.05.2012 के आलोक में ही स्वयं सहायता समूहों के वितरण एवं अनुशंसा हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र संलग्न करना होगा।
- ❖ मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि के चयन हेतु वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स, जलछाजन समितियों या अन्य कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिस समूहों के सदस्यों के पास खेती योग्य कुल 10.00 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
- ❖ वैसे समूहों को भी प्राथमिकता दी जायेगी जिस समूहों के सदस्यों में से कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाईसेंस होगा।
- ❖ संबंधित जिलों का भौतिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत क्षेत्र के माननीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुए "जिला स्तरीय समिति" द्वारा स्वीकृत किया जा सकेगा।
- ❖ महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स, जलछाजन समितियों या अन्य कृषक समूहों के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना एवं व्यक्तिगत कृषकों द्वारा कृषि उपकरणों के क्रय एवं आवेदन से पूर्व में ही वास्तविक लगत का 20 प्रतिशत् अंशदान की राशि समूह/कृषक द्वारा बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य भूमि संरक्षण कार्यालय, लोहरदगा को देना होगा। चयन होने के बाद संबंधित को हरहाल में कृषि उपकरण क्रय करना होगा।
- ❖ चयनित कृषक समूहों को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग/भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड, राँची/नोडल पदाधिकारी के द्वारा उपलब्ध कराये जाने की स्थिति में उन्होंने उक्त प्रपत्र में भी आवेदन पत्रों का लिखित में जमा करना होगा, तदोपरान्त ही उनका दावा को मान्य होगा।
- ❖ चयनित महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स, जलछाजन समितियों या अन्य कृषक समूहों के द्वारा अंशदान की राशि संबंधित आपूर्तिकर्ताओं के बैंक खाते में बैंक ड्राफ्ट या RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करना होगा अगर कोई भी ग्रुप के द्वारा राशि नगद जमा कर दिया जायेगा तो उनका आवेदन को निरस्त कर दिया जायेगा। साथ संबंधित ग्रुप के द्वारा राशि स्थानान्तरण होने के उपरान्त कार्यालय में जमा संबंधित पासबुक का फोटो कोपी की प्रमाण पत्र देना होगा।
- ❖ जिन कृषक द्वारा कृषि यंत्र अनुदान पर लिया जायेगा उस कृषि यंत्र को पुनः पॉच साल के उपरांत ही देय होगी, अथवा विगत पॉच वर्षो में अनुदान पर कृषि यंत्र प्राप्त किया हो पात्रता रद्द हो जाएगी।
- ❖ व्यक्तिगत कृषि उपकरण हेतु कृषक अपना आवेदन दिनांक 23.06.2024 तक भूमि संरक्षण कार्यालय लोहरदगा से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर कार्यालय अवधि में जमा करें।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर संपर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पता – भूमि संरक्षण कार्यालय लोहरदगा, वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा, पिन कोड–835302,
फोन नं0 – 7979050693

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR 355284 Lohardaga(25-26)D

# डब्ल्यूटीसी का नया चक्र टेस्ट क्रिकेट को और भी ज्यादा रोमांचक बनाएगा : जय शाह

**एजेंसी। दुबई**

बीते हफ्ते दक्षिण अफ्रीका ने लॉर्ड्स के मैदान पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 चक्र का फाइनल जीता। अब डब्ल्यूटीसी के नए चरण की शुरुआत पर आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने खिलाड़ियों को शुभ का मनाएं दी हैं। नए चक्र की शुरुआत से ठीक पहले आईसीसी ने शाह के हवाले से एक प्रेस रिलीज जारी की, जिसमें उन्होंने कहा, "विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का तीसरा संस्करण लॉर्ड्स में शानदार तरीके से संपन्न हुआ। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका ने एक बेहतरीन मुकाबला खेला। अब हम अगले चरण का इंतजार कर रहे हैं। यह चैंपियनशिप टेस्ट फॉर्मेट को और भी अधिक जीवंत बनाएगी। नौ प्रतिस्पर्धी देशों में से चार डब्ल्यूटीसी के शुरुआती तीन चक्रों में फाइनल तक पहुंच चुके हैं।"

- 20 जून से भारत-इंग्लैंड की टीमें भी अपने अभियान की शुरुआत करने जा रही हैं।
- भारत इस चक्र में 18 मैच खेलेगा, जो घरेलू और बाहरी मैदान पर बराबर-बराबर होंगे।







- ऑस्ट्रेलियाई टीम 25 जून से अपने नए चक्र की शुरुआत करने जा रही है।
- इंग्लैंड अपने मैदान पर 11 टेस्ट और बाहरी मैदान पर 10 टेस्ट खेलेगा।

उन्होंने आगे कहा, "खिलाड़ियों और फैंस के लिए कॉन्टेक्स्ट लाना, साथ ही उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा, लॉर्ड्स में बड़ी संख्या में लोगों का आना टेस्ट क्रिकेट की निरंतर लोकप्रियता का सबूत है। मैं इसके लिए सदस्य बोर्डों को धन्यवाद देना चाहता हूं। इसके साथ ही खिलाड़ियों को 2027 में अगले फाइनल के लिए अपनी यात्रा शुरू करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।"

डब्ल्यूटीसी चक्र 2025-27 की शुरुआत 17 जून से हो चुकी है। गाले में बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेला जा रहा है। इसके बाद 20 जून से भारत-इंग्लैंड की टीमें भी अपने अभियान की शुरुआत करने जा रही हैं।

भारत और इंग्लैंड आने वाले हफ्तों में हेडिंग्ले, एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और द ओवल में आमने-सामने होंगे।

ऑस्ट्रेलियाई टीम 25 जून से अपने नए चक्र की शुरुआत करने जा रही है। कंगारू टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट खेलने हैं। इस टीम ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के हाथों खिताब जीतने का मौका गंवाया है। पिछले चक्रों की तरह इस बार भी नौ टीमें डब्ल्यूटीसी में हिस्सा लेंगी। प्रत्येक देश दो साल की अवधि के दौरान छह अन्य टीमों के साथ खेलेगा।

ऑस्ट्रेलिया घरेलू मैदान पर 11 मैच खेलेगा।

## आगामी तीसरे सत्र के लिए दो नई फ्रेंचाइजी विश्व पैडल लीग में शामिल

**एजेंसी। मुंबई**



इस साल फरवरी में भारत में सफल शुरुआत करने के बाद, विश्व पैडल लीग (डब्ल्यूपीएल) ने अपने तीसरे सत्र की वापसी की घोषणा की। भारतीय पैडल महासंघ द्वारा समर्थित यह लीग 12 से 16 अगस्त के बीच नेस्को सेंटर में होने वाली है। आगामी सत्र में, डब्ल्यूपीएल चार फ्रेंचाइजी से बढ़कर छह हो जाएगी, जिसमें दो नई टीमें शामिल होंगी। आगामी सत्र में मुंबई के बीचों-बीच पांच दिनों तक एक्शन से भरपूर मैच होने का वादा किया गया है, जिसमें शीर्ष वैश्विक पैडल खिलाड़ी शामिल होंगे।

आगामी सीजन के लिए उत्साह व्यक्त करते हुए, वर्ल्ड पैडल लीग की सह-संस्थापक हेमाली शर्मा ने कहा, "भारत में पैडल का विकास देखने लायक रहा है।

हमारे पिछले संस्करण के सिर्फ़ छह महीने बाद, डब्ल्यूपीएल का सीजन 3 एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि हम प्रतियोगिता के पैमाने का विस्तार कर रहे हैं और खेल के लिए नए मानक स्थापित कर रहे हैं।

## चेल्सी की जीत में चमके पेड्रो नेटो, जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता**



**अटलांटा।** चेल्सी ने लॉस एंजिल्स एफसी के खिलाफ 2-0 से जीत के साथ अपने फीफा क्लब विश्व कप अभियान की शुरुआत की है। चेल्सी के स्टार पेड्रो नेटो ने मुकाबले के 39वें मिनट पर गोल दागकर चेल्सी का खाता खोलने में मदद की। मैच जीतने के बाद पेड्रो ने शुरुआती गोल के लिए निकोलस जैक्सन के पास को श्रेय दिया है।

जैक्सन ने नेटो को एक बेहतरीन पास दिया, जिसका फायदा उठाकर पेड्रो ने ह्यूगो लॉरिस को पीछे छोड़ते हुए गोल दागा। इस गोल ने चेल्सी को अटलांटा में एलएएफसी के खिलाफ टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में शानदार जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई।

जीत के बाद नेटो ने फीफा से कहा, "मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैंने टीम में कई पोजिशन पर खेला है। यह क्लब के साथ मेरा पहला साल है। मैं इस समय जिस तरह से प्रदर्शन कर रहा हूं, उससे सच में खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं इसी तरह आगे भी खेलूंगा।"

अपने गोल के बारे में नेटो ने कहा, "मुझे पास के लिए निको का शुक्रिया अदा करना चाहिए। वह मेरे साथ थोड़ा मजाक कर रहे थे, क्योंकि मैंने (अपने जश्न के दौरान) उनका शुक्रिया अदा नहीं किया था, इसलिए मैं अब निको का बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करूंगा!"

नेटो 2024/25 सीजन के शानदार अंत के बाद क्लब वर्ल्ड कप के लिए यूएसए गए। उनके प्रदर्शन ने चेल्सी को प्रीमियर लीग में चौथा स्थान दिलाने में मदद की।

# स्मृति महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में बनीं नंबर वन

**एजेंसी। दुबई**




अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा मंगलवार को जारी नवीनतम अपडेट के अनुसार, भारत की स्टार स्मृति मंधाना ने नवंबर 2019 के बाद पहली बार महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में उठकर शीर्ष स्थान पर वापस आ गई हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट, वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले दो वनडे में 27 और 28 रन की पारी खेलने के बाद इंग्लैंड की नई कप्तान नैट सिवर-ब्रंट के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं।

वोल्वार्ट के शीर्ष पर छह महीने से अधिक समय तक बने रहने के बाद मंधाना अब 727 रेटिंग अंकों के साथ आराम से बैठी हैं। भारत की स्टार बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की हाल ही में त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल के दौरान अपने करियर का 11वां शतक बनाया। वोल्वार्ट की टीम की साथी, टैजमिन ब्रिट्स तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में अपने अर्धशतक की बदौलत पांच पायदान ऊपर चढ़कर 27वें स्थान पर पहुंच गईं, जो वर्तमान में दक्षिण अफ्रीका द्वारा बारबाडोस में दूसरे मैच में मेजबान टीम को 40 रनों से हराने के बाद बराबरी पर है। वेस्टइंडीज की जोड़ी शेमेन कैम्पबेल (सात पायदान ऊपर 62वें स्थान पर) और कियाना जोसेफ (12 पायदान ऊपर 67वें स्थान पर) ने भी वनडे बल्लेबाजों की सूची में बढ़त हासिल की है।

अन्य बदलावों में, पूर्व प्रोटियाज कप्तान, सुने लुस ने दूसरे मैच में 76 रन बनाए और बल्लेबाजों की सूची में सात पायदान ऊपर चढ़कर 42वें स्थान पर पहुंच गईं। इस बीच, वेस्टइंडीज की सलामी बल्लेबाज कियाना जोसेफ ने अपने पहले मैच में 60 रनों की पारी खेली और 12 पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त 67वें स्थान पर पहुंच गईं। वेस्टइंडीज की स्पिनर एफी फ्लेचर ने गेंदबाजों की सूची में सबसे महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वेस्टइंडीज के हालिया मुकाबले में चार विकेट लिए और चार पायदान की छलांग लगाकर वनडे गेंदबाजों की सूची में 19वें स्थान पर पहुंच गईं। इस सूची में अभी भी इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर हैं।

> भारत की स्टार बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की हाल ही में त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल के दौरान अपने करियर का 11वां शतक बनाया।

## नीदरलैंड्स की नेपाल पर जीत



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्लास्गो में सोमवार को एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला जब नीदरलैंड्स-नेपाल मैच तीसरे सुपर ओवर में पहुंच गया जहां पर नीदरलैंड्स ने यह रोमांचक मैच जीता। यह पहली बार है जब पुरुषों के पेशेवर क्रिकेट टी20 या लिस्ट ए मैच तीसरे सुपर ओवर में पहुंचा है। यह नीदरलैंड्स की टीम थी जो इस रोमांचक जंग में अंत में शीर्ष पर रहकर जीती।

नेपाल को आखिरी ओवर में जीत के लिए 16 रन चाहिए थे। नंदन यादव ने तेज गेंदबाज काइल क्लीन पर 2,1,4, 2, 2, 4 रन बनाते हुए मैच को पहले सुपर ओवर में ला दिया। इसके बाद बायें हाथ के स्पिनर डेनियल डोरम को सुपर ओवर दिया गया, जिसमें कुशल भुर्तल ने उन पर दो छक्के और एक चौका लगाते हुए 19 रन बना लिए। डोरम सामान्य समय में चार ओवर में केवल 14 रन देकर तीन विकेट ले गए थे। इसके बाद माइकल लेविट ने पहली गेंद पर छक्का और मैक्स ओ'डाउड ने आखिरी दो गेंद पर छक्का और चौका लगाते हुए मैच को दूसरे सुपर ओवर में पहुंचा दिया।

इसके बाद ललित राजबंशी पर पहली तीन गेंद पर दो छक्के लगे और फिर नीदरलैंड्स ने सुपर ओवर नंबर दो में 17 रन बनाए। रोहित पोडल ने इसके बाद पहली गेंद पर छक्का लगाया और फिर दिपेंद्र सिंह ऐरी ने चौका लगाया और अब आखिरी गेंद पर सात रन चाहिए थे। ऐरी ने क्लीन के ओवर में काउ कॉर्नर पर छक्का लगाते हुए मैच को तीसरे सुपर ओवर में पहुंचा दिया। ऑफ स्पिनर जैच लायन-कैचेट ने तीसरे सुपर ओवर की शुरुआत की और पौडल, रुपेश सिंह के विकेट निकाले और नेपाल एक भी रन नहीं बना पाया। इसके बाद संदीप लामिछाने पर लेविट ने लांग ऑन पर छक्का लगाते हुए टीम को रोमांचक जीत दिलाई। इससे पहले 152 रनों के लक्ष्य का बचाव करते हुए बायें हाथ के तेज गेंदबाज बेन फ्लेचर ने अपने टी20 करियर की शानदार शुरुआत की। उन्होंने लोकेश बाम को विकेट के पीछे आउट कराया।

## विश्व कप के बाद वनडे फॉर्मेट से संन्यास लेंगी न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान सोफी डिवाइन ने वनडे फॉर्मेट से रिटायरमेंट का ऐलान किया है।



सोफी इस साल के अंत में महिला क्रिकेट विश्व कप के समापन के साथ वनडे फॉर्मेट को अलविदा कहेंगी। यह विश्व कप भारत और श्रीलंका में खेला जाना है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने सोफी डिवाइन की ओर से एक बयान साझा किया है, जिसमें उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि मेरे लिए कदम पीछे खींचने का सही समय आ गया है। मैं बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं कि मुझे इसमें एनजेडसी का समर्थन मिला है।

## अर्श के हौसलों का 'दीप' इंग्लैंड में जलने के लिए पूरी तरह से तैयार

**नई दिल्ली।** युवा भारतीय टीम का सबसे बड़ा और पहला टेस्ट 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट से होने जा रहा है। इस युवा टेस्ट टीम में पहली बार चुने गए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर जसप्रीत बुमराह के कार्य प्रबंधन को देखते हुए अधिक जिम्मेदारी हो सकती है लेकिन इस जिम्मेदारी के लिए उन्होंने पिछले दो साल से कड़ी मेहनत की थी और उनके कोच जसवंत राय को लगता है कि अब उसको अमलीजामा पहनाने का समय आ गया है। ईएसपीएन क्रिकइंफो से बातचीत के दौरान राय ने कहा, "अर्शदीप जब अंडर-19 विश्व कप जीते थे तो उस समय टीम के कोच राहुल द्रविड़ थे। राहुल जानते थे कि अर्शदीप में आगे आने वाले समय में लाल गेंद क्रिकेट में भी लंबा खेलने की क्षमता है। इसके बाद जब अर्शदीप सिंह सफेद गेंद क्रिकेट खेले तो राहुल तब टीम इंडिया के ही कोच थे और उन्होंने अर्शदीप की तरक्की को करीब से देखा था।

## कनाडा ग्रां प्री 2035 सीजन तक कैलेंडर पर रहेगी

**लंदन।** फार्मूला 1 ने घोषणा की है कि प्रमोटर और कनाडा और क्यूबेक की सरकारों के साथ एक नए चार साल के समझौते के बाद कनाडाई ग्रां प्री अपने सातवें दशक में दौड़ेगी, जिसके तहत मॉन्ट्रियल में सर्किट गिल्स-विलेन्यूवे 2035 तक कैलेंडर पर रहेगा। कनाडाई ग्रां प्री यूरोप के बाहर आयोजित होने वाली सबसे पुरानी फार्मूला 1 रेस है, जिसका 54वां संस्करण हाल ही में 1967 में इसके उद्घाटन के बाद से आयोजित किया गया है। सर्किट गिल्स-विलेन्यूवे, जिसका नाम दिग्गज कनाडाई फॉर्मूला 1 ड्राइवर गिल्स विलेन्यूवे के नाम पर रखा गया है, 1978 में स्थायी मेजबान बन गया और इसे ड्राइवरों और प्रशंसकों द्वारा इसकी भारी-ब्रेकिंग चिकेन्स, हेयरपिन और वॉल ऑफ चैंपियंस के लिए समान रूप से पसंद किया जाता है। चार मौजूदा ड्राइवर - जॉर्ज रसेल, मैक्स वर्स्टेपेन, लुईस हैमिल्टन और फर्नांडो अलोंसो - सभी ने 4.36 किमी सर्किट पर जीत दर्ज की है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत का सेवा निर्यात चमक रहा : फियो

**एजेंसी। नई दिल्ली**

निर्यातकों के शीर्ष निकाय फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने कहा कि भारत के नवीनतम व्यापार आंकड़े देश के सेवा क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन को दर्शाते हैं, जो वैश्विक मांग में कमी, भू-राजनीतिक तनाव और उच्च ब्याज दरों की चुनौतियों के खिलाफ बफर के रूप में काम करना जारी रखता है। वैश्विक आर्थिक प्रतिकूलताओं के बावजूद, भारत के वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर समग्र निर्यात ने मजबूती दिखाते हुए मई 2025 में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। कुल निर्यात मई 2024 के 69.20 बिलियन डॉलर से बढ़कर 71.12 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा, "यह उछाल सेवा निर्यात, विशेष रूप से सॉफ्टवेयर, परामर्श और फाइनेंशियल सर्विस में निरंतर मजबूती के कारण हुआ है।" रल्हन ने कहा, "निर्यातक कठिन वैश्विक माहौल के साथ अच्छी तरह से तालमेल बिठा रहे हैं। खासकर मध्य पूर्व में लॉजिस्टिक्स संबंधी व्यवधानों के बावजूद निर्यात वृद्धि को बनाए रखने की क्षमता इस क्षेत्र के नीतिगत समर्थन का प्रमाण है।" वस्तु और सेवाओं के कुल आयात में मई 2024 के 78.55 बिलियन डॉलर की तुलना में मामूली गिरावट देखी गई, जो मई 2025 में 77.75 बिलियन डॉलर थी। यह आवश्यक इनपुट और सेवाओं के लिए स्थिर घरेलू मांग का संकेत देती है। रल्हन ने बताया कि वस्तुओं के आयात में गिरावट आयात प्रतिस्थापन और घरेलू क्षमता निर्माण में बढ़ती सफलता को दर्शाती है, जो सरकार के आत्मनिर्भरता के प्रयास के साथ जुड़ा है। निर्यात वृद्धि को बनाए रखने और तेज करने के लिए फियो अध्यक्ष ने ब्याज समानीकरण योजना के माध्यम से एमएसएमई के लिए निरंतर समर्थन की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।



### आने वाले हफ्तों में कम होंगी खाद्य तेलों की कीमतें

**नई दिल्ली।** घरेलू खुदरा बाजार में आने वाले हफ्तों में खाद्य तेलों की कीमतों में गिरावट हो सकती है। इसकी वजह रिफाइनर्स की ओर से लागत में कमी को ग्राहकों को हस्तांतरित करना है। 2025 की पहली छमाही में वैश्विक स्तर पर मूल्य वृद्धि और मुद्रा के मूल्य में कमी के कारण खाद्य तेलों की कीमतों में कमी देखी गई थी। केयरएज द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया कि खाद्य तेलों की कीमतों में कमी आने की संभावना की वजह सरकार द्वारा 30 मई को कस्टम ड्यूटी में कटौती करना है।

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची
पारिस्थितिक संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में गो सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं संभावनाए विषय पर कार्यशाला सह संगोष्ठी
दिनांकः–19.06.2025 से 20.06.2025
उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि
श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की
अध्यक्षता
राजीव रंजन प्रसाद
अध्यक्ष, झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची
गरिमामयी उपस्थिति
राजू गिरी
उपाध्यक्ष, झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची
विशिष्ट अतिथि
अबुबकर सिददीक पी०, सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार
श्रीमती किरण पासी, निदेशक पशुपालन, झारखण्ड रांची
व्याख्यान हेतु मुख्य वक्ताओं की सूची
श्री सुनील मानसिंहका, डॉ० वल्लभभाई कथीरिया, डॉ० सत्यप्रकाश वर्मा, श्री देवाराम पुरोहित, श्री मनोज कुमार, ई० गौरव गुप्ता, श्री मदन कुशवाहा, श्री सिद्धार्थ जायसवाल, श्री अजय भरतिया, डॉ० सुदर्शन विश्वास, श्रीमती किरण पासी, डॉ० आर० के० पुंडीर, डॉ० अखिलेश पाण्डेय एवं डॉ० एस० के० मित्तल
स्थान : पशुपालन भवन सभागार, हेसाग हटिया, रांची
निवेदक
सचिव, झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची
PR No. 355100 (Animal Husbandry) 2025-26